नई दिल्ली
नई दिल्ली सोमवार 23 दिसंबर 2019
पौष मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 23, अंक : 277
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 12.0
न्यून. 6.6

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

09 विक्रम के हौसले की उड़ान देख दिव्यांगता 'नतमस्तक'

विचार पेज
08 पाक न्याय व्यवस्था और फौज

खबर संक्षेप

बारामुला-उड़ी हाईवे पर साजिश नाकाम

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से आतंकियों की नापाक हरकत का पर्दाफाश हुआ है। सुरक्षाबलों ने रविवार को बारामुला-उड़ी हाईवे पर सैन्य वाहन उड़ाने की साजिश को नाकाम किया गया है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में बारामुला-उड़ी हाईवे पर रोड ओपनिंग पार्टी को संदिग्ध वस्तु मिली, जिसके बाद पार्टी ने तत्काल प्रभाव से बम स्क्वॉड को मौके पर बुलाया। जांच करने पर पता चला कि वह संदिग्ध वस्तु आईईडी थी, जिसे बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय कर दिया। बताया जा रहा है कि बारामुला के बाहरी इलाके में यह आईईडी लगाया गया था।

मुंबईः बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के विले पार्ले इलाके में रविवार शाम को एक बहुमंजिला मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल की 7-8 गाड़ियां पहुंच गई हैं। लाभ श्रीवली नामक 13 मंजिला इमारत के 7वीं और 8वीं मंजिल में आग लगी है। जानकारी के मुताबिक, कई लोगों के इमारत में फंसे होने की आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। 17 दिसंबर को मुंबई के घाटकोपार इलाके में 12 मंजिला इमारत में लगी थी।

बुखार की वजह से राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं होंगे अमिताभ

मुंबई। बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन ने रविवार को कहा कि वह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे क्योंकि उन्हें बुखार है। बच्चन (77) ने ट्विटर पर यह विचार साझा किया। उन्हें नयी दिल्ली में सोमवार को होने वाले इस समारोह में 2018 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाने वाला है। बच्चन ने ट्वीट किया कि बुखार है... ! यात्रा की इजाजत नहीं है, दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार में शामिल नहीं हो पाउंगा...बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है...मुझे अफसोस है।

क्यूबा को 40 साल बाद मिला प्रधानमंत्री

हवाना। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज केनल ने 40 साल से भी अधिक समय बाद देश में प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने पर्यटन मंत्री मैनुएल मरेरो क्रूज को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। प्रधानमंत्री का पद 1976 में तत्कालीन क्रांतिकारी नेता फिदेल कास्त्रो ने खत्म कर दिया था। कम्युनिस्ट शासित द्वीप में इसी साल पारित नए संविधान के नियमों के अंतर्गत इसे बहाल किया गया है। मरेरो (66) फिलहाल राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आने वाली कुछ जिम्मेदारियां संभालेंगे।

नजरिया

सीएए को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच पीएम मोदी की पहली रैली

नागरिकता कानून पर रामलीला मैदान में गरजे प्रधानमंत्री मोदी

'एनआरसी की कोई योजना नहीं, विपक्षी दल झूठ बोलकर मुसलमानों को भड़काने में जुटे'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक रैली को संबोधित किया। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच पीएम मोदी की यह पहली रैली थी।

पीएम मोदी ने नागरिकता संशोधन कानून पर न केवल केंद्र सरकार का स्टैंड साफ किया बल्कि विपक्षी पार्टियों पर अल्पसंख्यकों के बीच झूठ फैलाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कांग्रेस और उसके साथियों से, उसकी तरह देश को बांटने की राजनीति करने वाले दलों से कि आप क्यों देश की जनता से झूठ बोल रहे हैं, उन्हें भड़का रहे हैं। मैं उनसे जानना चाहता हूं, क्या जब हमने दिल्ली की सैकड़ों कॉलोनियों को वैध करने का काम किया तो किसी से पूछा क्या कि आपका धर्म है, आपकी आस्था किस तरफ है, आप किस पार्टी के समर्थक हैं। पीएम ने आगे कहा कि नागरिकता संशोधन कानून भारत के किसी नागरिक के लिए, चाहे वो हिंदू हो या मुसलमान, के लिए है ही नहीं। ये संसद में बोला गया है। इस कानून का देश के अंदर रह रहे 130 करोड़ लोगों से कोई वास्ता नहीं है। कांग्रेस और उसके साथी, शहरों में रहने वाले कुछ पढ़े-लिखे अर्बन नक्सल, ये अफवाह फैला रहे हैं कि सारे मुसलमानों को डिटेंशन सेंटर में भेज दिया जाएगा। अपनी शिक्षा की कुछ तो कद्र करिए। एक बार पढ़ तो लीजिए नागरिकता संशोधन एक्ट है क्या? जो इस देश की मिट्टी के मुसलमान हैं, जिनके पुरखे मां भारती की ही संतान थे, उन पर नागरिकता कानून और एनआरसी दोनों का ही कोई लेना-देना नहीं है।

पीएम मोदी ने नागरिकता कानून के विरोध पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमने योजनाएं लागू करने में कभी किसी का धर्म नहीं पूछा, अगर मेरे कामों में भेदभाव की बू आए तो यह देश को बताएं। मैं पसंद नहीं तो मेरे पुतले को जलाओ, लेकिन गरीब की झोपड़ी मत जलाओ। उन्होंने कहा कि नागरिकता कानून के नाम पर भ्रम फैलाया जा रहा है। एनआरसी को लेकर अभी किसी तरह की योजना तैयार नहीं है लेकिन उसके नाम पर मुसलमानों को भड़काने का काम किया जा रहा है।

फोटो : छत्र सिंह

यूपी सरकार ने किया हिंसा में 'बाहरी तत्वों' का हाथ होने का दावा

अब तक 17 लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश सरकार ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ राज य के विभिन्न जिलों में हुई हिंसा में 'बाहरी तत्वों' का हाथ होने का दावा करते हुए रविवार को कहा कि इस सिलसिले में पश्चिम बंगाल के कट्टरपंथी संगठन पीएफआई और सिमी से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि हिंसा में शामिल लोग प्रतिबंधित संगठन सिमी से जुड़े पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के हैं। हिंसा के मामले में इस संगठन से जुड़े छह लोगों को पश्चिम बंगाल के मालदा से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को स्थिति बिगड़ने का जिम्मेदार करार दिया। नये नागरिकता कानून के खिलाफ गत शुक्रवार को कानुपर में हुई हिंसा में एक और व्यक्ति की मौत के साथ राज्य में हिंसक वारदात में मरने वालों की संख्या 17 हो गई है।

पीएम ने ममता पर किया वार, पूछा- इतना क्यों डरी हो दीदी?

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वार करते हुए कहा कि दीदी, अब आपको क्या हो गया? आप क्यों बदल गईं? अब आप क्यों अफवाह फैला रही हो? चुनाव आते हैं, जाते हैं, सत्ता मिलती है चली जाती है, मगर आप इतना क्यों डरी हो। नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और ममता बनर्जी समेत कई नेताओं ने पहले इसके पक्ष में बोला था। पीएम मोदी ने कहा कि पहले मनमोहन, ममता और सीपीएम के प्रकाश करात जैसे नेताओं ने पक्ष में राय दी थी। नागरिकता संशोधन कानून पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले और खुद को भारत का भाग्य विधाता मानने वाले आज जब देश की जनता द्वारा नकार दिए गए हैं तो इन्होंने अपना पुराना हथियार निकाल लिया है- बांटों, भेद करो और राजनीति का उल्लू सीधा करो।

ममता का पलटवार- जनता तय करेगी

इस बीच ममता बनर्जी ने भी पीएम मोदी की टिप्पणी पर पलटवार किया है। ममता बनर्जी ने कहा, मैं जो कहा वह भी पब्लिक फोरम में है और आपने जो कहा है, वह भी जनता के सामने है। जनता यह तय करेगी कि कौन सही है और कौन गलत है। ममता ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी सार्वजनिक तौर पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान को खारिज कर रहे हैं। आखिर कौन भारत के मूल विचार को विभाजित करने का काम कर रहा है।

प्रियंका बोलीं- सबूत मांगने का हक किसी को नहीं

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नागरिकता कानून पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी को नागरिकता का सबूत मांगने का हक नहीं, देश को नागरिकता कानून नहीं चाहिए। प्रियंका ने कहा कि भारत हम सब से मिलकर बना है, कोई कम या ज्यादा भारतीय नहीं है। गरीबों का सीधे तौर पर उत्पीड़न करने वाले इस कानून का हम सड़क से संसद तक विरोध करेंगे। प्रियंका रविवार को अचानक उत्तर प्रदेश के बिजनौर पहुंचीं और संशोधित नागरिकता कानून को लेकर हाल में हुई हिंसा में मारे गए दो व्यक्तियों के परिवारों से मुलाकात की। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने कहा कि वह जिले के नहटौर इलाके पहुंचीं और कानून के नये प्रावधानों को लेकर हाल में हुई हिंसा में मारे गए दो व्यक्तियों के परिवारों से मिलीं।

'मुस्लिमों के पास 150 देशों में जाने का विकल्प, हिंदुओं के पास केवल भारत'



नागरिकता कानून को लेकर देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश इस्लामिक राष्ट्र हैं और 100 से 150 ऐसे देश हैं जिन्होंने स्वयं को इस्लामिक या मुस्लिम देश घोषित किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में कहा कि इन देशों के मुसलमान यदि अपना देश छोड़ते हैं तो उनके पास 100 से 150 विकल्प हैं और वे दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश में शरण ले सकते हैं। गडकरी ने कहा कि लेकिन हिंदुओं, सिखों, भारतीय बौद्धों, ईसाइयों, जैनियों के पास जाने के लिए कोई देश नहीं है। हमारा देश सभी को गले लगाता है।

उधर, टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ हवाई अड्डे पर 'हिरासत' में लिया गया

तृणमूल कांग्रेस के चार सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल को रविवार दोपहर को लखनऊ हवाई अड्डे पर 'हिरासत' में ले लिया गया। पार्टी सूत्रों ने यह दावा करते हुए कहा कि तृणमूल के प्रतिनिधिमंडल को संशोधित नागरिकता कानून को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान उत्तर प्रदेश में मारे गये लोगों के परिवारों से मिलना था। प्रतिनिधिमंडल में शामिल तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य मोहम्मद नदिमुल हक ने कहा कि वह और पार्टी के अन्य सदस्य चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक 'हैंगर' के निकट धरना दे रहे हैं।

तनाव के बीच यूपीएसएसएससी परीक्षाएं स्थगित

नागरिकता कानून को लेकर उत्तर प्रदेश में तनाव का माहौल है। लखनऊ समेत 25 जिलों में 23 दिसंबर यानी सोमवार तक इंटरनेट बैन के बाद अब एक और अहम निर्णय लिया गया है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने 24 दिसंबर को होने वाली जूनियर असिस्टेंट्स और 26 दिसंबर को आयोजित कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की परीक्षा को स्थगित कर दिया है। अब ये परीक्षाएं 4 जनवरी और 10 नजवरी 2020 को होंगी।

विधानसभा चुनाव के नतीजे

झारखंड में आज खुलेगा किस्मत का पिटारा

रांची। झारखंड में 81 सीटों के लिए हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आएंगे। यहां पर भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद ने चुनाव लड़ा है। नतीजे सुबह 8 बजे से आना शुरू हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि शाम 5 बजे तक कौन सा दल या दलों का गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में होगा यह तस्वीर आइने की तरह साफ हो जाएगी। चुनाव के दौरान भाजपा, कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्च समेत सभी दलों ने मतदाताओं को लुभाने की पूरी कोशिश की है। वैसे, भाजपा के लिए यह चुनाव परिणाम न केवल सत्ता में वापसी तय करेंगे, बल्कि पार्टी सांसदों के रिपोर्ट कॉर्ड भी इसी परिणाम से तय होने वाले हैं। भाजपा जहां 'अबकी बार 65 पार' के अपने नारे पर कायम है और फिर से सत्ता पर काबिज होने का दावा कर रही है। वहीं आरजेडी, कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सरकार बदलने और गठबंधन के सत्ता में आने की बात कर रहे हैं।

एफएटीएफ ने पाक से पूछा

प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े मदरसों पर क्या कार्रवाई हुई

इस्लामाबाद। आतंकी गतिविधियों को मिलने वाले धन की निगरानी करने वाली संस्था एफएटीएफ ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर पाकिस्तान से और अधिक स्पष्टीकरण तथा आंकड़े मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने कुछ हफ्तों पहले पेरिस स्थित निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) को एक रिपोर्ट सौंप कर आतंकवाद और धन शोधन पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी थी। एफएटीएफ ने पाकिस्तान को फरवरी 2020 तक 'ग्रे' सूची में रखा है। संस्था ने अक्टूबर में चेतावनी दी थी कि यदि पाकिस्तान 27 सूत्री सूची में शेष 22 बिंदुओं पर अनुपालन नहीं करता है तो उसे 'काली सूची' में डाल दिया जाएगा। पाकिस्तान ने छह दिसंबर को 22 सवालों का जवाब देते हुए एफएटीएफ को एक रिपोर्ट सौंपी थी।

रोहित ने तोड़ा 22 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड...

इंडीज से लगातार 10वीं सीरीज जीती

कटक। भारत ने वेस्टइंडीज को तीन वनडे मैच की सीरीज का आखिरी मुकाबले में चार विकेट से हराकर लगातार 10वीं सीरीज अपने नाम की। वेस्टइंडीज ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 316 रन बनाए। जवाब में भारत ने 6 विकेट पर 48.4 ओवर में 316 रन बनाकर मैच जीत लिया। रोहित ने 63 रन की पारी खेली। वे अपनी पारी में 9 रन बनाते ही एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ओपनर बन गए। उन्होंने सनथ जयसूर्या का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित ने केएल राहुल के साथ बतौर ओपनर 122 रन की साझेदारी की। जयसूर्या ने 1997 में बतौर ओपनर 2387 रन बनाए थे। (खेल पेज भी देखें)

---

11 तूफानों की दस्तक से टूटा सवा सौ साल का रिकार्ड

हिंद महासागर में इस साल उठे सर्वाधिक चक्रवाती तूफान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर में इस साल चक्रवाती गतिविधियों की अधिकता के कारण भारत के तटीय क्षेत्रों में बंगाल की खाड़ी से लेकर अंडमान सागर तक 11 चक्रवाती तूफानों की दस्तक ने सवा सौ साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम की चरम गतिविधियों (एक्सट्रीम एक्टिविटीस) से संबंधित मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर के पहले सप्ताह में चक्रवाती तूफान 'पवन' की दस्तक के साथ 2019 में हिंद महासागर में आए चक्रवाती तूफानों की संख्या 11 हो गई जो कि 1893 के बाद सर्वाधिक है। उल्लेखनीय है कि 'पवन', सात दिसंबर को सोमालिया तट से गुजरने के बाद कमजोर पड़ गया था। चक्रवाती विक्षोभ (साइक्लोनिक डिस्टर्बेंस) की सक्रियता को दर्शाने वाली विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल आए 11 चक्रवाती तूफानों में अरब सागर से पांच और बंगाल की खाड़ी से तीन तूफान उठे। इनमें से छह तूफानों की तीव्रता को गंभीर श्रेणी में रखा गया। एक के बाद एक, लगातार 11 तूफानों ने मौसम विज्ञानियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

असमायिक बारिश के रूप में दिखा असर

मौसम वैज्ञानिक डा. कुलदीप श्रीवास्तव के अनुसार चक्रवाती तूफानों की तीव्रता और आवृत्ति में इज़ाफा भारतीय उपमहाद्वीप के मौसम चक्र को प्रभावित करने का स्पष्ट इशारा है। इसके जलवायु परिवर्तन से संबंध के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत अध्ययन के बाद ही इसके दूरगामी परिणाम और प्रभाव के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

1893 में आए थे दस चक्रवाती तूफान

रिपोर्ट के अनुसार इसके पहले हिंद महासागर में सर्वाधिक दस चक्रवाती तूफान 1893 के अलावा 1926, 1930 और 1976 में आए थे। वहीं अरब सागर में 1902 में आए पांच चक्रवाती तूफानों में चार की तीव्रता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई थी। इस लिहाज से अरब सागर इस साल सात चक्रवाती विक्षोभों (साइक्लोनिक डिस्टर्बेंस) का केन्द्र बनने के साथ तुलनात्मक रूप से ज्यादा सक्रिय रहा। इनमें से पांच विक्षोभ ने चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर 'गंभीर' श्रेणी में अपनी मौजूदगी दर्ज की।

'महा' और 'बुलबुल' तूफान ने दिखाया था असर

वहीं, बंगाल की खाड़ी से इस साल तीन चक्रवाती तूफान (पाबुक, फानी और बुलबुल) उठे। हिंद महासागर क्षेत्र में इस साल उठे अन्य चक्रवाती तूफानों में 'वायु' ने जून और 'हिक्का' ने सितंबर में दस्तक दी जबकि नवंबर में अरब सागर से 'महा' और बंगाल की खाड़ी से 'बुलबुल' ने एक साथ अपना असर दिखाया था। इनमें 'महा' की तीव्रता को अति गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया जबकि अक्टूबर में आया 'क्यार' 'सुपर साइक्लोनिक स्ट्रॉम' साबित हुआ।

हैदराबाद दुष्कर्म और हत्या मामला

एम्स ने दूसरे पोस्टमार्टम के लिए बनाई टीम

नई दिल्ली। एम्स ने हैदराबाद के समीप एक महिला पशु चिकित्सक के सामूहिक बलात्कार और हत्या के चारों आरोपियों के शवों का दूसरी बार पोस्टमार्टम करने के लिए तीन फॉरेंसिक डॉक्टरों का दल गठित किया है। ये चारों आरोपी छह दिसंबर को एक कथित मुठभेड़ में मारे गए थे। एक सूत्र ने बताया कि टीम रविवार शाम को तेलंगाना के लिए रवाना होगी और सोमवार को सुबह नौ बजे हैदराबाद के सरकारी गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में दूसरा पोस्टमार्टम करेगी। तेलंगाना के विशेष मुख्य सचिव को भेजे एक पत्र में एम्स ने बताया कि फॉरेंसिक विभाग के प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व वाले दल में डॉ. आदर्श कुमार और डॉ. अभिषेक यादव सदस्य हैं। पोस्टमार्टम में डॉ. वरुण चंद्रा टीम की मदद करेंगे। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने चारों आरोपियों का दूसरा पोस्टमार्टम करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय के पूर्व के आदेश के अनुसार शवों को गांधी अस्पताल में रखा गया है। उच्च न्यायालय में आरोपियों की न्यायेतर हत्याओं और इसे फर्जी मुठभेड़ बताने का आरोप लगाते हुए याचिकाएं दायर की गई थीं।

नागरिकता कानून : शांतिपूर्ण रहा माहौल

पूर्वोत्तर के लोगों ने जंतर मंतर पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर रविवार को एकत्रित हुए पूर्वोत्तर के लोगों ने दावा किया कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनों को हिंदू बनाम मुस्लिम रंग दे दिया गया है और मूल जातीय निवासियों के अधिकारों के लिए लड़ रहे क्षेत्र की आवाज को नजरअंदाज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि छात्रों और नागरिक संस्थाओं के सदस्यों समेत प्रदर्शनकारी पुलिस की 'बर्बरता' से काफी दुखी और परेशान हैं, लेकिन 'हमारा प्रदर्शन अपने अधिकारों के लिए है।'

इस मौके पर मौजूद त्रिपुरा के राजपरिवार के वंशज प्रद्योत देब बर्मन ने कहा कि हम दूसरों को अपना एजेंडा हाइजैक नहीं करने देंगे। हम यहां अपने लोगों के बारे में बोलने के लिए आए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम उनके प्रदर्शन की कद्र करते हैं। हमें जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों से सहानुभूति है। यह मायने नहीं रखता कि आप हिंदू हैं या मुसलमान, सीएए से पूर्वोत्तर में बड़ा जनसांख्यिकी बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि अगर सीएए के जरिए नागरिकता दिए जाने वाले समुदायों की सूची में मुस्लिमों को शामिल कर लिया जाए तो वे प्रदर्शन नहीं करेंगे। लेकिन हम फिर भी प्रदर्शन करेंगे। एक प्रदर्शनकारी डेनिस ने कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों के लिए सीएए का मुद्दा हिंदू और मुस्लिम से कहीं आगे का है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में मूल निवासी लोग आबादी के केवल 30 प्रतिशत हैं। अन्य क्षेत्रों और पड़ोसी देशों के लोग राज्य में आ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सीएए के खिलाफ प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किए गए आरटीआई कार्यकर्ता अखिल गोगोई और अन्यों को रिहा करने की भी मांग की।

पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिये दिल्ली के लोगों को बोला थैंक्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने रविवार को शहर के उत्तर-पूर्वी हिस्से में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिये स्थानीय लोगों को धन्यवाद दिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) वेद प्रकाश सूर्य ने ट्विटर के जरिये लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में दिल्ली पुलिस की मदद के लिये शुक्रिया। इससे पहले शनिवार को भी पुलिसकर्मियों ने शाहदरा जिले के सीमापुरी, गीता कॉलोनी, जगतपुरी, कृष्णा नगर, गांधी नगर और अन्य इलाकों का दौरा कर लोगों को सहयोग करने के लिये धन्यवाद दिया था। सूर्य ने कहा कि रविवार को भी हमने आरएएफ के साथ उत्तर-पूर्वी जिले के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया। हमने इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिये लोगों को धन्यवाद दिया। हम स्थानीय लोगों के संपर्क में हैं और लोगों से पुलिसकर्मियों के साथ सहयोग करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज के लिये बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे, लेकिन हिंसा का एक भी मामला सामने नहीं आया, इसलिये पुलिस ने उन्हें धन्यवाद दिया। इससे पहले मंगलवार को नागरिकता कानून के खिलाफ शहर के उत्तर-पूर्वी जिले में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। उस दौरान पुलिसकर्मियों समेत 21 लोग घायल हो गए थे और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान हुआ था। उन प्रदर्शनों के बाद इलाके में शांति बरकरार है।

नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में निकाला मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बवाना इलाके के कुतुब गढ़ गांव में रविवार को युवाओं ने सीएए के समर्थन में मार्च निकाला। इस दौरान युवाओं ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए कहा कि यह कानून किसी कि नागरिकता छीन नहीं रहा है। मार्च कि अगुवाई कर रहे पहलवान रविन्द्र राणा ने कहा कि कुछ राजनैतिक दल झूठा प्रचार कर देश में आग लगा रहे हैं। देश के कई राज्यों में शान्ति और सौहार्द बिगाडने कि साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि देश हर भारतीय का है पर घुसपैठियों का नहीं। मार्च में विकास, नवीन, राजेश, संदीप, अशोक सहित भारी तादाद में युवाओं ने हिस्सा लिया।

खबर संक्षेप

मशीन में फंसने से कर्मचारी की मौत

नई दिल्ली। केशवपूरम थाना इलाके में एक कर्मचारी की मशीन में फंसने से मौत हो गई। मृतक का नाम सीताराम है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर कंपनी मालिक से पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सीताराम, लॉरेंस रोड इलाके में अपने मामा अजय के साथ किराये के मकान में रहता था। परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं। वह सभी गांव में रहते हैं। सीताराम एक मील में गेहूं पीसने की मशीन पर काम करता था। अजय ने पुलिस को बताया कि दोनों रात करीब आठ बजे ड्यूटी पर गए थे। सुबह करीब 5:30 बजे अचानक बिजली चली गई। बिजली आने के बाद सीताराम फिर से मशीन चलाने मील की तीसरी मंजिल पर चला गया। काफी देर तक न आने के बाद फैक्ट्री में काम करने वाला एक अन्य कर्मचारी शंकर उसे देखने के लिए तीसरी मंजिल पर गया। उसने बताया कि सीताराम मशीन में फंसा हुआ है। सभी कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और सीताराम को मशीन से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

पत्नी ने भाइयों और मां के साथ मिलकर पति पर किया जानलेवा हमला

नई दिल्ली। कृष्णा नगर थाना इलाके में एक पत्नी ने अपने भाइयों और मां के साथ मिलकर अपने पति पर ईंट और सरिये से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल का नाम किशन (32) है। पुलिस ने किशन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, किशन, शंकर एक्सटेंशन, कृष्णा नगर में सपरिवार रहता है। वह प्लंबर का काम करता है। बृहस्पतिवार को घरेलू विवाद को लेकर किशन की उनकी पत्नी नीतू से कहासुनी हो गई। शुक्रवार रात करीब 11 बच्चे वह अपने बेटे के साथ कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान नीतू के भाई गौतम व शेखर अपनी मां के साथ वहां पहुंचे। इससे पहले किशन कुछ समझ पाता उन्होंने किशन पर ईंट और सरिये से हमला कर दिया। किशन के घायल होने के बाद सभी मौके से फरार हो गए। पड़ोसियों ने किशन को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

नई दिल्ली। हर्ष विहार थाना इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक का नाम राहुल अरोड़ा (26) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर खुदकुशी करने का कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, राहुल अरोड़ा, प्रताप नगर, नवल मंदिर के पास सपरिवार रहता था। परिवार में पत्नी नीरज, बेटा और दो बेटियां हैं। राहुल की इलेक्ट्रिशियन की शॉप है। शनिवार शाम को परिजनों ने देखा तो वह गोले की रस्सी के सहारे झूल रहा था। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

सात राज्यों में आतंक मचाने वाला जमशेद गिरोह का बदमाश चढ़ा हत्थे

एटीएम काटकर या उखाड़कर गाड़ी में रखकर ले जाते थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने जमशेद गिरोह के एक ऐसे कुख्यात इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है, जिसने एटीएम लूटकर सात राज्यों में आतंक मचा रखा था। गिरफ्तार आरोपी का नाम वकील उर्फ शकील (27) है। आरोपी पलवल, हरियाणा का रहने वाला है। पुलिस की माने तो आरोपी एटीएम काटकर या उसे उखाड़कर अपनी कार से अपने साथ ले जाते थे। बाद में एटीएम से कैश निकाल लेते थे। मध्य प्रदेश और उत्तर-प्रदेश पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था।

आरोपी ने बताया कि उसने गैंग के बाकी सदस्यों के साथ मिलकर यूपी, एमपी, हरियाणा, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में वारदात को अंजाम दिया है। कई राज्यों की पुलिस उसे 15 मामलों में तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्टल व चार कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। स्पेशल सेल (डीसीपी) प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि मेवात के कुछ बदमाश एटीएम लूटने की घटनाओं में शामिल हैं। इनमें जमशेद नामक गिरोह भी शामिल है। आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया।

टीम ने आरोपियों की तलाश में जगह-जगह छापेमारी की और कई इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की। इसी बीच शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गैंग का कुख्यात बदमाश वकील उर्फ शकील लाडो सराय, दिल्ली के बस स्टैंड के पास आने वाला है। सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से एक पिस्टल व चार कारतूस मिले। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि एटीएम से करोड़ों रुपये लूटने के बाद उसने दिल्ली-एनसीआर में प्रॉपर्टी खरीदी हैं। पुलिस इससे पूछताछ कर खरीदी गई प्रॉपर्टी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

■ मध्य प्रदेश और उत्तर-प्रदेश पुलिस ने रखा था 25-25 हजार का इनाम

बिना गार्ड वाले एटीएम को बनाते थे निशाना

आरोपी ने बताया कि वह बिना गार्ड वाले एटीएम को निशाना बनाते थे। एटीएम में घुसते ही वह सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे या इंक लगा देते थे, ताकि वारदात को अजांम देते हुए कोई उन्हें देख न ले। इसके बाद वह मौके पर एटीएम काटकर या फिर एटीएम उखाड़कर अपने साथ लाई गाडियों की मदद से ले जाते थे।

महिला की गोली मारकर हत्या

वारदात के बाद घर से निकलने के दौरान सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली

सागरपुर थाना इलाके में दो बदमाशों ने एक महिला की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका का नाम विजेंद्री (47) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शव गृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप किराये पर रहने वाले दो युवक पर लगाया है। उनका कहना है कि कुछ दिनों पहले महिला का झगड़ा किरायेदारों से हुआ था। घटना के बाद से वह दोनों गायब हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद आरोपी घर से निकलने के दौरान सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस मृतका के पति से भी पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार, विजेंद्री, दुर्गापुरी, सागपुर इलाके में सपरिवार रहती थी। परिवार में पति कुलदीप और बच्चें हैं। कुलदीप प्रॉपर्टी का काम करता है। विजेंद्री कुलदीप की दूसरी पत्नी थी। उसने अपने मकान के कुछ कमरे किराएदारों को दे रखा थे। शनिवार शाम को करीब 5:45 बजे विजेंद्री अपने घर में अकेली थी। उनके बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों ने गोली चलने और मां की चीखने की आवाज सुनी। मां की आवाज सुनकर बच्चे दौड़कर घर में गए। वहां उन्होंने देखा कि उनकी मां सीढ़ी के पास खून से लथपथ पड़ी हुई है। उसकी गर्दन में गोली लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही कुलदीप भी घर पहुंच गया। उन्होंने विजेंद्री को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

युवक की बहादुरी से दो बदमाश पहुंचे सलाखों की पीछे

नई दिल्ली। जगतपुरी थाना इलाके में तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसका फोन छीन लिया और मौके से भागने लगे। बदमाशों को मौके से भागता देख युवक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने दो बदमाशों को वहीं दबोच लिया, जबकि तीसरा वहां से भाग गया। लोगों ने बदमाशों की पिटाई कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों का नाम सावन दिवाकर और मुकेश है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, यश चौहान (19), अनारकली, जगतपुरी में सपरिवार रहता है। वह एक कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। शुक्रवार को वह कॉलेज से घर आ रहा था। वह दोपहर करीब 2:30 बजे जगतपुरी बस स्टैण्ड पर उतरा। इसके बाद वह पैदल घर की ओर जाने लगा। इसी बीच तीन बदमाशों ने उसे घेर लिया।

रंगदारी के रुपये न देने पर प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। बिंदापुर थाना इलाके में रंगदारी के 50 लाख रुपये न देने पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में घुसकर उनको गोली मार दी वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल का नाम राजेश बंसल (48) है। राजेश को तीन गोलियां लगी है। इसमें दो गोली उनके पेट और एक बाजू में लगी है। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

रामलीला मैदान में धन्यवाद रैली

पूर्ववर्ती कांग्रेस और दिल्ली की वर्तमान आप सरकार पर प्रधानमंत्री का हमला

कच्ची कॉलोनियों के 40 लाख लोगों के जीवन में नया सवेरा लाई भाजपा: मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्ववर्ती कांग्रेस और दिल्ली की वर्तमान आप सरकार पर दिल्ली की मूलभूत समस्याओं को नजरंदाज करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां कहा कि 'पीएम उदय योजना' दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों के 40 लाख से ज्यादा लोगों के जीवन में नया सवेरा लेकर आयी है।

रामलीला मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि चुनाव आते थे तो तारीखें आगे बढ़ाई जाती थीं, बुलडोजर का पहिया कुछ समय के लिए रुक जाता था, लेकिन समस्या वहीं की वहीं रहती थी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आपको इस चिंता से मुक्त करने और इस समस्या के स्थायी समाधान की ईमानदारी और नीयत इन लोगों ने कभी नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि आप सोचिये जिन लोगों पर आप लोगों ने अपने घरों को नियमित कराने के लिए भरोसा किया था, वो खुद क्या कर रहे थे? मोदी ने कहा कि इन लोगों ने दिल्ली के सबसे आलीशान और सबसे महंगे इलाकों में 2 हजार से ज्यादा बंगले, अवैध तरीके से अपने करीबियों को दे रखे थे। उन्होंने कहा कि मुझे संतोष है कि दिल्ली के 40 लाख से ज्यादा लोगों के जीवन में नया सवेरा लाने का एक उत्तम अवसर मुझे और भाजपा को मिला है। दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने किा कि आज दिल्ली में जो राज्य सरकार है, वो यहां की सबसे बड़ी समस्या से आंख मूंद कर बैठी है। उन्होंने कहा कि यहां समस्या पीने के पानी की है। इन लोगों (आप सरकार) के अनुसार पूरी दिल्ली में हर जगह बिसलरी जैसा साफ पानी मिलता है लेकिन क्या स्थिति है, यह सभी को मालूम है। प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि आपको अपने घर, अपनी जमीन, अपने जीवन की सबसे बड़ी पूंजी पर संपूर्ण अधिकार मिला, इसके लिए आपको बधाई। उन्होंने कहा कि जीवन से जब अनिश्चितता निकल जाती है, एक बड़ी चिंता हट जाती है तो उसका प्रभाव क्या होता है, ये मैं आज आप सभी के चेहरों पर देख रहा हूं। आपके उत्साह में देख रहा हूं। मोदी ने कहा कि इतने कम समय में प्रौद्योगिकी की मदद से दिल्ली की 1700 से ज्यादा कॉलोनियों की बाउंड्री को चिह्नित करने का काम पूरा किया जा चुका है। इतना ही नहीं 1200 से ज्यादा कॉलोनियों के नक्शे भी पोर्टल पर डाले जा चुके हैं।

- 1700 से ज्यादा कॉलोनियों की बाउंड्री को चिह्नित
- 1200 से ज्यादा कॉलोनियों के नक्शे पोर्टल पर डाले गए

कच्ची कॉलोनी के लोगों को दलों ने सिर्फ वोट समझा : केजरीवाल

नई दिल्ली। अनधिकृत कॉलोनी के लोगों को राजनीतिक पार्टियों ने सिर्फ वोट समझा। चुनाव आते ही लोगों को लालच दिया कि हम जीत गए तो आपकी कॉलोनी को पक्का कर देंगे। आपकी गलियां पक्की बनवा देंगे। 70 साल तक लोगों को अपमान और राजनीति ही देखने को मिली। यह बात मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिन्दापुर में पॉलीक्लीनिक भवन के उद्घाटन अवसर पर कही। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 1797 कच्ची कॉलोनियां हैं। इसमें से 1281 कच्ची कॉलोनियों में हमने सड़कें भी बनवा दी, गलियां भी बनवा दी, नाली भी बनवा दी, पानी व सीवर की पाइप लाइन डलवा दी। मोहल्ला क्लीनिक भी बन रहे हैं। अभी जितनी कच्ची कॉलोनियां बची हैं, उनमें काम चल रहा है। अगले डेढ़ से दो साल के अंदर बची हुई कच्ची कॉलोनियों में काम पूरा हो जाएगा। उसके लिए हमने ऑर्डर दे दिया है और बजट भी स्वीकृत कर दिया है। अगर हम पांच साल में कर सकते हैं, तो इन्होंने 70 साल में क्यों नहीं किया। आप की सरकार ने पांच साल में लोगों की सुविधाएं बढ़ाई। दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से संबद्ध यह पॉलीक्लीनिक एयर कंडीशन युक्त होगा और इसमे सभी तरह के इलाज मुफ्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पॉलीक्लीनिक में हड्डी, बच्चों, महिलाओं व फिजियोथेरेपिस्ट समेत करीब 7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री सतेंद्र जैन, उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव संजीव खिरवार भी मौजूद रहे।

अब रजिस्ट्री भी करवा कर देंगे : मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरिवाल ने रविवार शाम सोनिया विहार और श्रीराम कॉलोनी वार्ड में सीवर पाइप लाइन बिछाने की योजना का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कच्ची कॉलोनियों में सभी काम करवा दिए हैं। अब रजिस्ट्री भी हम करवा कर देंगे। आज उम्मीद थी कि आप लोगों को कच्ची कॉलोनियो की रजिस्ट्री की सौगात मिलेगी। लेकिन आप लोगों के साथ आज फिर धोखा हुआ। पहले कांग्रेस ने धोखा दिया और आज भाजपा ने भी दे दिया। पहले कांग्रेस झूठे वादे करती थी और अब भाजपा झूठे वादे कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोग इस नाले से बहुत परेशान रहा करते थे। आप सभी की मांग थी कि इस नाले की सफाई की जाए। मुझे बेहद खुशी है कि जल्द ही इस नाले की सफाई का काम शुरू होने वाला है और इसके बाद इस पूरे इलाके को इस नाले की वजह से जो परेशानी होती थी, उससे आप सभी को मुक्ति मिल जाएगी। श्रीराम कॉलोनी और सोनिया विहार कॉलोनी के अंदर सीवर की लाइन पड़ने का काम जल्द शुरू होने वाला है। उसकी भी आप लोगों को शिकायत रहा करती थी। सीवर लाइन पड़ने से भी आप लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

अनधिकृत कॉलोनीवासियों को भाजपा ने भी कांग्रेस की भांति ठगा : सिसोदिया

नई दिल्ली। रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनीवासियों को भाजपा ने भी कांग्रेस की भांति ठगा। प्रैसवार्ता में आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि बड़े ही आश्चर्य की बात है कि पिछले कई हफ्तों से जो भाजपा अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले कम से कम 100 लोगों को मकान की पक्की रजिस्ट्री देने की बात लगातार कर रही थी, रविवार रामलीला मैदान में हजारों लोग यही देखने के लिए एकत्रित हुए, कि अनधिकृत कालोनियों के मकान की पक्की रजिस्ट्री कैसी होगी, परंतु बड़ी ही निराशा के साथ सभी को घर लौटना पड़ा। प्रधानमंत्री ने मंच से भाषण तो दिया परंतु किसी एक व्यक्ति को भी अपने मकान की पक्की रजिस्ट्री नहीं दी गई।

रामलीला मैदान में हुई धोखा रैली : चोपड़ा

नई दिल्ली। अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों को मालिकाना अधिकार देने के लिए रामलीला मैदान में धन्यवाद रैली के नाम पर बुलाया गया लेकिन वहां उनको धोखा मिला। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने नरेला में आयोजित हल्ला बोल रैली के दौरान भाजपा पर उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली के 40 लाख लोगों के साथ धोखा किया और एक भी व्यक्ति को रजिस्ट्री न देकर उनका मजाक उड़ाया है। आयोजित धन्यवाद रैली को 'धोखा रैली' करार देते हुए अध्यक्ष चोपड़ा ने आरोप लगाया कि रैली में लोगों को गुमराह करके रजिस्ट्री देने के लिए बुलाया गया था लेकिन जब लोग वहां से निकले तो वे अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। इस हल्ला बोल रैली में कांग्रेस के कई पदाधिकारी व स्थानीय नेता मौजूद थे।

कौन क्या बोला

आप की सरकार जाएगी और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार आएगी : जावडेकर

धन्यवाद रैली में केंद्रीय मंत्री एवं दिल्ली के चुनाव प्रभारी प्रकाश जावेड़कर ने कहा कि दिल्ली में 45 दिन के बाद चुनाव होना है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली में आप की सरकार जाएगी और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार आएगी। दिल्ली के लोगों को तय करना है कि उन्हें विकास करने वाली सरकार चाहिए या विनाश करने वाली सरकार चाहिए, धारा-370 हटाने वाली सरकार चाहिए या चुनाव देखकर काम करने वाली सरकार चाहिए।

दिल्ली सरकार झूठ और अफवाहों की सरकार है : गोयल

पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा कि दिल्ली सरकार अफवाहों और झूठ की सरकार है। केन्द्र सरकार की योजनाओं को रोककर दिल्ली के लोगों का अहित कर रही है। आज दिल्ली के लोगों को न तो साफ पानी मिल रहा है और न ही शुद्ध हवा मिल रही है। दिल्ली की सड़कें टूटी पड़ी हैं और परिवहन सेवाएं बदहाल हैं, फिर भी केजरीवाल लोगों को झूठे वादे करके लगातार गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इस बार दिल्ली की जनता उनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

मोदी सरकार ने 100 दिनों के अंदर ही वादा पूरा करके दिखाया : पुरी

केंद्रीय मंत्री एवं दिल्ली के चुनाव सह-प्रभारी हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि केंद्र सरकार के बार-बार कहने के बावजूद केजरीवाल सरकार 5 साल में इन कॉलोनियों की बाउंड्री बनाने का काम तक पूरा नहीं कर पाई। पहले 2017 और उसके बाद 2019 में केजरीवाल सरकार ने इसके लिए दो-दो साल का समय मांगा। लेकिन केजरीवाल सरकार ने इस क्रम में कोई भी काम नहीं किया, जिसके बाद मोदी सरकार ने पहल करते हुए यह काम खुद करने का बीड़ा उठाया। जो काम कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकार 21 सालों में नहीं कर पाई उसे केंद्र में भाजपा सरकार बनने के 100 दिनों के अंदर ही पूरा करके दिखा दिया।

केजरीवाल ने दिल्लीवासियों की गाढ़ी कमाई महंगे विज्ञापनों में लगाई: प्रवेश वर्मा

पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि आज का दिन दिवाली से कम नहीं है। मैं दिल्लीवासियों को बधाई देता हूं। ये बताते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है कि अब दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों में लोग अब अपने पक्के मकान में रहेंगे। केजरीवाल ने लोकपाल पर आंदोलन करके पार्टी बनाई, लेकिन मुख्यमंत्री बनते ही पांच सालों में लोकपाल को भूल गये। दिल्ली के लोगों की गाढ़ी कमाई केजरीवाल सरकार ने खुद के प्रचार-प्रसार के लिए महंगे विज्ञापनों में लगा दी और लोगों को गुमराह करते रहे। इसका मुंहतोड़ जवाब दिल्ली के लोग आने वाले विधानसभा चुनाव में देंगे।

मेट्रो फेज-4 को रोक दिया गया है : गुप्ता

नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में गरीब विरोधी केजरीवाल सरकार केंद्रीय योजनाओं पर रोक लगा कर गरीबों को सुविधाओं से वंचित रखती है। मेट्रो फेज-4 को रोक दिया गया है। दिल्ली के विकास में सबसे बड़ी बाधा दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री केजरीवाल ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वादा है जहां झुग्गी वहीं मकान, इसलिए गरीबों की पीड़ा समझते हुए दिल्ली की 1731 कच्ची कॉलोनियों को पास कर दिया।

महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर रही आप सरकार: गंभीर

पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि हम काम करने आए हैं, सिर्फ बोलने नहीं। मेरा लक्ष्य आप लोगों की जिंदगी बेहतर करना है जिसके लिए हमने छह माह में ही नींव रखी है। सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य किया, गाजीपुर लैंडफिल को खत्म करने के लिए काम शुरू किया है। दिल्ली वालों को साफ पानी मिले इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। जो व्यक्ति एक सीट के लिए अपनी ही पार्टी की महिला की इज्जत दांव पर लगा सकता है तो वह महिलाओं की क्या इज्जत करेगा। इसलिए दिल्ली के लोगों ने अब मन बना लिया है आने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट कर केजरीवाल को सत्ता से बाहर करेगी और दिल्ली में भाजपा की सरकार आएगी।

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की हवा और पानी को जहरीला किया : हंसराज हंस

उत्तर-पश्चिम दिल्ली से सांसद हंसराज हंस ने कहा कि रैली में उमड़ा यह जनसैलाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करने आया हैं। 1731 कच्ची कालोनियों को प्रधानमंत्री मोदी ने नियमित करवा कर इन कॉलोनियों में रहने वाले हर व्यक्ति को मालिकाना हक दे दिया है। दिल्ली की सत्ता आज ऐसी सरकार के पास है जिनकी वजह से यह दिल्ली की हवा और पानी जहरीला हो गया। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया।

हम हिन्दू-मुस्लिम का भेद मिटाना चाहते हैं: लेखी

नई दिल्ली से सांसद मीनाक्षी लेखी ने कहा कि हम किस-किस बात के लिए पीएम मोदी का आभार प्रकट करें, अनुच्छेद-370 हटाने के लिए या फिर राम मंदिर के लिए या फिर तीन तलाक के लिए। देश ने खुले मन से केंद्र सरकार के हर फैसले का स्वागत किया है। भाजपा राष्ट्रहित के लिए तत्परता से काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम हिन्दू राष्ट्र नहीं, हम हिन्दुस्तान को हिन्दुस्तान बनाना चाहते हैं। हम हिन्दू-मुस्लिम का भेद मिटाना चाहते हैं लेकिन विपक्ष नागरिकता संशोधन कानून पर अफवाह फैला कर लोगों को भड़का रही है।

बहकावे में नहीं आएं लोग : तिवारी

नई दिल्ली। देश का हिन्दू, मुसलमान, सिख समेत हर कोई अमन पसंद है वह विपक्ष के बहकावे में नहीं आयेगा। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित धन्यवाद रैली के दौरान उक्त बाते कही। इस दौरान तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत और दिल्ली को हिंसा की आग में झोंकने की कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन वो अपने मंसूबे में सफल नहीं होंगे। तिवारी ने भारत माता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय के नारे लगाते हुए कहा कि दिल्ली हमारी माँ के रूप में हैं। दिल्ली हमारी मां है और हम मां को नुकसान नहीं होने देंगे। दिल्ली की पवित्र माटी, धरती, यमुना की जय बोलते हुए कहा कि आज से हमें दिल्ली मैया, यमुना मैया की जय बोलनी चाहिए। इससे पहले तिवारी ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों की आंखों में आंसू थे। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा कार्य कर दिया है जिसके चलते अब सभी को घर बनाने आदि के लिए लोन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी अकेला है जो देश की अन्य सभी पार्टियों की अहितकारी नीतियों से लड़ रहें हैं। तिवारी बोले कि भाजपा जो कहती है वो करती है। दिल्ली सरकार ने पानी नहीं दिया, हवा जहरीली कर दी। पिछले पांच साल में दिल्ली में अब हर जगह समस्याएं हो गई हैं।

कच्ची कॉलोनियों में होगा चहुंमुखी विकास : चहल

कच्ची कॉलोनी हस्ताक्षर अभियान प्रमुख एवं प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि केन्द्र सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण पास हुई कच्ची कॉलोनियों में अब चहुंमुखी विकास होगा। कच्ची कॉलोनियों के 40 लाख से अधिक लोगों के मन में उनके मकान पर बुल्डोजर चलने का डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है। लोगों को बैंकों से लोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

रामलीला मैदान के बाहर दिखी मिनी भारत की झलक

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा के द्वारा रविवार को रामलीला मैदान में आयोजित की गई धन्यवाद रैली में मिनी भारत की झलक देखने को मिली। रामलीला मैदान के बाहर जगह-जगह विभिन्न प्रांतों से आए कलाकार अपने प्रांत का नृत्य और संगीत पेश कर समर्थकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थक इन नृत्यों और संगीत की धुनों पर झूमकर नाच रहे थे।

गौरतलब है कि दिल्ली गेट से पीएम मोदी के समर्थक समूह के साथ पीएम के नारे लगा कर और नगाड़े बजाकर बड़े उत्साह से रामलीला मैदान पहुंचे। रामलीला मैदान के बाहर कई प्रातों का लोक नृत्य का आयोजन भी किया गया। बिहार, यूपी, पंजाब, तमिलनाडु, गुजरात आदि प्रांत के लोकगीतों पर कलाकर नृत्य कर रहे थे। जिन्हें देखकर मोदी समर्थक मंत्रमुग्ध हो गए और जमकर थिरके। वहीं कई जगह बज रहे ढोल नगाड़ों को भी समर्थकों ने बजाया और मोदी के नारे लगाए। रामलीला मैदान के बाहर ऐसा लग रहा था कि पूरे भारत की संस्कृति की झलक उतर आयी हो। दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों से भाजपा नेताओं के लोग रैली में भारी संख्या में शामिल हुए। रामलीला मैदान में भीड़ आलम यह था कि मैदान भी छोटा पड़ गया और लोगों को पीएम का भाषण बीच में छोड़ कर ही बाहर निकलना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में एक दिव्यांग ऐसा पहुंचा जो सिटिजन अमेंडमेंट बिल और नागरिकता संशोधन बिल को लेकर शांति बनाने की अपील कर रहा था। दिव्यांग देवेश ने कहा कि भारत में इस समय माहौल गरमाया हुआ है। लोगों को शांत करने की बेहद जरूरत है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अवैध कॉलोनी और सिटीजन अमेंडमेंट बिल को लेकर साफ किया है कि यह किसी की भी नागरिकता को नहीं छीन रहा है। प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए लोग इतनी बड़ी संख्या में रामलीला मैदान पहुंचे कि रामलीला मैदान खचाखच भर गया। हालत यह थी कि हजारों की संख्या में मोदी समर्थक मैदान के बाहर ही रह गए।

भाजपा नेता-कार्यकर्ताओं में उत्साह

नई दिल्ली। रामलीला मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धन्यवाद रैली में लोगों की भारी संख्या से भाजपा नेता व कार्यकर्ता फूले नहीं समा रहे थे। रामलीला मैदान के बाहर रास्ते में प्रवेश द्वार की तरफ बढ रहे भाजपा नेता, कार्यकर्ता व अन्य लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कोई गेंरूआ रंग की पगड़ी पहने, कोई ई-रिक्शा में समर्थकों के साथ, कोई पीले रंग की टी-शर्ट में, कोई पीएम मोदी के कटआउट के साथ, कोई हाथों में मोदी का प्ले कार्ड लेकर तो कोई पोस्टर, बैनर हाथ में लिए हुए हर-हर मोदी, घर-घर मोदी आदि नारे लगाते हुए रामलीला मैदान की तरफ बढ रहे थें। धन्यवाद रैली में पहुंच भाजपा निगम नेता उत्साह से सरोबार नजर आये। तीनों निगमों के महापौर अवतार सिंह, सुनीता कांगड़ा, अंजू कमल कांत व उत्तरी निगम के पूर्व सदन नेता जयेंद्र डबास, दक्षिणी स्थायी समिति अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, पूर्व महापौर नरेंद्र चावला, दिल्ली देहात के नरेला क्षेत्र से पहुंचे पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, उत्तरी निगम के स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष मोहन भारद्वाज, भाजपा नेता वेदपाल मान आदि अपने समर्थकों के साथ उत्साह से नजर आई। वहीं, नरेला से पूर्व निगम पार्षद केशरानी खत्री इस दौरान नाचते हुए नजर आई। इस दौरान ग्रामीण इलाकों से आये लोगों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समर्थक हैं। मोदी की देश भक्ति और देश हित में लिए गए फैसलों से बहुत खुश हैं। अलीपुर, बवाना, मुंडका, बुराड़ी आदि क्षेत्रों से पहुंचे निगम नेता उत्साह से सरोबार नजर आए।

झलकियां

कड़ी सुरक्षा में हुई रैली, ड्रोन से निगरानी



नई दिल्ली। रामलीला मैदान में रविवार को 'प्रधानमंत्री धन्यवाद रैली' शांति पूर्ण समाप्त हो गई। बता दें कि शुक्रवार को खुफिया एजेसियों ने एसपीजी और दिल्ली पुलिस को इनपुट दिया था कि रैली के दौरान आतंकी भीड़ में घुसकर प्रधानमंत्री पर हमला कर सकते हैं। जैश-ए-मोहम्मद ने कुछ लड़कों को दिल्ली भेज भी दिया है। इसको लेकर पूरी दिल्ली में अलर्ट जारी किया गया था। प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) व एनएसजी कंडोम को सौंपी गई थी। इसके अलावा दिल्ली पुलिस के कमांडो व जवान बाहरी सुरक्षा को संभाले हुए थे। दिल्ली पुलिस के कमांडो अत्याधुनिक हथियार से लैस होकर सिविक सेंटर व आसपास की इमारतों पर तैनात थे। वहीं सिविल ड्रेस में दिल्ली पुलिस के जवान भीड़ में मौजूद हर संदिग्ध व्यक्ति पर नजर रखे हुए थे। एनएसजी कमांडो रैली के दौरान एंटी ड्रोन व एंटीक्राफ्ट से लैस रहे। रामलीला मैदान पर जमीन से आसमान तक सुरक्षा एजेंसियों का कड़ा पहरा था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक आतंकी हमले की आशंका को देखते हुए शनिवार रात से ही रामलीला ग्राउंड और आसपास के इलाकों को सील कर दिया गया था। खोजी कुत्तों और मेटल डिटेक्टर से पूरे ग्राउंड को खंगाला गया था। इसके बाद ग्राउंड को सील कर दिया गया। बाद में मैदान के चारों ओर दिल्ली पुलिस की कड़ी सुरक्षा का पहरा बैठा दिया गया था। ताकि यहां परिंदा भी पर न मार सके। दिल्ली पुलिस के एडिशनल पीआरओ व एसीपी अनिल मित्तल ने बताया कि रैली के दौरान पीएम सिक्योरिटी को देखते हुए 20 कंपनियां, 20 डीसीपी रैंक के ऑफिसर, 1000 लोकल पुलिसकर्मी, एनएसजी का एंट्री ड्रोन स्टाफ, दिल्ली पुलिस के शार्प शूटर एवं कमांडो और सड़क पर ट्रैफिक को मैनेज करने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहें।

जनसैलाब से थम रफ्तार

रैली के दौरान ऐसा जनसैलाब उमड़ा की, मध्य दिल्ली की रफ्तार ही थम गई। रैली में शामिल होने के लिए आम जनता अपने निजी वाहनों, बसों व सार्वजनिक वाहनों से रामलीला मैदान में पहुंचे। सुबह और रैली खत्म होने के बाद मध्य दिल्ली के आसपास यातायात व्यवस्था कुछ समय के लिए चरमरा गई।

खबर संक्षेप

छेड़छाड़ के आरोपी टीचर को छह साल की सजा

फरीदाबाद। नहर पार ग्रेटर फरीदाबाद के एक कॉलोनी में रहने वाली नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को दोषी करार देते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरताज बासवाना की अदालत ने छह साल सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता ने बताया कि शिक्षक नहरपार भारत कॉलोनी में एडवांस कंप्यूटर कोचिंग सेंटर चलाता है। घटना सितंबर 2018 की है। नहरपार की कॉलोनी में रहने वाली एक महिला अपने तीन बच्चों को कंप्यूटर कोचिंग सेंटर में पढ़ने भेजती थी। यहां राहुल नामक व्यक्ति शाम के समय ट्यूशन पढ़ाता था। वह मथुरा के छाता का रहने वाला है। उसने एक बेटी के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास किया। बेटी की शिकायत पर महिला ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस पर सुनवाई के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी मानते हुए छह साल की सजा व 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

फरीदाबाद। सारन थाना क्षेत्र की पर्वतीय कॉलोनी में रहने वाले एक डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। आरोप है कि डॉक्टर तीर्थपाल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। एक राहगीर रवि ने उन्हें गंभीर हालत में बीके सिविल अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि डॉक्टर तीर्थपाल पर्वतीय कॉलोनी में ही अपना क्लीनिक चलाते थे। उनका अपने भाई से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों भाईयों में प्रॉपर्टी का बंटवारा होने के बाद डॉक्टर तीर्थपाल ने अपने भाई के हिस्से का मकान भी उससे खरीद लिया था। मकान का पूरा पैसा लेने के बाद भी उसका भाई मकान की रजिस्ट्री नहीं कर रहा था। इस कारण डॉक्टर काफी दिनों से परेशान थे। एनआईटी में रोज गार्डन के समीप डॉक्टर ने जहरीला पदार्थ खा लिया था।

हरियाणा से लाई जा रही शराब बरामद, दो पकड़े

गाजियाबाद। थाना लिंक पुलिस व आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप डाबर तिराहे के पास से रविवार को चेकिंग के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 120 पेटी अरूणाचल मार्का शराब बरामद की है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक टाटा वाहन बरामद किया है जिसमें यह हरियाणा के सोनीपत से शराब की तस्करी करके ला रहे थे। जिला आबकारी अधिकारी मुबारिक अली ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार तस्करों में गली नंगर दो, शास्त्री कॉलोनी सोनीपत हरियाणा निवासी हरविंद्र व रामबीर है। ये लोग पिछले लंबे समय से उत्तर प्रदेश में शराब लाकर सप्लाई कर रहे थे।

इंश्योरेंस दिलाने के नाम पर साढ़े 13 हजार हड़पे

फरीदाबाद। साइबर ठगों ने मेडिकल इंश्योरेंस दिलाने के नाम पर एसजीएम नगर निवासी युवक से साढ़े 13 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसजीएम नगर निवासी रविद्र खटाना ने पुलिस को बताया है कि उनके पास एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को इंश्योरेंस कंपनी का कर्मी बताया और कम प्रीमियम पर बेहतर मेडिकल इंश्योरेंस देने की बात कही। रविद्र को प्लान अच्छा लगा। ऐसे में उन्होंने फोन करने वाले के कहने पर अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी उसे दे दी। इसके कुछ समय बाद ही रविद्र के खाते से साढ़े 13 हजार रुपये निकाल लिए गए। बदले में कोई इंश्योरेंस भी नहीं मिला। रविद्र ने उसे संपर्क करने की कोशिश की, मगर वह नंबर बंद मिला।

सोशल मीडिया व सार्वजनिक स्थानों पर फलैक्स लगाकर पुलिस करा रही शरारती तत्वों की शिनाख्त

पुलिस की नई मॉडस अप्रेंडी ने उड़ाए बलवाइयों के होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

नागरिकता संशोधन कानून व नेशनल रजिस्टर आफ सिटीजंस के विरोध के नाम पर शुक्रवार को उपद्रव करने वाले शरारती तत्वों की अब शामत आने वाली है। वे चाहे कुछ भी कर लें लेकिन पुलिस की नजर से बचने वाले नहीं है। उन तक पहुंचने के लिए पुलिस ने एक अनोखा रास्ता अख्तियार किया है।

सूची बनाने के साथ साथ पुलिस ने वीडियो से फोटो निकलवार सार्वजनिक स्थानों पर उनकी फलैक्स लगाकर लोगों से उनकी पहचान करने की अपील की है। पुलिस ने इन फलैक्सों पर यह भी लिखा है कि जो व्यक्ति इनकी जानकारी देगा या उपद्रवियों की पहचान बताएगा उसका नाम पता गुप्त रखा जाएगा। इसकी शुरूआत लोनी थाना क्षेत्र से रविवार को की गई है। लोनी के तमाम इलाकों में इस तरह के फलैक्स लगाए गए हैं। इसके अलावा जिला पुलिस के आईटी विभाग ने सोशल मीडिया पर भी माहौल बिगाड़ने में महत्पपूर्ण भूमिका निभाने वाले शरारती तत्वों के फोटो व अन्य सामग्री भी शेयर की है। इसके बाद शरारती तत्वों में खलबली मच गई है।

खासबात यह है कि जिले में ऐसा पहली बार हो रहा है जब पुलिस प्रकार की मॉडस अप्रेंडी का इस्तेमाल कर रही है इससे पहले किसी बड़ी आपराधिक वारदात या आतंकवादी घटना के बाद इस तरह की मॉडस अप्रेंडी का इस्तेमाल किया जाता था।

अमन-चैन कायम कराने में सहयोग करने वाले होंगे सम्मानित

गजियाबाद। नागरिकता संशोधन बिल के विरोध प्रदर्शन के दौरान बिगड़े माहौल को सुधारने में प्रशासन व पुलिस का सहयोग करने वाले समाजसेवियों को जिला प्रशासन शांतिदूत अवॉर्ड देकर उन्हें सम्मानित करेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने ड्यूटी मजिस्ट्रेटों को रविवार को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने इलाकों में ऐसे शांति दूतों की तलाश करें और उनकी सूची बनाकर जिला प्रशासन को भेंजे ताकि उनका सम्मान किया जा सके और समाज में अच्छा संदेश जा सके।

शरारती तत्वों को नहीं बख्शा जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि शरारती तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा चाहे वे कहीं भी छुप जाए। उन्होंने कहा कि इस मसले पर आम जनता सहयोग भी हमे मिल रहा है और लोनी क्षेत्र में लगाई गई फलैक्स का रिस्पांस मिल रहा है लोग गुप्त रूप से सूचनाएं पुलिस को दे रहे हैं।

अधिकारियों ने गाया इकबाल का 'तराना सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा', सुनकर घरों को लौट गए प्रदर्शनकारी

गाजियाबाद में अब बलवा करने वाले लोगों की शामत आने वाली है पुलिस ने वीडियो से फोटो निकलवार सार्वजनिक स्थानों पर उनकी फलैक्स लगाकर लोगों से उनकी पहचान करने की अपील की है। पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। दूसरी ओर भाजपा विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने 29 दिसंबर को सीएए के समर्थन में रैली करने का ऐलान किया है।

घुसपैठियों को बॉर्डर पर छोड़ा जाएगा : नंदकिशोर गुर्जर

गाजियाबाद । एक तरफ जहां नागरिकता कानून व नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजंस का देशभर में विरोध हो रहा है वहीं लोनी के बहुचिंत भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने आगामी 29 दिसंबर को लोनी क्षेत्र के गांव गढ़ी कटैया में दोनों अधिनियम के पक्ष में हुंकार महारैली करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि इस क्षेत्र में रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को बसों में बैठाकर बॉर्डर पर छोडा जाएगा। नंद किशोर गुर्जर रविवार को नवयुग मार्केट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबोधित कर रहे थे।

विरोधी नारे भूल, बोले-हिंदुस्तान जिंदाबाद

गाजियाबाद। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय व एएसडीएम अंजुम खालिद ने मशूहर शायर डॉ. इकबाल द्वारा रचित देश के तराने सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा गाकर लोगों में न केवल देशभक्ति का जज्बा भर दिया बल्कि माहौल को शांत कर दिया और भीड़ में मौजूद लोग भी दोनों अधिकारियों के सुर में सुर मिलाकर गाने लगे और कुछ ही पल में हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए अपने-अपने घर चले गए। पुलिस ने इस वीडियों को रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल किया जिसकी चारों प्रशंसा की जा रही है।

समर्थन में उतरा शहर — शांतिपूर्ण पैदल मार्च कर सीएए को देशहित में बताया

गुरुग्राम। सीएए को लेकर देशभर में मचे कोहराम के बीच अब इसके समर्थन में भी प्रदर्शन आरंभ हो गए हैं। इस कड़ी में गुरुग्राम की जनता ने सड़कों पर उतर कर सीएए का समर्थन किया तथा इसे देशहित में बताया। समर्थन करने वालों में सर्वाधिक संख्या युवाओं की रही। सीएए का समर्थन कर रहे लोगों ने इसका विरोध करने वालों को लताड़ते हुए उन्हें देश के दुश्मन करार दिया। अग्रवाल धर्मशाला चौक पर दोपहर करीब सवा बजे लोगों का हुजुम जुटना शुरू हुआ। गुरुग्राम युवा एकता मंच के संरक्षक सुमित शर्मा की अगुआई में कई राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने इसमें हिस्सा लिया। जैसे ही मार्च आगे बढ़ा, लोग इस कारवां से जुड़ते चले गए। सरकारी अस्पताल के सामने से होता हुआ पैदल मार्च डाकखाना चौक, सदर बाजार से होकर, सदर बाजार मस्जिद चौक, सोहना चौक, गुरुद्वारा के सामने से वापस आग्रवाल धर्मशाला चौक पहुंचा। यहां सुमित शर्मा ने लोगों को सीएए के फायदे गिनाए और इसका विरोध कर रही कांग्रेस के साथ अन्य विपक्षी दलों के साथ इसके विरोध में सड़कों पर उतर कर हिंसात्मक प्रदर्शन करने वाले लोगों को धिक्कारा। सुमित शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के कारण ही आज देश के सामने यह समस्या पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सरकार चलाने के लिए नहीं, बल्कि देश को समस्याओं से मुक्त करने के लिए सत्ता में आई है ।

समर्थन में फरीदाबाद में निकाले गए पैदल मार्च

फरीदाबाद। नागरिकता संशोधन बिल एवं एनआरसी के समर्थन में रविवार को जिले भर में धार्मिक-सामाजिक संगठनों, छात्र संगठनों, हिन्दूवादी संगठनों व आरडब्लयूए के पदाधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों पर पैदल मार्च व समर्थन मार्च निकाले। इसी कड़ी में युवा सैन समाज फरीदाबाद संगठन ने कैब, एनआरसी व पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में एक पदयात्रा का आजोजन किया। यह पदयात्रा बल्लभगढ़ बस स्टैंड से दशहरा मैदान में समाप्त हुई। पदयात्रा की अध्यक्षता युवा सैन समाज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट रविन्द्र सिद्धू ने की। इस अवसर पर युवा सैन समाज के सैकड़ों युवा पदयात्रा में शामिल रहे जिन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से एनआरसी व कैब के पक्ष में पदयात्रा निकाली। साथ ही बाबा साहब भीम राव अम्बेड़कर व महाराजा अग्रसेन की प्रतिमाओं पर पुष्प वर्षा तथा फूल मालाएं भी अर्पित की। सैन समाज के अध्यक्ष कुलदीप सैन ने कहा कि एनआरसी और कैब बिल देशवासियों के पक्ष में है। हमारा सैन समाज इन दोनों बिलों का दिल से समर्थन करता है। साथ ही देश में अराजकता फैलाने वालों को पहले बिल के संबंध में पूरी जानकारी ले लेनी चाहिए न की इस तरह दंगा व उपद्रव कर देश की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाना चाहिए।

'प्रदेश में समान विकास नीति के तहत कराए विकास कार्य'

फरीदाबाद। प्रदेश के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने प्रदेश में समान विकास नीति के तहत विकास कराए है जिसकी बदौलत आज प्रदेश की जनता ने दोबारा भाजपा सरकार लाकर उस विकास के पहिए को निरन्तर जारी रखने का मौका दिया है। शर्मा रविवार को बल्लभगढ़ मेन बाजार में व्यापारियों द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंत्री ने सभी व्यापारियों का धन्यवाद भी किया।

देश की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ाने में सीए की भूमिका अहमः बिड़ला

फरीदाबाद। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की फरीदाबाद शाखाए सेक्टर-20ए के 40 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने आइसीएआइ की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था को आगे बढ़ाने में चार्टर्ड अकाउंटेंट का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने जीएसटी से लेकर कई आर्थिक मुद्दों में अपनी सलाह दी है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था बलवती हुई है। देश के लिए गौरव की बात है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट न सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्थाए बल्कि दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था को भी संभाल रहे हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की भी सेवा कर रहे हैं। हमारी सेना में कई ऐसे जवान हैं, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं।

बोले विधायक राजेश नागर

अब तिगांव के विकास की बाधाएं हो गई दूर

फरीदाबाद। तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि अब तिगांव के विकास की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। अब यहां विकास को कोई नहीं रोक सकता। वह गांव कौराली में आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता की समस्याएं भी सुनीं।

तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि अब तक तिगांव विधानसभा का दुभरग्य था कि सरकार किसी पार्टी की होती थी और विधायक दूसरी पार्टी का होता था, जिसकी वजह से विकास कायार्ें में बाधा आती थी लेकिन अब सभी बाधाएं दूर हो गई हैं।

डबुआ कॉलोनी में वारदात

13 वर्षीय लड़की ने संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाई

फरीदाबाद। डबुआ थाना क्षेत्र के नेहरु नगर कॉलोनी में रहने वाली एक तेरह वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह परिजन को अपने घर में ही चुन्नी व मफलर के फंदे पर लटकी मिली। परिजन ने मामले की सूचना डबुआ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डबुआ पुलिस ने किशोरी के शव को उतार कर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजन को सौंप दिया।

डबुआ थाने की सैनिक कॉलोनी के हेड कांस्टेबल शाहिद खान ने बताया कि परिजनों ने देर रात पुलिस को मामले की सूचना दी थी। किशोरी के पिता शिवानंद ने पुलिस को बताया कि वह पति-पत्नी दोनों एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उनकी तेरह वर्षीय बेटी शनिवार को घर में अकेली थी। शनिवार रात को ड्यूटी से लौटने पर पति-पत्नी ने देखा कि उनकी पुत्री फंदे पर लटकी हुई है।

शोरूम का ताला तोड़ा

चोरों ने लाखों का सामान चुराया

फरीदाबाद। रेडीमेड गारमेंट्स के शोरूम का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर लाखों रुपये का सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने शोरूम मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरएसपीएल शोरूम के संचालक राजीव गुप्ता ने थाना सेक्टर-58 पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह करीब साढ़े आठ बजे शोरूम बंद कर गए थे। सुबह जब वह आए तो शोरूम का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोरों ने काउंटर में रखे करीब दो लाख रुपये नकद समेत 500 चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। इसके बाद आरोपी खिड़की में लगे शीशे को तोड़ कर माल समेत फरार हो गए। पुलिस शिकायत दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

बिल न चुकाने पर कारोबारी नामजद

फरीदाबाद। आलू-प्याज के 80 हजार रुपये का बिल नहीं चुकाने पर डबुआ सब्जी मंडी के आढ़ती ने एक कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने बताया कि यह मुकदमा डबुआ सब्जी मंडी में आढ़ती मुकेश कुमार की शिकायत पर दर्ज हुआ है। मुकेश कुमार ने बताया है कि डबुआ कॉलोनी निवासी मिसरुल कारोबारी है। लंबे समय से वह मुकेश कुमार से आल व प्याज खरीदता आ रहा है। मुकेश के मुताबिक मिसरुल पर उसके 80 हजार रुपये निकलते हैं।

न्यूज डायरी

एआईयूटीयूसी ने दिया आंदोलन को समर्थन

गुरुग्राम। नौकरी बचाने को लेकर होंडा मोटर्स के अस्थायी श्रमिक हजारों की संख्या में पिछले 47 दिनों से कंपनी गेट के सामने धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन व श्रम विभाग उनकी समस्याओं को सुलझा नहीं पा रहा है, जिससे श्रमिकों में रोष व्याप्त होता जा रहा है। धरने पर बैठे श्रमिकों का हौंसला अफजाई करने के लिए अनेक श्रमिक संगठन व संस्थाएं धरना स्थल पर पहुंच रही हैं। श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाली ऑल इंडिया यूटीयूसी की जिला कमेटी के पदाधिकारी कामरेड रामकुमार, श्रवण कुमार, बजीर सिंह व बलवान सिंह आदि धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने धरने पर बैठे श्रमिकों को आश्वस्त किया कि संस्था पूरी तरह से उनके साथ है और उनके शांतिप्रिय आंदोलन को अपना समर्थन देती है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि धरने पर बैठे श्रमिकों की नौकरी बहाल कराई जाए, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक शांति बनी रहे।

जिला अदालतों में शरद अवकाश आज से

गुरुग्राम। जिला अदालतों में शरद अवकाश सोमवार से शुरु हो जाएगा। आगामी दो जनवरी तक जिला अदालतों में अवकाश रहेगा और तीन जनवरी को जिला की सभी अदालतें खुलेंगी। जिला बार एसोसिएशन के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की सभी अदालतें बंद रहेंगी, लेकिन एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट व अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भी अदालत में अपनी सेवाएं देंगे, ताकि आवश्यक कायार्ें का निपटारा किया जा सके। किसी मामले में गिरफ्तार आरोपी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष ही अवकाश के दौरान पेश किया जाएगा। आगामी तीन जनवरी को जिले की सभी अदालतें विधिवत रुप से खुल जाएंगी और नियमित रुप से काम करना शुरु कर देंगी।

नरेश कुमार बने यूनियन के प्रधान

गुरुग्राम। कपारो मारुति एम्पलायज यूनियन के वार्षिक चुनाव श्रमिक नेता बलवीर कंबोज की अध्यक्षता में हुए। जिसमें सभी पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गए। यूनियन के प्रधान पद पर नरेश कुमार को लगातार दूसरी बार चुना गया। एटक के महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने बताया कि सोमदत्त उप प्रधान, हरी प्रकाश शर्मा महासचिव, ओमवीर सहसचिव, नरेंद्र प्रचार सचिव, संजय संगठन सचिव, विजेंद्र कोषाध्यक्ष तथा उन्हें कानूनी सलाहकार बनाया गया है। अनिल पंवार ने सभी चुने गए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एकता का नाम ही यूनियन है। सभी को संगठित रहकर संगठन को मजबूत बनाना चाहिए, ताकि श्रमिकों की समस्याओं का समाधान मजबूती से कराया जा सके। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक एवं बिना किसी विवाद के भी प्रबंधन से समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है। सभी ने होंडा के श्रमिकों के आंदोलन का समर्थन करते हुए उन्हें हर प्रकार का सहयोग देने की घोषणा भी की।

दोहरे हत्याकांड का पर्दाफाश, 25-25 हजार के दो ईनामी गिरफ्तार

गाजियाबाद। थाना इंदिरापुरम पुलिस ने 30 नवंबर की रात वैशाली सेक्टर-3 के एम्ब्रोसिया पैलेस में हुए दोहरे हत्याकांड का रविवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस दोहरे हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपियों में से 25-25 हजार के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरा आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। एसपी सिटी मनीष कुमार मिश्रा ने रविवार की शाम को बताया कि थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने फरार आरोपी मनोज यादव उर्फ फौजी और सुनील यादव को कौशाम्बी बस अड्डे के पास बीडी सिगरेट की गुमठी के पास से शनिवार रात गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि एम्ब्रोशिया पैलेस सेक्टर -3 वैशाली में 30 नवम्बर को अजय यादव की मेहंदी की रस्म की पार्टी थी।

41 कंपनियों की हो चुकी है पहचान

फर्जी फर्म संचालकों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फर्जी कागजों के आधार पर फर्म बनाकर सरकार से इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने की तैयारी कर रही 41 फर्जी कंपनियों का खुलासा पिछले दिनों केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय ने किया था।

विभाग ने इनके बैंक खातों को तुरंत प्रभाव से फ्रीज कर दिया गया है। अब इन कंपनियों को संचालित करने वाले निर्यातकों की विभाग ने धरपकड़ शुरू कर दी है। केंद्रीय जीएसटी विभाग की टीमें दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में छापेमारी कर रही है।

जीएसटी में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पिछले दिनों फरीदाबाद के एनआईटी चार स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्तालय की ओर से सीमा शुल्क कार्यालय व अन्य जांच एजेंसियों की सूचना पर शहर में विशेष जांच अभियान चलाया गया था। एक माह तक चले जांच अभियान में 71 निर्यातकों की जांच की गई। इसमें बिना सामान खरीद-फरोख्त किए फर्जी बिलों के आधार पर सरकारी राजस्व को हानि पहुंचाने का खुलासा हुआ। सूचना के आधार पर सीजीएसटी टीम ने शहर में छापेमारी की। निर्यातकों के दस्तावेज की जांच की व्यापक स्तर पर जांच की गई।

विभागीय कार्रवाई में 41 निर्यातकों ने केवल कागजी दस्तावेज तैयार कर करोड़ों रुपये का आईजीएसटी रिफंड पाने के लिए बिना कोई वास्तविक कारोबार किए फर्जीवाड़ा किया। इन निर्यातकों के जीएसटी पोर्टल पर घोषित व्यापार के पते पर भी फर्जी पाए गए। इनमें कुछ निर्यातक ऐसे भी शामिल हैं, जिन्होंने अन्य व्यक्तियों के दस्तावेजों पर कंपनियां खोली हुई थीं। कंपनी खोलने के साथ ही इनका कारोबार शुरुआती महीनों में ही करोड़ों रुपये का पहुंच गया। इसके अतिरिक्त जीएसटी पोर्टल एवं कस्टम कार्यालयों में अलग-अलग बैंक खातों को तुरंत प्रभाव से फ्रीज कर दिया गया।

सरकार को चपत लगाने की तैयारी में थेः अधिकारी

फरीदाबाद केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय के संयुक्त आयुक्त क्षितेंद्र वर्मा ने बताया कि जांच में 41 कंपनियां फर्जी पाई गई है। ये निर्यातक इनपुट टैक्स क्रेडिट का रिफंड प्राप्त कर सरकार को करोड़ों रुपये की चपत लगाने की तैयारी में थे।

केंद्रीय जीएसटी विभाग की ओर से संचालकों की धरपकड़ जारी है। इसके लिए दूसरे राज्यों के सीजीएसटी विभाग को पत्र लिखा गया है, जिससे की आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो सके।

बेटियों के आदर के लिए करें बेटों को तैयार

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली के सभी स्कूलों के कक्षा 6-12 के विद्यार्थियों के साथ महिला सुरक्षा पर संवाद

एक सभ्य समाज का पता वहां की महिलाओं की स्थिति को देखकर चलता है। आज देश में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध, यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली के सभी स्कूलों में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ मुख्यमंत्री, अरविंद केजरीवाल का एक सवांद और शपथ दिलाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

23 दिसंबर 2019, सुबह 11 बजे से

दिल्ली सरकार

शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

खबर संक्षेप

बोकारो में सुपरवाइजर का शव तालाब में मिला, पुलिस की गाड़ी पर हुआ पथराव

बोकारो। झारखंड के बोकारो शहर में नगर निगम-4 के सुपरवाइजर सुभाष राय का शव मिलने के बाद परिजनों, स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने थाना प्रभारी की गाड़ी पर पथराव कर दिया। माहौल बिगड़ता देख एसपी, डीएसपी समेत भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया है। मामला चीरा चास टीओपी थाना के गांधाजोर का है। एसपी ने कहा है कि सुभाष राय आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। हाल ही में जेल से छूटकर आया था। 15 दिसंबर से वह लापता था। उसके परिजनों ने 17 दिसंबर को उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। वहीं, परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने गश्ती के दौरान 15 दिसंबर की देर रात सुभाष को दौड़ाया था। उसके बाद से ही वह लापता था।

ताजमहल की सुरक्षा बढ़ी, लगातार गश्त जारी

आगरा। नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर देशभर में हो रहे बवाल को देखते हुए ताजमहल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। दो मजिस्ट्रेटों की अलग से ड्यूटी लगाई है। होटलों पर भी खुफिया नजर रखी जा रही है। स्मारक के अंदर और बाहर चौकसी बढ़ा दी गई है। बाहरी जोन में पुलिस की गश्त लगातार जारी है। सभी बैरियरों पर आने, जाने वाले लोगों की चेकिंग की जा रही है। मजिस्ट्रेटों द्वारा इनकी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। वीकएंड पर भीड़ ज्यादा आने की संभावना को देखते हुए सीआईएसएफ के जवानों द्वारा भी सघन चेकिंग की जा रही है। ताजमहल के अंदर सीआईएसएफ के जवान हर सैलानी पर नजर रखे हुए हैं।

अखिलेश ने सपाइयों पर हिंसा भड़काने के लगे आरोप से किया किनारा

'सीएए पर हुई हिंसा के लिए योगी सरकार जिम्मेदार'

सरकार ने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व नौजवानों के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए खुद हिंसा को हवा दी: सपा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ यूपी में हुई हिंसा के लिए राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि सरकार के इशारे पर जानबूझकर आगजनी और हिंसा की गई ताकि जनता को डराया जा सके। अखिलेश ने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने ज्यादती की।

पुलिस ने गाड़ियों में तोड़फोड़ व आगजनी की। यह सब कुछ सरकार के इशारे पर हुआ। जिस प्रदेश का मुख्यमंत्री बदला लेने की बात करता हो उस राज्य की पुलिस निष्पक्ष नहीं हो सकती। सरकार के इशारे पर पुलिस ने जानबूझकर आगजनी की ताकि जनता को डराया जा सके। यह लोकतंत्र में विश्वास ना करने वाली सरकार है।

सरकार द्वारा सपा कार्यकर्ताओं पर हिंसा भड़काने के आरोप संबंधी सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि सपा कार्यकर्ताओं ने हर जगह शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया, मगर सरकार ने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व नौजवानों के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए खुद हिंसा को हवा दी।

गोरखपुर दंगों में हुए नुकसान की भी भरपाई होनी चाहिए

हिंसा में हुई सार्वजनिक संपत्ति की भरपाई दंगाइयों को चिह्नित कर उनकी संपत्ति कुर्क करके किए जाने के सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए सपा मुखिया ने कहा कि फिर तो 2007 के गोरखपुर दंगों में हुए नुकसान की भी भरपाई की जानी चाहिए। उन दंगों में योगी आदित्यनाथ आरोपी थे। जिनके घर शीशे के होते हैं वह दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं मारा करते।

सरकार की बात पर कैसे कर सकते हैं विश्वास!

इस सवाल पर कि सरकार कह रही है कि नया कानून नागरिकता छीनने नहीं बल्कि नागरिकता देने के लिए है, सपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने नोट बंदी के वक्त कहा था कि काला धन देश में वापस आएगा, भ्रष्टाचार कम होगा लेकिन सच्चाई यह है कि भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ गया। ऐसे में नागरिकता कानून को लेकर सरकार की बात पर कैसे विश्वास किया जा सकता है।

भाजपा विधायकों के धरने पर बोले- नए वर्ष में कुछ बड़ा होगा

अखिलेश ने राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कुछ भाजपा विधायकों द्वारा सदन में अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि अगले साल कुछ बड़ा होने वाला है। भाजपा विधायक टी20 मैच खेलने के मूड में हैं। मुझे जानकारी मिली है इसीलिए मैं कह रहा हूं। नए साल में 20-20 का बंपर ऑफर आने वाला है। इस सवाल पर कि भाजपा के कितने विधायक सपा के संपर्क में हैं, अखिलेश ने कहा कि हम तो समर्थन देने वाले रहे हैं। हालांकि उन्होंने मामले पर कोई भी खुलासा नहीं किया।

बिजनौर में प्रदर्शनों में मारे गए व्यक्तियों के परिवारों से मिली प्रियंका गांधी

बिजनौर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को अचानक यूपी के बिजनौर पहुंचीं, संशोधित नागरिकता कानून पर हाल में हुई हिंसा में मारे गए दो व्यक्तियों के परिवारों से मुलाकात की। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने कहा कि वह जिले के नहटौर इलाके पहुंचीं, कानून के नए प्रावधानों पर हाल में हुई हिंसा में मारे गए दो व्यक्तियों के परिवारों से मिलीं। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बताया कि पार्टी महासचिव ने इलाके के लोगों से भी बातचीत की।

कार्यकत्री की 'पिटाई' पर बोलीं - दमन नहीं चलेगा

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी में अपनी पार्टी की महिला कार्यकर्ता की पुलिस द्वारा कथित पिटाई पर रविवार को राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस तरह का दमन नहीं चलेगा। प्रियंका ने सदफ जफर नामक महिला कार्यकर्ता की कथित पिटाई से जुड़ी खबर का हवाला देते ट्वीट किया कि हमारी महिला कार्यकर्ता सदफ जफर पुलिस को बता रही थीं कि उपद्रवियों को पकड़ो, उन्हें यूपी पुलिस ने बुरी तरह से मारा पीटा, गिरफ्तार कर लिया। वह दो छोटे-छोटे बच्चों की मां हैं। ये सरासर ज्यादती है। इस तरह का दमन नहीं चलेगा। हमारी महिला कार्यकर्ता को तुरंत रिहा करिए।

ऑटो रिक्शा में की थी तोड़फोड़, राजद ने 3 कार्यकर्ता किए बाहर

पटना। बिहार में विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भागलपुर जिले के अपने तीन कार्यकर्ताओं को निष्कासित कर दिया। ये सीएए पर बुलाये गये राज्यव्यापी बंद के दौरान उपद्रव में लिप्त पाये गये थे। राजद के प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने तिरुपतिनाथ यादव, मिराज चंद व शहजादा के निष्कासन आदेश शनिवार को जारी किये। यादव भागलपुर में जिला इकाई के अध्यक्ष, चंद युवा इकाई के प्रमुख थे। शहजादा राजद के सक्रिय सदस्य थे। कार्रवाई बंद के दौरान ऑटो रिक्शा में तोड़फोड़ में उनकी संलिप्तता के मद्देनजर की गई है। पार्टी के सख्त निर्देश थे कि बंद के दौरान कोई हिंसा नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस, 5 सदस्यीय महागठबंधन के अन्य घटक दलों ने बंद का समर्थन किया था। बंद के दौरान व्यापक पैमाने पर तोड़फोड़, आगजनी व यातायात बाधित हुआ था।

नुकसान की करेंगे भरपाई: तेजस्वी

ऑटो रिक्शा तोड़फोड़ मामले पर तेजस्वी यादव ने लिखा कि बिहार बंद संबंधित पार्टी के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण कठोर अनुशासनात्मक कारवाई करते हुए जिला अध्यक्ष को पद से हटा दिया गया है। ऑटोरिक्शा वाले को चिह्नित कर पार्टी द्वारा उन्हें हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी।

- बंद के दौरान व्यापक पैमाने पर हुई थी तोड़फोड़

विपक्ष ने झूठे बयान दे उकसाए लोग: दिनेश

लखनऊ। यूपी के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने संशोधित नागरिकता कानून पर राज्य के कई जिलों में हुई हिंसा में बाहरी तत्वों की भूमिका होने का आरोप लगाया है। शर्मा ने रविवार को आरोप लगाया कि हिंसा में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की संलिप्तता है। इसका संबंध प्रतिबंधित संगठन सिमी से है। हिंसा के मामले में मालदा से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार हालात से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। जिन स्थानों पर प्रदर्शनकारियों, पुलिस में झड़पें हुई वहां प्रतिबंधित बोर की करीब 500 खाली कारतूस बरामद किए गए। इससे जाहिर होता है कि प्रदर्शनकारियों ने अवैध हथियारों का इस्तेमाल किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बलवाइयों को हिंसा के दौरान हुए नुकसान की भरपाई सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार करनी होगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल सपा को स्थिति बिगड़ने का जिम्मेदार करार दिया। विपक्ष ने झूठे बयान देकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया।

चिन्मयानंद रंगदारी मामला

जेल से बेल पर विक्रम रिहा

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

स्वामी चिन्मयानंद केस में रंगदारी मांगने के आरोपी विक्रम उर्फ दुर्गेश सिंह को रविवार सुबह जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया। विक्रम की रिहाई का परवाना शनिवार शाम देर से जेल पहुंचा था, इसलिए शनिवार शाम विक्रम की रिहाई नहीं हो सकी।

इसके बाद जेल प्रशासन ने रविवार सुबह विक्रम को जेल से आजाद किया। विक्रम को लेने के लिए उनके परिवार के लोग आए हुए थे। बता दें कि स्वामी चिन्मयानंद से जुड़े दो मुकदमे दर्ज हुए थे। एक मुकदमा छात्रा के पिता की ओर से दर्ज कराया गया था, जिसमें चिन्मयानंद को आरोपी बनाते हुए उन पर अपहरण धमकी देने की धाराएं लगी थीं। बाद में एसआईटी ने मामले की जांच की तो जिनमें 376 सी समेत कई अन्य धाराएं तरमीम कीं। दूसरा मुकदमा वकील ओम सिंह की ओर से दर्ज कराया गया था, जिसमें उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफ चिन्मयानंद से पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की भी जांच एसआईटी ने की और छात्रा, संजय, विक्रम, सचिन को 5 करोड़ रुपए रंगदारी मांगने का आरोपी बनाया। सबसे अंत में चार्जशीट दाखिल करते वक्त इस मामले में दो आरोपी और बनाए गए थे। अभी तक छात्रा, विक्रम, सचिन की जमानत हाईकोर्ट से हो चुकी है, जिसमें छात्रा और विक्रम जेल से रिहा हो चुके हैं। सचिन की रिहाई होनी बाकी है, जैसे ही जमानत सत्यापित होगी व आखया कोर्ट में पेश की जाएगी। सचिन को रिहाई का आदेश दे दिया जाएगा।

- विक्रम को लेने के लिए आए हुए थे परिजन
- शनिवार को देरी से पहुंचा परवाना, इसलिए रविवार को हुई रिहाई
- रंगदारी मामले में सिर्फ सचिन की रिहाई होनी बाकी

स्वामी एक माह से कर रहे बेल पर फैसला आने का इंतजार



इधर, स्वामी चिन्मयानंद की बेल पर फैसला हाईकोर्ट में सुरक्षित है, करीब एक माह से ज्यादा बीतने के बाद भी कोर्ट ने अभी कोई फैसला नहीं दिया

राशिफल 23 दिसंबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

मेष : शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को लाभ होगा। घर की मरम्मत कराने की सोच सकते हैं। शहर से बाहर किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। **शुभ अंक:** 9, **रंग :** मजेंटा।

वृषः सेहतमंद रहने के लिए जिम ज्वॉइन करने की सोच सकते हैं। निजी जीवन की बातें दूसरों के साथ शेयर ना करें। कार्यक्षेत्र पर कोई बड़ा मौका हाथ लग सकता है। **शुभ अंक:** 3, **रंग:** पीच।

मिथुनः धन संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। कार्यक्षेत्र पर अपने काम को लेकर फोकर रहेंगे। परिवार के किसी समारोह में व्यस्त रहेंगे। घर या वाहन खरीदने की सोच सकते हैं। **शुभ अंक :** 2, **रंग:** गुलाबी।

कर्कः सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करें। फिजूलखर्चों को कम करने की कोशिश करें। गृहणियां घर के काम में व्यस्त रहेंगी। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। **शुभ अंक:** 8, **रंग:** सफेद।

सिंहः आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। व्यवसायी लोगों को दिन लाभ दिलाने वाला रहेगा। परिवार के किसी समारोह में व्यस्त रहेंगे। किसी प्रॉप्रर्टी को किराए पर दे सकते हैं। **शुभ अंक:** 4, **रंग:** इलेक्ट्रिक ब्लू।

कन्याः किसी प्रॉप्रर्टी को खरीदने की सोच सकते हैं। पढ़ाई में किसी जूनियर की मदद करेंगे। किसी चीज में निवेश करना पड़ना फायदेमंद रहेगा। धन संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। **शुभ अंक:** 22, **रंग:** लेवेंडर।

तुलाः कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। परिवार का कोई सदस्य आपसे सलाह मांग सकता है। किसी यात्रा पर जाकर अच्छा महसूस करेंगे। पढ़ाई में ध्यान लगाने की जरूरत है। **शुभ अंक:** 1, **रंग :** मरुन।

वृश्चिकः धन लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र पर तरक्की के लिए अपने कांटेक्ट्स को ताजा करें। परिवार के किसी सदस्य को सलाह देने से बचें। प्रॉप्रर्टी संबंधित किसी डील से लाभ होगा। **शुभ अंक:** 7, **रंग :** क्रीम।

धनुः कार्यक्षेत्र पर आज आपका दिन रहेगा। परिवार के किसी बुजुर्ग को लेकर चिंतित हो सकते हैं। प्रॉप्रर्टी संबंधित कामों में देरी हो सकती है। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। **शुभ अंक :** 17, **रंग:** कॉफी।

मकरः परिवार के किसी समारोह में सबकी निगाहें आप पर ही रहेंगी। किसी खूबसूरत जगह घूमने जा सकते हैं। किसी वाहन की खरीददारी करने के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक :** 18, **रंग:** सैंडी ब्राउन।

कुंभ : कार्यक्षेत्र पर चीजें पक्ष में रहेंगी। किसी व्यक्ति से लंबे समय बाद मिलना होगा। परिवार का कोई सदस्य आपसे काफी उम्मीद करता है। धन संबंधित मामलों को लेकर सतर्क रहें। **शुभ अंक :** 11, **रंग:** गुलाबी।

मीनः व्यवसाय में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र पर कोई आपको प्रोत्साहित करेगा। परिवार में किसी भी तरह के गॉसिप से दूर रहें। किसी प्रॉप्रर्टी को बेचने की सोच सकते हैं। **शुभ अंक :** 5, **रंग :** बोटल ग्रीन।

: टिप्स :

1. वैवाहिक जीवन में प्यार बना रहे इसके लिए जरुरी है कि शयनकक्ष में कम्प्यूटर नहीं रखें।
2. पुरानी पत्र-पत्रिका समाचार पत्र या कोई मैनुअल अनावश्यक जमा नहीं रहने दें। इस उपाय से आपको नए मौके मिलते हैं व संपदा बढ़ती रहती है।
2. फ्रिज की सफाई करते रहें। ऐसा करने से आप सांकेतिक रुप में अपने लिए नए अवसर को आमंत्रित और संपन्नता का स्वागत करते हैं।

टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

बिहार में आईडी ब्लास्ट, बेटी की मौत, मां जख्मी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के गया में आईडी ब्लास्ट का मामला सामने आया है। आईडी ब्लास्ट में लड़की की मौत हो गई।

घटना गया जिले के अति उग्रवाद प्रभावित नक्सली इलाके इमामगंज में हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है, घटना की जांच कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची मां के साथ जंगल में जलावन के लिए लकड़ी चुनने गई थी। इस दौरान उसका पैर लैंडमाइन्स पर पड़ गया। इसके बाद धमाका हुआ

जिसमें बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसकी मां घायल हो गई। गांव वाले घटना की सूचना पर जंगल में गए, घायल को गांव लाए। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए माइन्स लगाया था पर चपेट में बच्ची आ गई।

उन्नाव: खुद को आग लगाने वाली रेप पीड़िता की मौत

एजेंसी ▶▶ कानपुर

उन्नाव के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के कार्यालय के बाहर खुद को आग लगाने वाली दुष्कर्म पीड़िता की कानपुर के अस्पताल में शनिवार रात मौत हो गई।

युवती (23) ने आरोप लगाया था कि दुष्कर्म के आरोपी अवधेश सिंह के खिलाफ उसकी शिकायत पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। आत्मदाह करने वाली युवती दावा किया था कि आरोपी ने उससे शादी करने का वादा किया था पर बाद में रिश्ते को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अवधेश सिंह पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था लेकिन बाद में उसे कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

कार्रवाई न होने पर उठाया था सनसनीखेज कदम

- आरोपी अवधेश ने शादी करने का वादा करके किया था युवती का यौन शौषण

वेंटिलेटर पर थी पीड़िता

युवती 80 प्रतिशत से ज्यादा जल गई थी, 16 दिसंबर को वह कानपुर स्थित लाला लाजपत राय हॉस्पिटल में भर्ती हुई थी। डॉक्टरों ने कहा कि महिला के पेट, श्वास तंत्र में सूजन आ गई थी व वह शनिवार सुबह से वेंटिलेटर पर थी। गौरतलब है कि महिला ने 16 दिसंबर को उन्नाव एसपी कार्यालय पर जाकर खुद पर केरोसिन तेल उड़ेल कर आग लगा ली थी। लपटों से घिरी हुई वह कार्यालय में घुस गई थी।

यौन शोषण के लगाए थे आरोप

एसपी कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल आग बुझाकर महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया था, जहां से उसे कानपुर स्थित लाला लाजपत राय अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया था। उन्नाव के पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के अनुसार, महिला का अवधेश के साथ कई सालों से प्रेम संबंध था। महिला ने दो अक्टूबर को अवधेश पर उसका यौन शोषण करने का आरोप लगाकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

डॉ. संजय जायसवाल फिर बने बिहार भाजपा अध्यक्ष

पटना (बिहार)। सामाजिक न्याय, अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने रविवार को राज्य भाजपा की बैठक के दौरान फिर से राज्य पार्टी अध्यक्ष पद पर संजय जशवाल के निर्वाचित होने पर उन्हें प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान केंद्रीय कानून और आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद, बिहार डिप्टी सीएम सुशील कुमार व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह भी मौजूद रहे।

'पशुपालकों को मिलेगी हर संभव मदद'

सारण। जल जीवन हरियाली यात्रा के चौथे चरण के तहत रविवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार सारण जिले के एकमा प्रखंड के परसा पूर्वी पंचायत के तिलकार छपिया गांव के चंवर स्थित विकसित किये गये जलाशय, मत्स्य पालन के अवलोकन के लिये पहुंचे।

उन्होंने जल जीवन हरियाली के तहत किसानों द्वारा विकसित किये गये तालाब, पक्षी विहार, गाय पालन, पशु पालन, मत्स्य पालन के लिये हेचरी प्लांट, बत्तख पालन, तालाब के सौंदर्यीकरण, पौधारोपण, वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा संयंत्र प्लांट, जीविका की ग्राम प्रदर्शनी के अलावे जल संचयन, कृषि सहित अन्य विभागों द्वारा सरकार की विभिन्न विभागों की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने से संबंधित प्रदर्शनियों का अवलोकन व लोकार्पण किया। जल जीवन हरियाली अभियान मिशन मोड में चलायी जायेगी। सीएम ने कुछ चयनित किसानों, पशुपालकों

के साथ मुलाकात की। कृषक व पशुपालक काफी उत्साहित नजर आ रहा थे। उन्होंने कृषकों से कहा कि जल संचय के साथ जल जीवन हरियाली को सफल बनाने के लिए सबका सहयोग अपेक्षित है।

सरकार मत्स्य पालन व पशुपालन के क्षेत्र में कृषकों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। सीएम ने पशुपालन के क्षेत्र में नये आयाम विकसित किये जाने पर भी बल दिया।

रांचीः गणतंत्र दिवस पर फहराए जाएंगे ढाई हजार तिरंगे

रांची। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पिस्का मोड़ से लेकर मेन रोड स्थित काली मंदिर तक 2500 राष्ट्रीय ध्वज 15 फीट के बांस एवं पाइप के सहारे एक साथ फहराया जायेगा। रविवार को पहाड़ी मंदिर यात्री सेड में राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय किया गया। बताया गया कि गणतंत्र दिवस के दिन होने वाले तिरंगा शोभायात्रा में इस वर्ष का ऐतिहासिक दृश्य होगा। इस बार का तिरंगा शोभायात्रा यात्रा पूरे देश में ऐतिहासिक होगा। राष्ट्रीय युवा शक्ति के द्वारा इस वर्ष पिस्का मोड़ चौक से मेन रोड स्थित काली मंदिर तक 2500 (ढाई हजार) राष्ट्रीय ध्वज एक साथ, एक ही समय फहराया जाएगा एवं एक ही साथ राष्ट्रीय गान गाया जायेगा। साथ ही बैठक में सदस्यता अभियान शुरू करने का भी निर्णय किया गया। सदस्यता अभियान के लिए राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय महासचिव नितीन घोष को सदस्यता प्रभारी बनाया गया है।

आराः हंगामा करने वाले परीक्षार्थी हिरासत में भी लिए गए

पर्चा लीक करने का आरोप लगाकर छोड़ी परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नवादा/आरा

बिहार में दारोगा भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की अफवाह पर रविवार को नवादा, आरा में परीक्षार्थियों द्वारा जमकर हंगामा किये जाने की खबर है।

नवादा में एक ओर जहां दारोगा परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगा परीक्षार्थियों ने हंगामा करते हुए परीक्षा का बहिष्कार किया। वहीं, आरा में भी रविवार को दारोगा परीक्षा का पेपर लीक की अफवाह पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा मचाया। जानकारी के मुताबिक आरा में एक केंद्र से कुछ परीक्षार्थी बाहर निकल कर हंगामा करते हुए अन्य को भी परीक्षा का बहिष्कार करने के लिए उकसाने लगे। जिसके बाद वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों द्वारा

कुछ परीक्षार्थियों को हिरासत में लिये जाने की सूचना मिल रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरा में जिला प्रशासन का कहना है कि किसी भी केंद्र पर प्रश्न पत्र लीक नहीं हुई है। बताया गया कि आरा के श्री जैन बाला विश्राम बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय धरहरा केंद्र पर कुछ परीक्षार्थी अफवाह में आकर स्वयं परीक्षा केंद्र से बाहर निकल गये, अन्य परीक्षार्थियों को परीक्षा न देने हेतु प्रेरित करते हुए बहकाने लगे। ऐसे उपद्रवी तत्वों को हिरासत में लिया गया है। डीएम ने सभी परीक्षार्थियों से शांति पूर्ण रूप से परीक्षा देने, अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

बिहार दारोगा परीक्षा में रही सख्ती

गौर हो कि बिहार पुलिस में दारोगा, सार्जेंट व सहायक जेल अधीक्षक के पद पर बहाली के लिए रविवार को प्रारंभिक लिखित परीक्षा हो रही है। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी व्यवस्था की गई है। अनुमान के मुताबिक, प्रारंभिक लिखित परीक्षा में 5 लाख 86 हजार अभ्यर्थियों शामिल होंगे। दो पालियों में लिखित परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली का समय 2.30 बजे से 4.30 बजे तक निर्धारित है।

संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों ने फ्लैगमार्च किया

नागपुर में नागरिकता कानून के पक्ष में निकाला मार्च

एजेंसी ▶▶ नागपुर/लखनऊ/भोपाल

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में रविवार को रैली निकाली गई। इसमें भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, लोक अधिकार मंच समेत कई संगठन शामिल हुए। नागरिकता कानून के विरोध में हुई हिंसा प्रभावित इलाकों में जाने के लिए रविवार को तृणमूल कांग्रेस के चार सांसद लखनऊ पहुंचे, जिन्हें अमौसी एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इनमें पूर्व रेल मंत्री दिनेश त्रिवेदी, सांसद प्रतिमा मंडल, नदीमुल हक, राज्यसभा सांसद नदीमुल हक और सांसद अधीर विश्वास थे।

इससे पहले उत्तर प्रदेश के डीजीपी ओपी सिंह ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को लखनऊ आने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इससे तनाव बढ़ने का खतरा है। लखनऊ के डीएम अभिषेक प्रकाश ने कहा कि कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक प्रदर्शन में संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान की जाएगी। एडीएम नुकसान की जांच करेंगे। 7 दिन के नोटिस के बाद मुआवजा दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेशः 15 जिलों में इंटरनेट बंद

नागरिकता कानून के विरोध में उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बीते 3 दिनों से हिंसक प्रदर्शन हुए। इनमें अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। एहतियात के तौर पर 15 जिलों में इंटरनेट सेवाएं सोमवार दोपहर तक के लिए बंद कर दी गई है। डीजीपी ओपी सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है कि टीएमसी के कुछ नेता लखनऊ आ रहे हैं। हम उन्हें अनुमति नहीं दे सकते हैं। क्योंकि राज्य में धारा-144 लागू है।

संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बल फ्लैगमार्च कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने वाले लोगों की पहचान करके उन पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। प्रदेश में 10 दिसंबर के बाद से अब तक 10,900 के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। 705 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किए गए हैं।

इम्फाल पश्चिम में दो महीने के लिए निषेधाज्ञा लागू

इम्फाल। मणिपुर सरकार ने संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ लगातार जारी प्रदर्शनों के मद्देनजर इम्फाल पश्चिम जिले में दो महीने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट नाओरेम प्रवीण के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार इम्फाल पश्चिम में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत शनिवार शाम साढ़े पांच बजे से निषेधाज्ञा लागू की गई। आदेश में कहा गया है कि पांच या अधिक लोगों का एकत्र होना प्रतिबंधित है। आदेश में कहा गया है कि लाठियां, पत्थर या बिना लाइसेंस के कोई हथियार या आक्रामक गतिविधियों में इस्तेमाल की जा सकने वाली किसी सामग्री को रखने की अनुमति नहीं होगी। इसमें कहा गया है, ''कुछ असामाजिक तत्वों की गैर कानूनी गतिविधियों के कारण पूरे जिले में मानव जीवन एवं सम्पत्तियों और सार्वजनिक शांति को खतरा होने की आशंका है।'' अधिकारी ने बताया कि संशोधित नागरिक कानून के खिलाफ इम्फाल पश्चिम जिले में प्रदर्शनों, रैलियों और धरनों के बाद निषेधाज्ञा लागू की गई है।

राहुल ने कहा- मोदी,शाह पर्दे के पीछे से नफरत फैला रहे, दोनों ने युवाओं का भविष्य तबाह कर दिया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर देश में नफरत फैलाने का आरोप लगाया। राहुल ने ट्वीट कर कहा- प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद कर दी। इन्होंने देश के युवाओं का भविष्य तबाह कर दिया। इनके पास देश के युवाओं के सवालों के जवाब नहीं हैं, इसलिए ये पर्दे के पीछे से देश में नफरत फैला रहे हैं।

राहुल ने कहा कि मोदी और शाह अर्थव्यवस्था में आई गिरावट और रोजगार की कमी पर देश के युवाओं की नाराजगी का सामना नहीं कर पा रहे हैं। युवाओं के सवालों का जवाब न होने पर अब वे देश को बांटने की रणनीति अपना रहे हैं।

नागपुर ...

हरिद्वार ...

जबरन जेल जाता है भीम आर्मी का प्रमुख : मायावती

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने भीम आर्मी के अध्यक्ष चंद्रशेखर पर षड्यंत्र के तहत बसपा के मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए रविवार को लोगों से अपील की कि वे ऐसे स्वार्थी तत्वों से होशियार रहें। मायावती ने किये गये सिलसिलेवार ट्वीट में कहा दलितों का मानना है कि भीम आर्मी का चन्द्रशेखर, विरोधी पार्टियों के हाथों खेलकर खासकर उन राज्यों में जहां बसपा मजबूत है, षड्यन्त्र के तहत चुनाव के करीब वहाँ पार्टी के वोटों को प्रभावित करने वाले मुद्दे पर प्रदर्शन आदि करके जबरन जेल चला जाता है। उन्होंने कहा यह (चंद्रशेखर) यूपी का रहने वाला है, लेकिन संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय नागरिकता पंजी पर यूपी की बजाए दिल्ली के जामा मस्जिद वाले प्रदर्शन में शामिल होकर जबरन अपनी गिरफ्तारी करवाता है, क्योंकि वहाँ जल्दी ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ऐसे सभी स्वार्थी तत्वों, संगठनों और पार्टियों से हमेशा सचेत रहें।

सीएए के प्रावधानों पर सिर्फ 10 लाइन बोलकर दिखाएं राहुल : नड्डा

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का पुरजोर विरोध कर रही कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर सीधा हमला बोलते हुए भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को रविवार को चुनौती दी कि वह इस कानून के प्रावधानों पर केवल 10 पंक्तियां बोलकर दिखायें। सीएए के समर्थन में यहां भाजपा की तरफ से आयोजित आभार सम्मेलन में नड्डा ने कहा, मैं राहुल से कहना चाहता हूं कि वह सीएए के प्रावधानों पर केवल 10 लाइन बोल दें। वह बस दो लाइन उन प्रावधानों पर भी बोलकर दिखायें जिनसे तथाकथित तौर पर देश का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश का नेतृत्व करने आये लोगों को सीएए के बारे में बुनियादी बातें तक पता नहीं हैं। नड्डा ने कहा, देश में पिछले एक हफ्ते के दौरान सीएए के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों में सार्वजनिक संपत्ति को काफी नुकसान पहंचा है। लेकिन क्या राहुल ने इस नुकसान की निंदा करते हुए कोई बयान दिया है? उन्होंने कहा कांग्रेस और भाजपा के बीच विचारधारा की लड़ाई हो सकती है।

जब एनआरसी पर चर्चा नहीं हुई तो गृह मंत्री बयान क्यों दे रहे हैं : येचुरी

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान का हवाला देते हुए रविवार को सवाल किया कि जब एनआरसी पर कैबिनेट में कोई चर्चा नहीं हुई तो फिर गृह मंत्री अमित शाह इसे लागू करने का बयान क्यों दे रहे हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन में भाग लेने पहुंचे येचुरी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को एनआरसी पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा इस तरह का कानून लाना संविधान के खिलाफ है। इस देश का एक ही हॉली बुक हमारा संविधान है। संविधान की रक्षा और अपने अधिकार के लिए लड़ेंगे। माकपा नेता ने कहा, मोदी भाषण दे रहे थे कि किसी की नागरिकता छीन नहीं रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि नागरिकता के साथ धर्म को क्यों जोड़ रहे हैं? उन्होंने सवाल किया कि जब एनआरसी पर कैबिनेट में चर्चा नहीं हुई तो फिर गृह मंत्री बार बार क्यों एनआरसी की बात कर रहे हैं।

सीएए केवल मुसलमानों के लिए नहीं, सभी भारतीयों के लिए चिंता का विषय : ओवैसी

एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि संशोधित नागरिकता काननू (सीएए) केवल मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि सभी भारतीयों के लिए चिंता का विषय है और कानून के खिलाफ लगातार संघर्ष करना होगा। हैदराबाद से सांसद ने शनिवार देर रात कहा मैं क्यों कतार में खड़ा रहूं और साबित करूं की मैं भारतीय हूं। मैंने इस धरती पर जन्म लिया है। मैं (भारत का) नागरिक हूं। सभी 100 करोड़ भारतीयों को कतारों में खड़ा होना पड़ेगा (नागरिकता का प्रमाण दिखाने के लिए) । यह केवल मुसलमानों का मुद्दा नहीं है बल्कि यह सभी भारतीयों के लिए चिंता का विषय है। मैं मोदी भक्तों से भी यह कह रहा हूं। तुम्हें भी कतारों में खड़ा होना होगा और दस्तावेज लाने होंगे। दारुस्सलाम में विभिन्न मुस्लिम समूहों की संस्था 'यूनाईटेड मुस्लिम एक्शन कमेटी' द्वारा आयोजित एक बैठक में ओवैसी ने कहा कि भारतीय मुसलमानों ने बंटवारे के समय जिन्ना के दो राष्ट्र के सिद्धांत को नकारते हुए भारत में रहने का निर्णय लिया था। भाजपा के कई मुस्लिम राष्ट्र होने के दावे पर उन्होंने कहा कि हमारा उनसे क्या लेना-देना है। उन्होंने कहा मुझे केवल भारत की चिंता है...केवल भारत और केवल भारत से प्यार है।

शिलांग में कर्फ्यू हटाया गया, क्रिसमस लाइटों से सजीं सड़कें

मेघालय की राजधानी के किसी भी हिस्से से संशोधित नागरिकता कानून को लेकर हिंसा या आगजनी की खबरें नहीं आने के मद्देनजर रविवार सुबह शिलांग से कर्फ्यू हटा लिया गया। लोगों को आस-पास की दुकानों में जरूरत का सामान और क्रिसमस के लिए उपहार तथा वस्तुएं खरीदते देखा गया। राज्य की राजधानी की सड़कें सुबह से ही क्रिसमस की लाइटों और तोरण द्वारों से सजने लगीं। संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के हिंसक हो जाने के बाद 12 दिसंबर से शहर के सदर और लुमदिएंजगरी थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा हुआ था।

जबलपुर में कर्फ्यू में सात घंटे की छूट

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन के कारण जबलपुर शहर के चार थाना इलाकों में दो दिन पहले लगाये गये कर्फ्यू में रविवार को सात घंटे की ढील दी गई है। जबलपुर जिले के कलेक्टर भरत यादव ने बताया जबलपुर शहर में स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। स्थिति को देखते हुए रविवार दोपहर एक बजे से रात्रि आठ बजे तक चारों थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू में छूट दी गयी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को कर्फ्यू की ढील में शामिल नहीं किया गया है।

असम में कश्मीर जैसी स्थिति उत्पन्न करना चाहती है सरकार, लोग नहीं झुकेंगेः जुबिन गर्ग

गायक जुबिन गर्ग ने कहा है कि असम राज्य में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ एक क्रांति शुरू हुई है और लोग इस अनुचित विधान'' के खिलाफ खड़े हुए हैं और वे दबाव में झुकेंगे नहीं। जुबिन गर्ग का असम में काफी सम्मान है और वह संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ आंदोलन के सबसे मुखर चेहरों में शामिल हैं। विरोध प्रदर्शन की शुरूआत से ही 47 वर्षीय गर्ग अपने मुखर भाषणों और भावनात्मक गानों से सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संशोधित नागरिकता कानून को लेकर विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर असम में कश्मीर जैसी स्थिति उत्पन्न करना चाहती है। बॉलीवुड में 'या अली सुबह सुबह' और 'जाने क्या चाहे मन बावरा' जैसे गाने गा चुके गर्ग ने पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में कहा हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक रहा है लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा बलों की कार्रवाई में लोग मारे गए। यह खेदजनक है लेकिन हम असमी किसी भी दबाव में नहीं झुकेंगे। हम किसी भी कीमत पर सीएए को स्वीकार नहीं करेंगे, उसे जाना होगा। उन्होंने असम की स्थिति की तुलना जम्मू कश्मीर से की जहां राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त होने के बाद कर्फ्यू लगाया गया था और इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगा दी गई थी।

लखनऊ...

बेंगलुरू ...

कांग्रेस भारत को जलने देने और तबाह होने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही :भाजपा

भाजपा ने रविवार को कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि यह 'देश को जलने देने और तबाह होने देने' में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसके मंसूबे को सफल नहीं होने देंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राम मंदिर जैसे काफी समय से लंबित मुद्दों का समाधान करने तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना भी की। पात्रा इस अधिनियम के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए भाजपा के देशव्यापी अभियान के तहत यहां आए हैं। उन्होंने इस अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शनों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि वह देश को जलने देने और तबाह होने देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। भाजपा नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा जहां तक कांग्रेस की बात है, पार्टी का मुख्य लक्ष्य भारत को 'डिस्टोर्ट' (विकृत करना) डिवाइड (विभाजित करना) और 'डिस्ट्रॉय' (तबाह करना) है, कांग्रेस पार्टी के ये तीन 'डी' उसकी स्थापना के समय से ही जाहिर हैं और हमने कांग्रेस पार्टी के चलते देश को 1947 में धार्मिक आधार पर विभाजित होते देखा, जैसा अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) ने संसद में कहा है।

संशोधित नागरिकता कानून किसी समुदाय या धर्म के खिलाफ नहीं: फडणवीस

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) कानून किसी समुदाय या धर्म के खिलाफ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल देश में अशांति फैलाने के लिये नये कानून को लेकर गलतफहमियां फैला रहे हैं। फडणवीस ने स्थानीय संगठन लोकाधिकार मंच की ओर से सीएए के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अब लोग संशोधित नागरिकता कानून के समर्थन में सड़कों पर आ रहे हैं। फडणवीस ने कहा, ₹बड़ी संख्या में लोग संशोधित नागरिकता कानून का समर्थन कर रहे हैं। कानून देशहित में है और यह किसी समुदाय या धर्म के खिलाफ नहीं है।

मोदी और शाह का एजेंडा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है : गहलोत

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ एक विशाल शांति मार्च का नेतृत्व किया और केंद्र से इस अधिनियम को रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि यह संविधान के खिलाफ है और लोगों को धर्म के नाम पर बांटने का प्रयास है।

तमिलनाडु में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन जारी

तमिलनाडु के कई हिस्सों में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ इस्लामिक संगठनों के करीब 500 सदस्यों और बड़ी संख्या में माकपा कार्यकर्ताओं ने यहां रविवार को प्रदर्शन किए। चेपौक में महिलाओं समेत इस्लामिक संगठनों के कई सदस्यों ने पोस्टर हाथों में लिए प्रदर्शन किए और थाउजेंड लाइट्स इलाके में माकपा कार्यकर्ताओं ने पर्चे बांटे। वल्लुवर कोट्टम इलाके में हिंदू मुन्नानी के कार्यकर्ताओं ने अपने नेता अर्जुन संपत के नेतृत्व में प्रदर्शन किए। इसके अलावा कुछ इस्लामिक संगठनों के सदस्यों ने थेनी में भी प्रदर्शन किए। पुलिस ने बताया कि मदुरै में अनुमति के बिना सीएए के खिलाफ शनिवार को प्रदर्शन करने को लेकर 'कैम्पस फ्रंट ऑफ इंडिया' और एक इस्लामिक संगठन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा हमने कैम्पस फ्रंट ऑफ इंडिया और एक अन्य मुस्लिम संगठन समेत करीब 2000 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए। इससे पहले, भाजपा के वरिष्ठ नेता एल गणेशन ने चेन्नई में संवाददाताओं से कहा कि सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा हथियार इस्तेमाल किया जाना गलत नहीं है।

चिंतन

देश को जलाना विरोध जताने का तरीका नहीं

हमारे लोकतंत्र में असहमति और विरोध का हक सबको है, लेकिन विरोध के नाम पर देश को जलाना खुद का घर फूंकने जैसा है। धरना-प्रदर्शन की आड़ में सरकारी संपत्तियों को जलाना, पुलिस पर पत्थरबाजी करना व उनकी जान को संकट में डालना विरोध का तरीका नहीं हो सकता। विरोध भी अगर झूठ की बुनियाद पर हो रहा हो तो यह और भी दुर्भागयपूर्ण है। सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) और एनआरसी (नेशनल रजिस्टर फॉर सिटिजन्स) को लेकर देश में ऐसा ही हो रहा है। बिना तथ्यों को जाने करोड़ों लोग सीएए व एनआरसी के खिलाफ सड़कों पर हैं और कांग्रेस, टीएमसी, वामदल समेत सभी विपक्षी दल उनका साथ दे रहे हैं। इन दलों के लोग खुद हिंसक विरोध व उपद्रव में शामिल हो रहे हैं। कमाल की बात यह है कि विरोध जताने के लिए कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल के नेता एनआरसी व सीएए के बारे में झूठ बोल रहे हैं, अफवाह फैला रहे हैं और वोट बैंक के वास्ते एक समुदाय को डरा रहे हैं, जबकि दोनों ही कानून न ही भारत के अल्पसंख्यकों के खिलाफ हैं और न ही असंवैधानिक हैं। एनआरसी की बात करें तो इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना के लिए केवल असम में लागू किया गया। एनआरसी का प्रस्ताव कांग्रेस सरकार के समय ही लाया गया था। एनआरसी का उद्येश्य सिर्फ असम में रह रहे लोगों की पहचान करना है और पता लगाना है कि वहां अवैध लोग तो नहीं रह रहे। दरअसल पूर्वोत्तर भारत में बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या रही है, इसलिए घुसपैठियों की पहचान के लिए एनआरसी जैसी कवायद की गई। राज्य को पूरा हक है वह अपने यहां रह रहे अवैध नागरिकों का पता लगाए। इसी तरह सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 तक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न से भागकर आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के सदस्यों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। इस कानून में नागरिकता देने की बात है, वह भी इन तीन इस्लामिक देशों के अल्पसंख्यकों को। इसमें किसी की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान है। हर देश को नागरिकता प्रदान करने के लिए नियम तय करने का संवैधानिक अधिकार है। भारत को भी है कि वह किसे नागरिकता दे या किसे नहीं दे। सीएए में भारत ने यही किया है। एनआरसी व सीएए दोनों ही मुस्लिमों के खिलाफ नहीं है, जैसा कि कांग्रेस के साथ अन्य विपक्षी दल इन्हें मुसलमानों के खिलाफ बता रहे हैं। दिल्ली के रामलीला मैदान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यही कहने की कोशिश की है कि देश में विपक्ष एनआरसी व सीएए पर झूठ फैला रहा है, अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रहा है और देश में अराजक माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है। उनका कहना कि 'मोदी का विरोध करो पर देश को नहीं जलाओ' बड़ी बात है। पीएम ने स्पष्ट कहा कि भारत की संतानों से सीएए का कोई लेना देना नहीं है। सच जानते हुए भी राजनीति के लिए एक बड़ी आबादी को बहकाना, उन्हें सड़क पर लाकर उनसे हिंसक प्रदर्शन करवाना, देश को आग में झोंकना जिम्मेदार विपक्ष को कतई शोभा नहीं देता है। यह सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश है। आखिर कानून को हाथ में लेकर विपक्ष क्या संदेश देना चाहता है? मुस्लिम समुदाय को भी बहकावे में आने से पूर्व सीएए व एनआरसी के बारे में अच्छी तरह जानकारी लेनी चाहिए। अपनी ही सरकार को खलनायक की तरह देखना सही रवैया नहीं है। हमें यह देखना होगा कि हम तेजी से विकासशील अर्थव्यवस्था हैं। सभी प्रमुख देशों के निवेशक भारत में कारोबार कर रहे हैं, इसके लिए समूचे देश में अमन रहना जरूरी है। भारत की पहचान बुद्ध व गांधी के देश के रूप में है, जिसके मूल में अहिंसा है। अहिंसा के पुजारी देश में हिंसक प्रदर्शन निंदनीय है। 1991 के बाद से भारत जिस मुक्त अर्थव्यवस्था की नीति को अपनाया है, उसमें जरूरी है कि देश में शांति व सद्भाव रहे। सरकार की ओर से व राजनीतिक जमात की ओर से हमेशा यह संदेश दिया जाना चाहिए कि देश सबका है और सभी धर्म व समुदाय के लोग भारत के गुलदस्ते हैं। किन्हीं का हक नहीं छीना जाएगा। एनआरसी व सीएए को लेकर विपक्ष का वितंडा खड़ा करना अपनों के बीच दरार पैदा करना है। कांग्रेस को मुस्लिम समुदायों के बीच भ्रम नहीं फैलाना चाहिए। देश को जलाना व हिंसा करना लोकतांत्रिक विरोध का तरीका नहीं हो सकता। हिंसा व उपद्रव पर सुप्रीम कोर्ट का नाराज होना जायज है। सबको समझना चाहिए कि देश संविधान से चलेगा, किसी के हांकने से नहीं चलेगा। सबको देश के संविधान व कानून पर भरोसा होना चाहिए।

पाक न्याय व्यवस्था और फौज

फिलहाल
प्रभात कुमार रॉय

सर्वविदित है कि इमरान हुकूमत का अस्तित्व वस्तुत: पाकिस्तान की फौज की हिमायत पर टिका है। पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का राजनीतिक वजूद समाप्त करने की साजिश में पाक फौज और न्याय व्यवस्था साझीदार रही थी। पाक की सरजमीन पर विगत 72 वर्ष के दौर में फौजी तानाशाहों के मार्शल लॉ हुकूमतें नागरिक शासन काल से अधिक वक्त तक अस्तित्व में रही हैं। पाक अदालतों द्वारा फौजी तानाशाहों द्वारा थोपे गए मार्शल लॉ शासन को न्यायोचित करार दिया गया।

पाकिस्तान में डीप स्टेट करार दी जाने वाली फौज को पाक न्याय व्यवस्था की तरफ से इतिहास में पहली दफा प्रबल चुनौती प्राप्त हुई है। पाकिस्तान में हाल ही में दो मुखतलिफ अदालतों द्वारा दो ऐतिहासिक न्यायिक निर्णय प्रदान किए गए। प्रथम फैसला पाक सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रदान किया गया, जबकि इमरान खान हुकूमत द्वारा पाक़ जनरल बाजवा के कार्यकाल को तीन वर्ष के लिए बढ़ाए जाने के हुक्म को बाकायदा खारिज कर दिया गया और इमरान खान हुकूमत को संविधान संशोधन करने अथवा दूसरा फौजी कमांडर नियुक्त करने का आदेश दिया गया। दूसरा फैसला विशेष अदालत का आया कि पाकिस्तान के फौजी तानाशाह रहे जनरल मुशर्रफ को राजद्रोह के इल्जाम में सजा-ए-मौत का न्यायिक ऐलान कर दिया गया।

सर्वविदित है कि इमरान हुकूमत का अस्तित्व वस्तुतः पाकिस्तान की फौज की हिमायत पर टिका है। पूर्व पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का राजनीतिक वजूद समाप्त करने की साजिश में पाकिस्तानी फौज और न्याय व्यवस्था साझीदार रही थी। पाकिस्तान की सरजमीन पर विगत 72 वर्ष के दौर में फौजी तानाशाहों के मार्शल लॉ हुकूमतें नागरिक शासन काल से कहीं अधिक वक्त तक अस्तित्व में रही हैं। पाकिस्तानी अदालतों द्वारा सदैव ही फौजी तानाशाहों द्वारा थोपे गए मार्शल लॉ शासन को संविधान सम्मत और न्यायोचित करार दिया गया। पाकिस्तान के सभी फौजी तानाशाहों द्वारा राजसत्ता से बेदखल हो जाने के पश्चात आराम चैन से अपनी जिंदगी गुजर बसर की। जनरल सिकंदर मिर्जा, जनरल अयूब खान, जनरल याहिया खान और जिया उल हक सभी को नागरिक हुकूमतों का तख्ता पलट करने के लिए पाकिस्तानी अदालतों द्वारा पाक संविधान की खिलाफवर्जी अंजाम देने के लिए दोषी करार नहीं दिया गया।

पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट और विशेष अदालत के ऐतिहासिक निर्णयों से रावलपिंडी स्थित फौजी मुख्यालय बेहद हैरान परेशान है, यह सोच समझकर कि पाकिस्तानी अदालतें आखिरकार इतना अधिक हिम्मत वाली हो जाएंगी कि पाक राजसत्ता की वास्तविक आंतरिक शक्ति फौज को ही ललकारने लग जाएंगी। पाकिस्तानी फौज का कठपुतली प्रधानमंत्री इमरान खान और उसकी तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी पूरी तरह से जनरल मुशर्रफ के साथ खड़ी हो गई है। जबकि सत्ता में आने से पहले इमरान खान अपनी सियासी तकरीरों में जनरल मुशर्रफ को देशद्रोही करार देते थे।

वस्तुतः इमरान हुकूमत पाकिस्तानी फौज के वर्चस्व को चुनौती नहीं दे सकती है। इसलिए इमरान सरकार के अटार्नी जनरल द्वारा कहा गया है कि जनरल मुशर्रफ केस में सरकार विशेष अदालत के निर्णय के विरुद्ध अपील करेगी और जनरल मुशर्रफ को बेगुनाह सिद्ध करने की पूरी कोशिश करेगी ताकि उन्हें बचाया जा सके। जनरल मुशर्रफ को सजाए-ए-मौत देने के विशेष अदालत के फैसले का पाकिस्तान में मुख्यधारा के प्रायः सभी राजनीतिक दलों द्वारा जोरदार खैरमकदम किया गया है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो द्वारा कहा गया है कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिससे पाकिस्तान में जनतंत्र ताकतवर होगा। इस फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जब जनरल मुशर्रफ के शासनकाल में रावलपिंडी में बेनजीर भुट्टो को कत्ल कर दिया गया था, तब पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी द्वारा कत्ल का इल्जाम जनरल मुशर्रफ पर आयद किया गया था। मुस्लिम लीग के कारकूनों ने तो जनरल मुशर्रफ की सजा पर बड़ा जश्न मनाया है, क्योंकि वर्ष 1999 में जनरल मुशर्रफ द्वारा नवाज शरीफ हुकूमत का तख्ता पटल करके सत्ता हथियाई गई थी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहतुल्ला बाबर कहते हैं कि पाकिस्तान के संविधान की सर्वोच्चता कायम रखने के लिए विशेष अदालत के न्यायाधीश तो आज पाकिस्तान के राष्ट्र नायकों की कतार में खड़े हो गए हैं। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल मुशर्रफ को मई 2016 में पाकिस्तान की विशेष अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया है, क्योंकि 2016 से वह दुबई में अपना इलाज करा रहे हैं और जनरल ने अदालती कार्यवाही में कोई शिरकत नहीं अंजाम दी है। भारत में भी आमतौर पर जनरल मुशर्रफ को भारत दुश्मन खलनायक ही माना जाता है, क्योंकि उनके द्वारा ही भारत पर करगिल युद्ध थोपा गया था।

मुशर्रफ ने अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं को परवान चढ़ाने के लिए कारगिल का युद्ध छेड़ दिया था। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जब अमन का पैगाम लेकर पाकिस्तान में थे, तब मुशर्रफ कारगिल की साजिश रच रहे थे। वहीं आगरा शिखर वार्ता में मुशर्रफ के अड़ियल रवैये के कारण कश्मीर का हल नहीं निकल सका था। कारगिल युद्ध को मुशर्रफ की कुटिलता के लिए याद किया जाता है। नवाज शरीफ हुकूमत को तख्ता पलट का अंजाम देकर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी समस्त शांति प्रयासों पर पानी फेर दिया गया था।

पाकिस्तान की विशेष अदालत का जनरल मुशर्रफ पर दिया गया निर्णय यदि अपीलेट अदालतों में भी बाकायदा बरकरार बना रहता है तो फिर यकीनन पाकिस्तान में संवैधानिक जनतंत्र की बुनियाद को पुख्ता करेगा और फौज के जनरलों के जहन में असंवैधानिक तौर राजसत्ता हथियाने की बर्बर मानसिकता पर अवश्य ही कुछ लगाम लगा सकता है।

तीक्ष्ण बुद्धि से बेहतर अभिव्यक्ति

संकलित
दर्शन

आत्मा का धर्म है कि वह जीवन को थामे रहती है। आध्यात्मिक मूल्यों को जीने से आपका व्यक्तित्व शक्तिशाली होता है। आध्यात्मिक जीवन का समाज पर क्या प्रभाव होता है? यह अपनेपन का भाव, जिम्मेदारी, करुणा और विश्व की देखभाल का भाव लाती है, पूरी मानव जाति के लिये सोच देती है। आध्यात्मिकता ही सही अर्थों में जाति, वर्ण, धर्म और राष्ट्रीयता की सीमाओं को तोड़ सकती है और हमें बताती है कि जीवन सब जगह व्याप्त है। जब मन विश्राम करता है, तो बुध्दि तीक्ष्ण हो जाती है। जब मन आकांक्षाओं, ज्वर और इच्छाओं से भरा हुआ होता है तो बुद्धि अपनी तीक्ष्णता खो देती है। और जब बुद्धि तीक्ष्ण नहीं होती, तो जीवन पूरा अभिव्यक्त नहीं होता। विचारों का प्रवाह रुक जाता है और योग्यता धीरे धीरे समाप्त होने लगती है। इस समझ के साथ आपको अपने छोटे मन से बाहर निकलना है और यही कदम आपके जीवन की परेशानियों को समाप्त कर सकता है। आपको अपने लोभ, घृणा, ईर्ष्या और अन्य अपूर्णताओं से मुक्त होने की इच्छा रखनी होगी। जब तक मन इन नकारात्मकताओं में उलझा रहेगा, यह शांत और प्रसन्न नहीं हो सकता- आप अपने जीवन को प्रसन्नता से जी नहीं पाएंगे। तो सबसे पहले आप यह जान लें कि यह सब नकारात्मकता भूतकाल का प्रभाव है और अपने भूतकाल को वर्तमान में प्रभाव डालने से रोकें। भूतकाल को क्षमा कर दें। यदि आप अपने भूतकाल को क्षमा नही कर सकते तो आपका भविष्य दयनीय हो जाएगा।

जीवन को शक्ति देते मूल्य

संकलित
प्रेरणा

हर इंसान को अपने अस्तित्व को लेकर चिंतन करना चाहिए। आप सोच कर देखिए, आप कौन हैं। क्या आप अपने आप को अपनी दिखावट के आधार पर, या जो काम आप करते हैं, उसके आधार पर या लोगों के साथ जो संबंध है उसके आधार पर अपना परिचय देंगे? आप अपने शरीर से कहीं ज्यादा हैं, अपने विचारों और भावों से कहीं ज्यादा है। ये सब कुछ बदल रहा है, लेकिन आप वे हैं जो बदल नहीं रहा है, जो शाश्वत है। आप अनंत आत्मा हैं। आत्मा की प्रकृति क्या है? आत्मा अनुभव करती है और मूल्यों को बताती है। अनुभव और भावनाओं का मूल्य समझ में तो आता है, लेकिन उन्हें शब्दों में न तो व्यक्त किया जा सकता है और न ही शब्दों में समझा जा सकता है। वे मूल्य जो जीवन शक्ति देते हैं, वे हैं- आत्मविश्वास, सहयोग, श्रद्धा और ज्ञान। ये मूल्य आत्मा से ही प्राप्त होते हैं। हम सोचते हैं कि हम भौतिक पदार्थों में सुविधा प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन हमारे अनुभव में यह भी है कि मात्र भौतिकता ही पूर्ण नही है। प्रसन्नता चेतना का गुण है। यह भौतिक पदार्थ पर निर्भर तो है, लेकिन यह एक स्थान के बाद समझ पर निर्भर करती है। जैसे ही हम आत्मिक मूल्यों को जीते हैं, जीवन अपनी प्रचूरता को प्राप्त हो जाता है। इनके बिना तो जीवन बहुत ही हल्का है और हम अप्रसन्नता को अनुभव करते हैं।

सारा संसार

तमिलनाडु के सुदूर दक्षिण तट पर बसे कन्याकुमारी शहर का पर्यटक स्थल के रूप में अपना महत्व है। दूर-दूर फैले समुद्र की विशाल लहरों के बीच सूर्योदय और सूर्यास्त का बहुत ही सुंदर नजारा यहां देखने को मिलता है। यहां कई स्थान ऐसे हैं जहां आप घूम सकते हैं।

व्यंग्य
जवाहर चौधरी

पीठ खुजाइए सरकार

अपने नए स्टाफ के साथ वे पहुंचे, 'आपके समर्थन की वजह से सरकार बन गई है। अब हमारी कोशिश है कि कामकाज अच्छे से हो। बताइये कि सबसे पहले सरकार क्या करे?' उन्होंने फूलों का गुच्छा हाथ में पकड़ाया और उतनी मुस्कान खींची जितनी कि उनके खानदान में किसी ने नहीं खींची थी। 'जरा मेरी पीठ खुजाइए तो। बड़ी खुजली चल रही है। सुना है आपके नाखून बहुत तेज हैं।' पार्टी प्रमुख ने पीठ उनकी ओर करते हुए कहा। 'पीठ तो आप अपने किसी चपरासी से खुजवा लीजिए ना। हमसे क्यों! ... हम सरकार हैं!' 'आप सरकार हैं क्योंकि हम हैं। इतना मत सोचिए सरकार, पीठ खुजाइए।' वे सोचने लगे कि राजनीति में सब करना पड़ता है यह तो सुना था लेकिन पीठ खुजाने के बारे में पहली बार पता चल रहा है! डर मीडिया वालों का बहुत है। पता नहीं कहां-कहां से देख लेते हैं। कल अगर हेडलाइन बन गई कि सरकार ने समर्थन के बदले पीठ खुजाई तो प्रतिष्ठित नाखून बदनाम हो जाएंगे। बहुत सोचकर सरकार घिघियाए, 'देखिए मैं अपने पीए को कह देता हूं वो आपकी पीठ खुजा देगा। अगर हमने खुजाई तो एक समर्थक दल और है। उसको भी खुजली चलने में देर नहीं लगेगी। आखिर सरकार को दूसरे काम भी करने हैं।' 'पीए तो हमारे पास भी हैं जी। उसी से पीठ खुजवानी होती तो आपको समर्थन क्यों देते।' 'लेकिन जरा सोचिए, जनता के बीच मैसेज क्या जाएगा।' 'हम खुजवा रहे हैं तो मैसेज हमारे हक में जाएगा। लोगों को पता तो चले कि हमारी हैसियत क्या है, वरना सरकार तो आप हैं, जयकारे आपके लगते हैं।' 'तो ऐसा करते हैं...यहां नहीं ...अकेले में खुजवा लें...दूसरी पार्टी को पता चलेगा तो वो भी...' 'दूसरी पार्टी वाले पीठ नहीं खुजवाएंगे। उनका इरादा तो डायपर बदलवाने का है। उनके यहां गुड्डू, पप्पू, छोटू वगैरह हैं। राजनीति में आदमी को बहुत कुछ करना पड़ता है। खुजाने और डायपर बदलने पर सरकार चलती है तो सौदा सस्ता है।'

अंतर्मन

आज की पाती

मान्यताओं में आया बदलाव

बदलाव प्रकृति का उसूल है, देश में भी समय के साथ बहुत परिवर्तन आया है। पहले जिस भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, आज ऐसा क्या हुआ कि उस सोने की चिड़िया भारत में लोग भूखे मरने को मजबूर हैं। एक ओर भारत की आधी दौलत देश के मात्र एक प्रतिशत लोगों के पास है, तो दूसरी ओर गरीब लोग भूखे मरने को मजबूर। ऐसा भी कैसा बदलाव आया है देश में कि चारों ओर भुखमरी, गरीबी, लाचारी, भ्रष्टाचार, दंगे, चोरी, डकैती, बलात्कार ही आम हो गए हैं। देश में बदलाव तो जरूर आया है, पहले जिन महिलाओं-लड़कियों को पूजा जाता था, आज उन्हीं का तिरस्कार किया जा रहा है। कमी प्रशासन और समाज में नहीं और एक-दूसरे को दोष भी नहीं दे सकते। कमी है तो सिर्फ ईमानदारी से काम करने की, जिसे सब भूल चुके हैं।

-आरडी देशलहरा

ट्रेंड

मिनी इंडिया फिल्म सिटी

हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी का दौरा किया। इन वर्षों में, सैकड़ों फिल्मों की शूटिंग यहां की गई है। फिल्म सिटी मिनी इंडिया की तरह लगता है, हमारे कलाकारों और फिल्म निर्माताओं की कड़ी मेहनत और रचनात्मकता का जीवंत प्रमाण है

-रामनाथ कोविंद

भ्रांतियां दूर कीं

आज नई दिल्ली के रामलीला मैदान पर आयोजित रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण से नागरिकता संशोधन क़ानून से जुड़ी कई भ्रांतियों को न केवल दूर कर दिया है बल्कि विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे झूठ एवं दुष्प्रचार को भी बेनक़ाब कर दिया है।

-राजनाथ सिंह

समय और पानी की बचत

बोगियों में पानी भरने के कारण ट्रेनों के संचालन में होने वाली देरी को समाप्त करने के लिए 'क्विक वाटरिंग सिस्टम' अपनाया गया है। इस प्रणाली से ट्रेनों में 6 मिनट में पानी भर दिया जाता है, जिससे समय और पानी दोनों की बचत हो रही है।

-पीयूष गोयल

अंत:करण साफ हो

जैसे कृषक उत्तम फसल प्राप्ति के लिए खरपतवार, विषाक्त-वनस्पति का निवारण कर भूमि में बीज बोता है। जीवन में उत्तम परिणामों के लिए दिव्य अन्त:करण की निर्मिति अपेक्षित है। अतः जीवन-सिद्धि के लिए शुभ-संकल्पित रहें।

-स्वामी अवधेशानंद

करंट अफेयर

समय से पहले लौटेगा बोइंग स्टारलाइनर



बोइंग का नया 'स्टारलाइनर' अंतरिक्षयान छह दिन पहले ही, यानी रविवार को धरती पर लौट आएगा। नासा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की। घड़ी में समस्या आने की वजह से यह अंतरिक्षयान पूर्व नियोजित ढंग से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर नहीं उतर सका। मानवरहित स्टारलाइनर यान न्यू मैक्सिको के व्हाइट सैंड्स मिसाइल रेंज में रविवार को सुबह पांच बजकर 47 मिनट (स्थानीय समयानुसार) उतरेगा। यह यान फिलहाल 250 किलोमीटर के निचले कक्ष में मौजूद है। बोइंग के इंजीनियर प्रशांत महासागर के ऊपर उतारने के लिए इसकी प्रोग्रामिंग कर रहे हैं। पैराशूट इसके उतरने की गति को धीमा करेंगे और रेगिस्तान में इसकी लैंडिंग को आरामदेह बनाने के लिए विशाल एयरबैग लगाए जाएंगे। स्टारलाइनर की यह विफलता बोइंग को एक और झटका है जो अपने 737 मैक्स विमानों के दो घातक हादसों से अब तक नहीं उबर पाया है। ये हादसे अक्टूबर 2018 में इंडोनेशिया और मार्च 2018 में इथियोपिया में हुए थे। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी जनवरी से इन विमानों का निर्माण बंद करने की योजना बना रही है। स्टारलाइनर के इस अंतरिक्षयान को शुक्रवार को फ्लोरिडा के केप केप कैनावेरल से प्रक्षेपित किया गया था।

ऑफ बीट

धीमी गति से उग रहे हैं अमेजन के जंगल



कटाई के बाद अमेजन के जंगल उम्मीद से कहीं ज्यादा धीमी गति से उग रहे हैं। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह शोध जर्नल इकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। इसमें पिछले दो दशकों में जंगलों के फिर से उगने की निगरानी की गई है और दर्शाया गया है कि जलवायु परिवर्तन और अधिक संख्या में जंगलों के नुकसान से अमेजन में जंगलों का फिर से उगना बाधित हुआ है। इन शोधकर्ताओं में लैंकास्टर विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी शामिल थे। इन निष्कर्षों के आधार पर शोधकर्ताओं ने अनुमान जताया कि जलवायु परिवर्तन की भविष्यवाणियों के महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि यह इसलिए हो सकता है क्योंकि वायुमंडल से कार्बन सोखने के लिए द्वितीयक जंगलों की क्षमता का अधिक अनुमान लगाया गया है। कटाई के बाद उगने वाले वन - जिन्हें आमतौर पर द्वितीयक वन कहा जाता है- को मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन से निपटने में एक महत्वपूर्ण माध्यम माना गया है, क्योंकि वे वायुमंडल से बड़ी मात्रा में कार्बन लेते हैं। हालांकि, वर्तमान अध्ययन से पता चला है कि दोबारा उगने के 60 साल के बाद भी, अध्ययन किए गए द्वितीयक जंगलों में उन वनों की तुलना में केवल 40 प्रतिशत कार्बन था, जिनमें मनुष्य ने बाधा नहीं डाली।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप

मुंबई में अतिथि गृह में छापा , तीन पकड़े गए

मुंबई। दक्षिण मुंबई के कोलाबा में शनिवार रात एक अतिथि गृह पर छापा मारा गया और तीन लोगों को कथित तौर पर अवैध एस्कॉर्ट सर्विस चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, जबकि दो मॉडल और एक नाबालिग लड़की को बचाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सामाजिक सेवा शाखा ने यह छापेमारी की। ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस को चलाने वाले गिरोह का सरगना इस मामले में वांछित था। पुलिस उपायुक्त शिवदीप लांडे ने बताया व्यवसाय ऑनलाइन संचालित किया जा रहा था। लड़कियों की तस्वीरें ग्राहकों को प्रसारित की जा रही थीं। हमें एक सूचना मिली कि तीन लड़कियां एक अतिथि गृह में पहुंचने वाली हैं। हमने छापा मारा और अतिथि गृह के प्रबंधक, एक वेटर और एक ग्राहक को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि वहां से छह मोबाइल फोन के साथ 11,000 रुपये नकद जब्त किए गए। इसको लेकर कोलाबा थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

कर्नाटक में अगले महीने किया जा सकता है मंत्रिमंडल विस्तार: येदियुरप्पा



बेंगलुरु। कर्नाटक में काफी समय से लंबित मंत्रिमंडल विस्तार अगले महीने हो सकता है। मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने रविवार को इस बात के संकेत देते हुए कहा कि जनवरी के मध्य में मकर संक्रांति के आसपास मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है। येदियुरप्पा ने राज्य सचिवालय में विधान सौध में 15 नवनिर्वाचित विधायकों में से 13 के शपथ ग्रहण करने के बाद संवाददाताओं से कहा आलाकमान ने मुझे एक सप्ताह बाद आने के लिए कहा है। हो सकता है कि इस महीने के अंत में हम सूची (मंत्रिमंडल विस्तार की) को अंतिम रूप दे सकते हैं।

महिला को प्रेमी के परिजनों ने जलाया, अस्पताल में भर्ती

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में 20 साल की एक महिला को उसके पुरूष मित्र के परिवार के सदस्यों ने कथित रूप से आग लगा दी। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि सरस्वती सोनवानी नामक यह महिला 80 फीसद जल चुकी है और यहां एक अस्पताल में मौत से जूझ रही है। यह वारदात खोल्हा गांव में 18 दिसंबर को ही हुई थी लेकिन शनिवार को सामने आयी । और वो भी तब जब रायपुर के अस्पताल के प्रशासन ने पुलिस को गंभीर रूप से जली एक महिला को भर्ती कराये जाने की सूचना दी।

मुम्बई में दो समूह के बीच झड़प में सात लोग घायल, चार गिरफ्तार

मुम्बई । उपनगर अंधेरी में दो समूहों के बीच हुई झड़प में कम से कम सात लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना अंधेरी पंप हाउस के पास शनिवार देर रात हुई। अधिकारी ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते दो समूह के बीच झड़प हो गई थी। पुलिस उपायुक्त (जोन 10) अंकित गोयल ने कहा झड़प में सात लोग घायल हुए हैं। हमने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए लोगों की पहचान प्रकाश यादव, रोहित यादव, रानू गुप्ता और विनायक आंबेडकर के तौर पर हुई है। गोयल ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 307 और दंगा करने के प्रावधान के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घायल हुए लोगों में से दो को सिर में चोट आई है और उनका अस्पताल में इलाज जारी है।

हजारों वाहन फंसे: लोगों को हुई परेशानी

जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग लगातार तीसरे दिन बंद, भूस्खलन से मरम्मत कार्य बाधित

एजेंसी ▶▶ जम्मू/श्रीनगर

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग वाहनों के आवागमन के लिए लगातार तीसरे दिन रविवार को बंद रहा और फिर से भूस्खलन के कारण इस मार्ग को खोलने के प्रयास बाधित हुए। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हजारों वाहन राजमार्ग पर फंसे हुए हैं। इन वाहनों में अधिकतर ट्रक हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम रामबन जिले के डिगडोले में राजमार्ग पर भीषण भूस्खलन के कारण मार्ग बाधित हो गया।

यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क को शीघ्र खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा श्रमबल और मशीनें काम कर रही हैं लेकिन मलबे को देखते हुए आज (रविवार) मार्ग खोलना लगभग असंभव है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू क्षेत्र के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इससे पहले की रात में 6.8 डिग्री सेल्सियस था।

न्यूनतम तापमान इस मौसम के औसत तापमान से 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि बनिहाल में न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि ताजा बर्फबारी के बाद पिछले दो दिन से वहां तापमान शून्य से नीचे था। रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शनार्थ जाने वाले श्रद्धालुओं के आधार शिविर कटरा में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि पूर्ववर्ती रात में तापमान सात डिग्री सेल्सियस था। अधिकारी ने बताया कि डोडा जिले के भद्रवाह में भी रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जहां तापमान शून्य से 1.3 डिग्री नीचे दर्ज किया गया।

कश्मीर में रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी

कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में रविवार को न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई जिससे घाटी के लोगों को हाड़ कपां देने वाली ठंड से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लगातार कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। विभाग के मुताबिक, कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क रहा। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शनिवार की रात 1.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ जो शुक्रवार रात शून्य से नीचे 0.4 डिग्री सेल्सियस था। उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में न्यूनतम पारा शून्य से नीचे 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो शुक्रवार रात से करीब दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। गुलमर्ग, घाटी का सबसे सर्द इलाका रहा। कुपवाड़ा में शनिवार रात को न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया । दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लद्दाख के लेह में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 9.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

गुजरात तट के पास एक नौका में भरा पानी, छह मछुआरों को बचाया गया

पोरबंदर। गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका में पानी भर जाने से फंसे छह मछुआरों को रविवार तड़के बचा लिया गया। भारतीय तटरक्षक बल ने एक बयान जारी किया कि यहां तटरक्षक अभियान केंद्र को शनिवार शाम मदद संबंधी अनुरोध मिला। वहां एक नौका में नियमित गश्त कर रहा एक दल इसके बाद मछुआरों की मदद के लिए पहुंचा। 'विस्मिता' नामक नौका में पानी भर गया था, जिसके बाद उसके इंजन ने काम करना बंद कर दिया था । नौका में छह मछुआरे सवार थे। मछुआरे पोरबंदर से समुद्र में करीब 24 मील दूर फंसे थे। बयान में बताया गया नियमित गश्त कर रहे तटरक्षक पोत सी 445 को संकट में फंसी नौका की मदद के लिए भेजा गया। बचाव दल के तकनीकी बलों ने नौका में आई दरार को भरकर इसमें और पानी भरने से रोका तथा उसके बाद नौका से पानी निकालना आरंभ किया। उन्होंने कहा इसके बाद नौका को शनिवार देर रात तीन बजे तटरक्षक बल की निगरानी में मछली पकड़ने की एक अन्य नौका की मदद से सुरक्षित पोरबंदर लाया गया।

महाराष्ट्र के राज्यपाल और नकवी ने 'हुनर हाट' का किया उद्घाटन

मुम्बई। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स में रविवार को 'हुनर हाट' का उद्घाटन किया।

नकवी के नेतृत्व में 'हाट' के रूप में केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने एक मंच उपलब्ध कराया है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों के कलाकारों और शिल्पकारों के काम को बढ़ावा दिया जाएगा। इसका आयोजन बीकेसी के एमएमआरडीए ग्राउंड पर 20 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक किया जाएगा। नकवी के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार 'हाट' में 180 दुकानें लगाई गई हैं, जहां देश भर से महिला कारीगरों और शिल्पकारों सहित करीब 400 कारीगर भाग ले रहे हैं। पारम्परिक नृत्य, संगीत, कव्वाली और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा हर दिन प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति भी आगंतुकों के लिए प्रमुख आकर्षण होगी। बयान में कहा गया कि हंस राज हंस, सायरा खान, सुप्रिया जोशी, राहुल जोशी, फरहान साबरी, तरन्नुम मल्लिक, प्रेम भाटिया, हरजोत कौर, मिक्की सिंह नरूला, मुकेश पंचोली, गुल सक्सेना जैसे कलाकार हाट में अपनी प्रस्तुति देंगे।

सीट बदलने पर भड़कीं प्रज्ञा ठाकुर

सुरक्षा कारणों के चलते बदली गई थी सीट: स्पाइस जेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-भोपाल फ्लाइट में सीट के लिए भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी पर स्पाइस जेट ने रविवार को स्पष्टीकरण दिया। एयरलाइन ने कहा कि प्रज्ञा व्हीलचेयर पर थीं और उन्होंने आपातकालीन कतार में स्थित अपनी सीट बदलने से इनकार कर दिया था। उड़ान में इसी वजह से देरी हुई। एयरलाइन के मुताबिक, प्रज्ञा से सुरक्षा कारणों के चलते सीट बदलने को कहा गया था।

शनिवार को दिल्ली में हुई इस घटना के बारे में एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया- कुछ यात्रियों ने प्रज्ञा से अनुरोध किया कि वे आपातकालीन कतार में स्थित अपनी सीट बदल दें और गैर-आपातकालीन कतार वाली सीट पर चली जाएं। कुछ अन्य यात्रियों ने कहा कि उन्हें विमान से उतार दिया जाए, क्योंकि वे अपनी सीट बदलने से इनकार कर रही थीं। एयरलाइन ने बताया कि आखिरकार प्रज्ञा बात मान गईं और गैर-आपातकालीन कतार में स्थित सीट पर चली गईं। इस घटनाक्रम के चलते फ्लाइट ने करीब 45 मिनट देर से उड़ान भरी।

स्टाफ को जानकारी नहीं थी कि प्रज्ञा व्हीलचेयर पर हैं: प्रवक्ता

प्रवक्ता ने कहा- दिल्ली-भोपाल फ्लाइट बॉम्बार्डियर क्यू400 एयरक्राफ्ट ऑपरेट करता है। यह 78 सीटर विमान है। इसमें पहली कतार आपातकालीन है और इसमें ऐसे यात्रियों को सीट नहीं दी जाती, जो व्हीलचेयर पर होते हैं। भाजपा सांसद अपनी व्हीलचेयर पर आई थीं, स्टाफ को इस बारे में जानकारी नहीं थी कि वे व्हीलचेयर पैसेंजर हैं। सुरक्षा कारणों से उन्हें दूसरी सीट पर जाने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था।

प्रज्ञा ने एयरपोर्ट डायरेक्टर से शिकायत की थी

प्रज्ञा ने स्पाइस की फ्लाइट एसजी2489 में सीट 1ए बुक की थी, वे दिल्ली एयरपोर्ट अपनी व्हीलचेयर पर आई थीं। भोपाल आने पर प्रज्ञा ने मीडिया से कहा- एयरलाइन का स्टाफ यात्रियों के साथ सही बर्ताव नहीं करता है। उन्होंने मुझे बुक की हुई सीट नहीं दी। मैंने उनसे कहा कि आप नियम दिखाइए। इसके बाद मैंने डायरेक्टर को बुलाया और अपनी शिकायत दर्ज कराई।

सिखों ने मंगू मठ को तोड़ने के खिलाफ किया प्रदर्शन

भुवनेश्वर। पंजाब के दो विधायकों समेत सिखों ने पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के समीप सौंदर्यीकरण की ओडिशा सरकार की योजना के तहत सदियों पुराने मंगू मठ को तोड़े जाने के खिलाफ रविवार को यहां प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिये एवं नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने खारवेल नगर गुरद्वारे से मास्टर कैंटीन चौराहे तक मार्च निकाला और मंगू मठ को तोड़ने के फैसले को लेकर ओडिशा सरकार की निंदा की।

पुरी में 12 वीं सदी के इस मंदिर के आस-पास धरोहर गलियारा विकसित करने की राज्य सरकार की योजना के अनुसार मंगू मठ को तोड़ा जा रहा है। दो महीने पहले पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने ओडिशा के अपने समकक्ष नवीन पटनायक से गुरु नानक देव से जुड़े मंगू मठ को नहीं ढहाने की अपील की थी।

- प्रदर्शनकारियों ने ओडिशा सरकार से पुरी के सौंदर्यीकरण के सिलसिले में पंजाबी मठ और बौली मठ को नहीं ढहाने की अपील की

प्रदर्शनकारियों ने ओडिशा सरकार से पुरी के सौंदर्यीकरण के सिलसिले में पंजाबी मठ और बौली मठ को नहीं ढहाने की अपील की। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में रह रहे सिखों ने मंगू मठ को ढहाने के आदेश को वापस लेने की मांग पर दबाव बनाने के लिए प्रदर्शन किया जिसमें पंजाब के दो विधायकों ने भी हिस्सा लिया। पंजाब के विधायकों सिमरजीत सिंह बैंस और बलविंदर सिंह ने भी नाखुशी प्रकट की क्योंकि उन्हें इस विषय पर चर्चा करने के लिए पटनायक से मिलने का समय नहीं दिया गया।

परेड...

वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया हैदराबाद में शनिवार को वायु सेना अकादमी, डुंडीगल में कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए।

मुंबई में रिहायशी इमारत में भीषण आग, लोगों के फंसे होने का अंदेशा

मुंबई। मुंबई के उपनगर विले पारले की एक रिहायशी इमारत में रविवार रात भीषण आग लग गई। इमारत में कई लोगों के फंसे होने का अंदेशा है। दमकल अधिकारियों ने प्राथमिक आकलन के बाद यह जानकारी दी। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एक दमकल अधिकारी ने बताया कि विले पारले (डब्ल्यू) में स्थित 13 मंजिला लाभ श्रीवाली इमारत के सातवे और आठवें माले पर रविवार शाम सात बजकर करीब 10 मिनट पर भीषण आग लग गई। उन्होंने बताया कि दमकल की 8-10 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। अधिकारी ने बताया कई लोगों के इमारत में फंसने होने का अंदेशा है।

कैट ने सीलिंग से राहत के लिये प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय खुदरा कारोबारियों का शीर्ष संगठन कैट ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली के 10 लाख से अधिक व्यापारियों को सीलिंग के हमले से बचाने के लिए राहत योजना लाने का आग्रह किया है।

मोदी को लिखे पत्र में अखिल भारतीय खुदरा व्यापारी महासंघ (कैट) ने कहा कि व्यापारियों ने अनधिकृत कॉलोनी को नियमित किये जाने का स्वागत भी किया है। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने पत्र में दिल्ली में 1731 अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल 40 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा बल्कि 3 लाख से अधिक गरीब तबके के लोगों की छोटी दुकानों की सुरक्षा भी होगी जो प्रतिदिन अपनी रोजी रोटी कमाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की तर्ज़ पर दिल्ली के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सीलिंग से बचाने के लिए एक राहत योजना की घोषणा करें जिसमें 31 दिसंबर, 2019 तक व्यापारिक प्रतिष्ठानों को यथास्थिति में रहने दिया जाए। साथ ही जिन दुकानों को सील किया गया है उनकी सील तुरंत खोली जाए। पत्र में कहा गया है कि व्यापारी 13 साल से सीलिंग से पीड़ित हैं। बयान के अनुसार एमनेस्टी योजना के तहत आने वाली दुकानों के संरचित विकास के लिए विशेष रूप से विकास मानदंड बनाये जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए सरकार व्यापारियों से कुछ वाजिब शुल्क भी ले सकती है। विकास मानदंडों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए सरकार से एक विशेष कार्यबल गठित करने का आग्रह किया है।

- पत्र में कहा गया है कि व्यापारी 13 साल से सीलिंग से पीड़ित हैं

ट्राईसाइकिल से 12 किमी दूर धमतरी आते हैं और अखबार बांटते हुए 8.30 बजे परेवाडीह लौटते हैं

विक्रम के हौसले की उड़ान देख दिव्यांगता हुई 'नतमस्तक'

हाथ फैलाने के बजाय हौसला और मेहनत के दम पर स्वाभिमान का दीप जलाए हुए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दिव्यांगता से लड़ने की जीवटता तो विक्रम से सीखनी चाहिए। 90 फीसदी दिव्यांग विक्रम राजनीति शास्त्र में एमए हैं। डीएड भी किया है, लेकिन सरकारी नौकरी नहीं मिली। इसके बावजूद जिंदगी को निराशा के अंधेरे में डूबने नहीं दिया। हाथ फैलाने के बजाय हौसला और मेहनत के दम पर स्वाभिमान का दीप जलाए हुए हैं। सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक बिना मोटर वाली ट्राईसाइकिल से जिंदगी का सफर तय कर संघर्ष की ऐसी गाथा लिखते हैं, जिसे सुनकर हर किसी की जुबां से शाबाश निकल जाता है। जीवन संघर्ष की इस गाथा में उनकी आमदनी नहीं, बल्कि परिश्रम लोगों को प्रेरणा देता है। धमतरी जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्राम परेवाडीह के विक्रम साहू (35) एक सामान्य परिवार से हैं। घर में मां-पिता और छोटा भाई हैं।

खास बातें

- जीवन संघर्ष की इस गाथा में उनकी आमदनी नहीं, बल्कि परिश्रम लोगों को प्रेरणा देता है
- एक सामान्य परिवार से है विक्रम, घर में माता-पिता और एक छोटा भाई है

शिक्षा को ताकत बनाया

बचपन से किशोरावस्था और फिर युवा होने तक समाज और दुनिया ने उन्हें कमजोर साबित करने की पूरी कोशिश की, लेकिन वे डिगे नहीं। शिक्षा को ताकत बनाया और श्रम को पूजा। अब प्रतिदिन करीब 30 किलोमीटर ट्राईसाइकिल चलाते हैं, जितना एक सामान्य व्यक्ति शायद ही साइकिल चलाता हो।

इस तरह है उनकी दिनचर्या

विक्रम के दिन की शुरुआत सुबह चार बजे अखबार बांटने से होती है। वे ट्राईसाइकिल से 12 किलोमीटर दूर धमतरी आते हैं और अखबार बांटते हुए 8.30 बजे परेवाडीह लौटते हैं। स्नान-भोजन के बाद दस बजे गांव से तीन किलोमीटर दूर ग्राम देमार स्थित श्रीकृष्ण शिशु मंदिर में पढ़ाने जाते हैं। वहां से शाम चार बजे लौटते हैं। बारह घंटे के इस परिश्रम के बाद भी उनकी जिंदगी ठहरती नहीं। गांव का कोई बच्चा पढ़ाई में मदद मांगता है, तो उसके लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं। विक्रम की इस जीवटता को हर कोई सलाम करता है।

पंक्चर होने या फिर बारिश में होती है दिक्कत

विक्रम कहते हैं कि बारिश के मौसम में जरूर परेशानी होती है, लेकिन रेनकोट से इसका समाधान हो जाता है। हां, ट्राईसाइकिल पंक्चर होने पर ज्यादा दिक्कत होती है। ऐसे में उसी हालत में किसी तरह पंक्चर दुकान तक पहुंचते हैं। वे कहते हैं, कोई बाधा मेरा रास्ता नहीं रोक पाती।

दिव्यांगता को न मानें अभिशाप

विक्रम दिव्यांगों को संदेश देते हुए कहते हैं कि वे इसे अभिशाप न मानें, बल्कि अपनी ताकत बनाएं। वे कहते हैं कि नौकरी के लिए परीक्षाएं देते रहते हैं। मंत्रियों को भी आवेदन दे चुके हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई है। स्कूल में तनख्वाह ज्यादा नहीं मिलती है, लेकिन अपने ज्ञान का सही उपयोग वे पढ़ाकर ही करना चाहते हैं।

नशे में धुत पति ने पत्नी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या की

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात को शराबी पति ने प्रेम प्रसंग के संदेह में पत्नी की डंडे से पीट- पीट कर हत्या कर दी। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (मानपुर) हिम्मत चारण ने रविवार को बताया कि मीनापाड़ा गांव में कालूराम मीणा (30) ने शराब के नशे में कल रात अपनी पत्नी किशमी मीणा (25) की पीट- पीट कर हत्या कर दी। आरोपी ने अपने दो मासूम बच्चों की भी पिटाई की कोशिश की जिन्हें बाद में आरोपी का भाई अपने साथ ले गया। थानाधिकारी मांगीलाल मीणा ने बताया कि पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति ने छह साल की बेटी और तीन साल के बेटे की भी डंडे से मारपीट कर हत्या की कोशिश की, लेकिन छोटे भाई व उसकी पत्नी ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचा ली।

खबर संक्षेप

खिलौनों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में गुणवत्तापूर्ण खिलौनों का आयात व बिक्री सुनिश्चित करने के लिए खेप आधारित जांच को अनिवार्य बनाने खिलौना उद्योग के लिये कठोर गुणवत्ता नियंत्रण प्रावधान बनाने पर भी विचार कर रहा है ताकि प्रावधानों का उल्लंघन नहीं किया जा सके।

ओडिशा में 27 को एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र का उद्घाटन

भुवनेश्वर। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ओडिशा के बलांगीर जिले में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बॉटलिंग प्लांट (रसोई गैस सिलेंडर भरने का संयंत्र) का 27 दिसंबर को उद्घाटन करेंगे। बीपीसीएल ने 103 करोड़ रुपए से इस संयंत्र की स्थापना की है। कारखाने की उत्पादन क्षमता 42 लाख सिलेंडर प्रति वर्ष है।

चार करोड़ डॉलर जुटाएगी अवंती फाइनेंस

मुंबई। रतन टाटा और नंदन निलेकणि प्रवर्तित एनबीएफसी अवंती फाइनेंस कारोबार वृद्धि को बढ़ाने के लिए निवेशकों से तीन से चार करोड़ डॉलर (करीब 285 करोड़ रुपए) जुटाने पर विचार कर रही है। हम वृद्धि के लिए मार्च - अप्रैल 2020 तक 3-4 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाने पर विचार कर रहे हैं। प्रवर्तकों की हिस्सेदारी को कम करके नई इक्विटी पूंजी जुटाई जाएगी। सामाजिक क्षेत्र आधारित इकाई होने के नाते हम सामाजिक क्षेत्र से जुड़े निवेशकों और घरेलू वित्तीय निवेशकों को जोड़ने पर विचार कर रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि परिचालन शुरू करने के 18 महीने से भी कम समय में अवंती फाइनेंस 20,000 से ज्यादा जरूरतमंदों तक पहुंची है।

इस साल सुस्त रहा रोजगार बाजार, अगले साल भी सुधार की उम्मीद कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट के बीच 2019 में रोजगार बाजार में सुस्ती रही और अगले साल भी स्थिति में सुधार की उम्मीद नहीं है।

- कंपनियां कर्मचारियों के कौशल विकास पर अधिक ध्यान दे रही

विशेषज्ञों का मानना है कि अगले साल भी रोजगार बाजार में श्रमबल विस्तार सुस्त रहेगा और साथ ही वेतनवृद्धि भी खास नहीं होगी। इसकी वजह यह है कि कंपनियां नई नियुक्तियां करने के बजाय मौजूदा कर्मचारियों का कौशल सुधारने पर अधिक ध्यान दे रही हैं।

आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट से बाजार में रही सुस्ती

अभी रफ्तार नहीं पकड़ पाए

जीडीपी और अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक अभी रफ्तार पकड़ नहीं पाए हैं। ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि उपभोग और निवेश में बढ़त होती है या नहीं। यदि बढ़त होती है, तो हम रोजगार में भी वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

2020 की दूसरी छमाही बेहतर रहेगी

हालांकि, 2020 की दूसरी छमाही रोजगार के अवसरों की दृष्टि से बेहतर रहेगी क्योंकि कंपनियां नए सिरे से कारोबार विस्तार पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वर्ष 2019 में वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में रोजगार सृजन कमजोर रहा।

कंपनियां विस्तार को लेकर सतर्क

एक्जिक्यूटिव खोज कंपनी ग्लोबलहंट इंडिया के प्रबंध निदेशक सुनील गोयल ने कहा, 2020 की शुरुआती तिमाही अधिक रोमांचक नहीं रहेगी, क्योंकि जीडीपी की दर नीचे आई है और कंपनियां विस्तार को लेकर सतर्कता बरत रही हैं।

नई नियुक्तियों को लेकर कंपनियां सतर्क

प्रौद्योगिकी आधारित बदलाव लगातार जारी हैं ऐसे में कंपनियां नयी नियुक्तियों को लेकर सतर्कता बरत रही हैं। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन की अध्यक्ष रितुपर्णा चक्रवर्ती ने कहा कि रोजगार की दृष्टि से 2020 स्थिर रहेगा, या उसमें मामूली सुधार होगा।

चुनाव व सीमापार तनाव से रोजगार घटा

आम चुनाव की वजह से सरकार की नीतियां और पहल करीब दो-तीन माह थमी रहीं। इसके अलावा सीमापार तनाव की वजह से भी रोजगार बाजार सुस्त रहा।

कम ही कंपनियां कार्यबल में विस्तार करेगी

नियुक्तियों की दृष्टि से 2020 के लिए हमारा अनुमान है कि इसमें और कमी आएगी। उन्होंने कहा, प्रतिशत में कम ही कंपनियों को अपने कार्यबल का विस्तार करने की जरूरत होगी।

निवेश 2019 : सरकारी उपायों के कारण पूंजी बाजार हुआ आबाद

आर्थिक उपायों से घरेलू पूंजी बाजार में निवेश की राह पर लौटे एफपीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट और नीतिगत मोर्चे पर दिक्कतों के बावजूद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) 2019 में भारतीय पूंजी बाजार में निवेश की राह पर लौट आए।

मौद्रिक नीति नें नरमी तथा अर्थव्यवस्था को सहारा देने के सरकारी उपायों के कारण एफपीआई ने 2019 में भारतीय पूंजी बाजारों में 1.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया। इसमें से 97,250 करोड़ रुपये का निवेश शेयरों में किया गया।

एनएसडीएल ने जारी किए आंकड़े

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने 2019 में घरेलू पूंजी बाजार में अब तक 1,33,074 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले 2018 में एफपीआई ने घरेलू पूंजी बाजार से 80,919 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी।

खास बातें

- एफपीआई ने 97, 250 करोड़ रु. का शेयरों में किया निवेश
- अब तक 1,33,074 करोड़ रु. का शुद्ध निवेश रहा
- 2018 में एफपीआई ने 80,919 करोड़ रु. की निकासी की थी

मोदी सरकार लौटने से एफपीआई का उत्साह बढ़ा

विश्लेषकों के अनुसार, इस साल की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटने से एफपीआई का उत्साह बढ़ा। हालांकि बजट में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर लगाने की घोषणा के बाद एफपीआई ने घरेलू बाजार से पैसे निकालने शुरू कर दिए।

बाजार आकर्षक बने रहने का अनुमान

इसके बाद एफपीआई का भरोसा पुनः घरेलू बाजार में लौटा। विश्लेषकों ने बताया कि फरवरी में बजट में सरकार की ओर से आर्थिक गति को बढ़ावा देने के नए उपायों की घोषणा किए जाने की संभावना से एफपीआई के लिए घरेलू बाजार के आकर्षक बने रहने का अनुमान है।

हाइब्रिड प्रतिभूतियों में एफपीआई ने की खरीदारी

एफपीआई ने हाइब्रिड प्रतिभूतियों में 2018 में 109 करोड़ रुपए की बिकवाली की थी, लेकिन 2019 में उन्होंने इस तरह की प्रतिभूतियों में 8,999 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की। सेबी ने 2017 में हाइब्रिड प्रतिभूति नाम से नयी श्रेणी की शुरुआत की थी।

रियल व इंफ्रा में रहा निवेश

इस श्रेणी में रियल एस्टेट निवेश न्यास (रीट) और बुनियादी संरचना निवेश न्यास (इनविट) में एफपीआई के निवेश को वर्गीकृत किया जाता है। इस तरह घरेलू पूंजी बाजार में एफपीआई ने 2019 में अबतक 1,33,074 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की है।

ट्रेड वार के कारण भी सेंटिमेंट खराब रहा

दिसंबर में 21 तारीख तक के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई 159 करोड़ रुपए के शुद्ध बिकवाल रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सकारात्मक रुख 2020 में भी जारी रहेगा। हालांकि, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध और घरेलू ऋण बाजार की स्थिति खराब होने से इसके नीचे जाने का जोखिम रहेगा।

ऋणपत्रों में एफपीआई खरीदार रहे

एफपीआई ने इक्विटी में 2019 में 97,251 करोड़ रुपए का निवेश किया, जबकि 2018 में उन्होंने 33,014 करोड़ रुपए की निकासी की थी। इसी तरह, एफपीआई ने 2018 में 47,795 करोड़ रुपए के ऋणपत्रों की शुद्ध बिकवाली की थी, जबकि 2019 में उन्होंने 26,828 करोड़ रुपए के ऋणपत्रों की शुद्ध खरीदारी की।

'मेक इन इंडिया' मिशन में सहयोग देगी ओप्पो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/शंघाई

चीन की प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओप्पो भारतीय बाजार में युवा आबादी के बूते उपलब्ध अवसरों का दोहन करने की तैयारी में है।

- 2020 के अंत तक 10 करोड़ स्मार्टफोन के विनिर्माण का लक्ष्य
- कंपनी का इरादा स्टार्टअप को सहयोग करना है

कंपनी का इरादा स्टार्टअप्स को सहयोग के जरिए सरकार के 'मेक इन इंडिया' मिशन में समर्थन की रणनीतियां बनाने और भारत केंद्रित नवप्रवर्तन लाने का है। 'मेक इन इंडिया' मिशन के तहत ओप्पो का इरादा 2020 के अंत तक स्थानीय स्तर पर 10 करोड़ स्मार्टफोन के विनिर्माण का है। कंपनी विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी उत्पाद लाना चाहती है ताकि भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा किया जा सके। भारत में प्रौद्योगिकी में तेजी से आ रहे बदलाव के मद्देनजर ओप्पो यहां अगली पीढ़ी के नवप्रवर्तन मसलन 5जी और इंटरनेट आफ थिंग्स (आईओटी) पर ध्यान दे रही है।ओप्पो इंडिया के उपाध्यक्ष (शोध एवं विकास) तस्लीम आरिफ ने पीटीआई भाषा से कहा, जहां तक 5जी का सवाल है तो भारत एक उल्लेखनीय बाजार है। देश की नयी राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी) में उद्योग और देश के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण दिया गया है।

डिजिटल ढांचे के सृजन का प्रस्ताव

अगली पीढ़ी की डिजिटल सेवाओं को समर्थन के लिए डिजिटल ढांचे के सृजन का प्रस्ताव है। ओप्पो में उसके हैदराबाद के शोध एवं विकास केंद्र में 5जी नेटवर्क के लिए काम पहले ही शुरू हो चुका है। जैसे की पारिस्थितिकी तंत्र तैयार होगा, कंपनी 5जी प्रौद्योगिकी अनुकूल स्मार्टफोन लेकर आएगी।

50 करोड़ उपभोक्ता फीचर फोन का इस्तेमाल करते हैं

ओप्पो इंडिया के उपाध्यक्ष (उत्पाद एवं विपणन) सुमीत वालिया ने कहा, देश में 50 करोड़ उपभोक्ता ऐसे हैं जो फीचर फोन का इस्तेमाल करते हैं। इन लोगों के लिए स्मार्टफोन की ओर आने की संभावना है। 4जी पहुंच और सस्ते उपकरणों तथा सस्ते डेटा की वजह से यह उद्योग लगातार आगे बढ़ेगा।

3 आवासीय परियोजनाओं में निवेश करेगी पूर्वांकर

नई दिल्ली। रियल्टी कंपनी पूर्वांकर लिमिटेड बेंगलुरु, चेन्नई और मुंबई में तीन अल्ट्रा लग्जरी आवासीय परियोजनाएं तैयार करने के लिए अगले चार साल में करीब 850 करोड़ रुपए निवेश करेगी। प्रोविडेंट ब्रांड नाम से किफायती आवास बेचती है।

चॉइस होटल्स देश में 11 नए होटल खोलेगी

मुंबई। अमेरिका की आतिथ्य-सत्कार क्षेत्र की कंपनी चॉइस होटल्स इंटरनेशनल की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी चॉइस होटल्स इंडिया की योजना 2020 में भारत में 11 नए होटल खोलने की है। चॉइस होटल्स इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विलास पवार ने कहा, फिलहाल देशभर में हमारे 32 होटल परिचालन कर रहे हैं। 2020 में हम नए होटल खोलेंगे। मुख्य रूप से ये होटल दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में होंगे।

गूगल के को-फाउंडर हसन ने सस्ते में बेचा अपना रोबोटिक स्टार्टअप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पति-पत्नी के बीच तलाक की प्रक्रिया चल रही है
- पत्नी का आरोप कंपनी को भारी छूट पर बेच दिया

दुनिया का सबसे बड़ा सर्च इंजन गूगल के एक को-फाउंडर स्कॉट हसन और उनकी पत्नी इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज और सर्गी ब्रेन के बारे में जानते हैं जिन्होंने सुंदर पिचाई के लिए गूगल और इसकी मूल कंपनी एल्फाबेट दोनों के सीईओ के रूप में कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त किया। गूगल के तीसरे सह-संस्थापक के तौर पर स्कॉट हसन वैसे तो लगभग भुलाए जा चुके हैं, लेकिन आजकल वह सुर्खियों में हैं, बहरहाल उनके खबरों में रहने की यह वजह कुछ ठीक नहीं है। हसन की पत्नी का उन पर आरोप है कि दोनों के बीच चल रही तलाक की प्रोसिडिंग के बीच उनके पति ने अपने रोबोटिक स्टार्टअप को जानबूझकर एक 'फायर सेल' (जहां भारी छूट पर चीजों की ब्रिकी की जाती है) में बेच दिया है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, डेलावेयर में दर्ज एक शिकायत में एलिसन हुआन ने कहा है कि उनके पति जो टेक्नोलॉजी कंपनी के सीईओ हैं, ने कंपनी की मूल संपत्ति को चार लाख डॉलर में 'न बेचे जाने योग्य' मूल्य पर डेनमार्क स्थित कंपनी ब्लू ओशन को बेच दिया है।

हाईवे निर्माण के लिए ना पैसा की कमी थी और ना होगीः गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि सरकार देश में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के वादे पर अटल है और इसके लिए इस पांच साल के कार्यकाल में हाईवे-सेक्टर में 15 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। एक इंटरव्यू में नए मोटर व्हीकल एक्ट, ई-टोलिंग जैसे अन्य उपकरणों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण में पैसे की ना तो कभी कमी थी और ना ही कभी होगी। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कार्यकाल में 17 लाख रुपए हाईवे और शिपिंग सेक्टर में संयुक्त रूप से खर्च किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में 22 ग्रीन एक्सप्रेस-वे समेत विश्वस्तरीय सड़कों के निर्माण में आने वाले 5 सालों में हाईवे सेक्टर में 15 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि साल 2020 में 12 हजार करोड़ रुपए की लागत वाले चारधाम प्रोजेक्ट को पूरा करना प्रमुख एजेंडा है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला वैलेंटाइन तंत्र मंत्र स्पेशल
घर बैठे 1 घंटे में समाधान
गुरु मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरणी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, कारोबार, तरक्की में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रुकावट सभी समस्या से निराश फोन करें
9818053315
9871929265

ज्योतिष
बाबा खाँन
5 घंटो में समाधान
जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, बी-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा शादी में बाधा, सौतन/दुश्मन से छुटकारा, जादू-टोना
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरणी शादी
दिल्ली
TIME 9 से 6
8171666007

ज्योतिष
पैसा नहीं इनाम लूंगा
गुरु रजा भारती (गोल्डमेडलिस्ट)
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरणी
घर बैठे 5 घंटे में 100% समाधान
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, विदेश यात्रा, तलाक, शादी में बाधा, नौकरी, कारोबार में बाधा, मुकदमा आदि A to Z समस्याओं का तुरंत समाधान। सभी जगह से निराश एक बार फोन करें।
98 97 40 42 73

ज्योतिष
जो काम किसी भी गुरु, मौलवी, ओझा, अघोरी, पंडित, ज्योतिषी से ना होता हो सिर्फ उसी काम के लिए कॉल करें।
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी
India's Famous
सूफी जी
7827540149

विश्वास ही परमात्मा है
सूफी आलम जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण
8800677038
सिकन्दरपुर मेट्रो स्टेशन गुरुग्राम

7 घंटों में काम की गारंटी
गुरु शमर जी बंगाली
17 बार गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. वशीकरण, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, जादू-टोना, कारोबार, विदेश यात्रा में रुकावट, पति-पत्नि में अनबन, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मुठकरणी आदि
A to Z समस्याएँ
TIME 9 से 6
द्वारका मोड़ दिल्ली-110015
9582446005

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नंबर 1
पंडित अर्जुन शर्मा
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरणी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि! हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा।
9012661598
8191087356

ज्योतिष
A to Z Solution
खान साहब जी
6397001080

सूचना

आवश्यकता

☛ भारतीय वन विभाग हेतु 1740/- लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट रहना+खाना+लैपटॉप मुफ्त वेतन 23000 से 35000/- तक सम्पर्क करे- 7348324187, 8112864506

लोन

☛ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं JEEVAN BHARTI FINANCE जनधन योजना के अंतर्गत, होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला, ग्रुपलोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94679-50862

☛ CASHBEEN लेकर आया है सुनहरा मौका लोन का आसान जरिया मात्र पैनकार्ड के मदद से 1% अधिकतम ब्याज में 20,000-200000 तक मात्र 24 घण्टों में केवल प्रोसेसिंग चार्ज 74494-03160, 74494-03157

☛ फाईनेंसः- GAYATRI FINANCE बिजनेस प्रॉपट्री, पर्सनल, होमलोन, एग्रीकल्चर सभी प्रकार के लोन करवायें, 2% ब्याज सालाना, 40% छूट (BPL + आधारकार्ड + महिलाओं को विशेषछूट) (धोखेबाजों से सावधान NO. 1 कम्पनी) मो. 70410-64137

चिकित्सा

शराब छुड़वायें
हमेशा के लिए
दुर्गा आयुर्वेदा
9717630680
9917617243

टिकाऊ उपभोक्ता उद्योग की 2019 में अच्छी वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टिकाऊ उपभोक्ता क्षेत्र के लिए यह साल कुल मिलाकर अच्छा रहा। वृद्धि के लिहाज से करीब दो साल स्थिर रहने के बाद 2019 में यह क्षेत्र वृद्धि के रास्ते पर लौटा है। हालांकि आर्थिक नरमी को देखते हुए अगला साल चुनौती भरा हो सकता है। टिकाऊ उपभोक्ता क्षेत्र 2018-19 में करीब 76,400 करोड़ रुपए का था और 2019 में इसमें लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसकी वजह गर्मी की लंबी अवधि के कारण एसी और रेफ्रिजरेटर जैसे उत्पादों की मांग में वृद्धि है।

- अगले साल दिख सकता है आर्थिक नरमी का असर

हालांकि उद्योग के समक्ष टेलीविजन पैनल और माइक्रोवेव जैसे खंडों में चुनौतियां बनी हुई हैं। इन क्षेत्रों का 2019 के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं हुआ। हालांकि, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेस मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीईएमए) को उम्मीद है कि अगले साल भी चीजों को ठंडा रखने वाले (कूलिंग) उत्पादों की मांग अच्छी रहेगी।

पांच साल में विनिर्माताओं ने 7,500 करोड़ का निवेश किया : नंदी ने कहा, 'पिछले पांच साल में विनिर्माताओं ने करीब 7,500 करोड़ रुपए निवेश किए। ये निवेश मुख्य रूप से क्षमता विस्तार और नई क्षमता विकास के लिए किए गए। आगे भी यह प्रवृत्ति बनी रह सकती है।

सीईएमए के अध्यक्ष और गोदरेज एप्लायंसेस बिजनेस के प्रमुख तथा कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा, मौजूदा अनुमान को देखते हुए 2020 में अच्छी वृद्धि की संभावना नहीं है लेकिन मौसम महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। लंबे समय तक गर्मी रहने से ठंडा रखने वाले उत्पादों की मांग को गति मिल सकती है। टिकाऊ उपभोक्ता उद्योग को 2019 में टीवी पैनल पर सीमा शुल्क में कटौती समेत अन्य कदमों से कई प्रोत्साहन मिले।

कल-पुर्जों का स्थानीय उत्पादन बढ़ रहा

इसी प्रकार की राय जाहिर करते हुए पैनासोनिक इंडिया तथा दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनीष शर्मा ने कहा कि अंतिम रूप से उत्पाद तैयार करने में उपयोग कल-पुर्जों का स्थानीय उत्पादन बढ़ने जा रहा है। इसका कारण नया शुल्क ढांचा है।

देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर में 2.8 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर में 2.8 प्रतिशत घटकर 89.34 लाख टन रहा। यह लगातार दूसरा महीना है जब कच्चे इस्पात का उत्पादन कम हुआ है। विश्व इस्पात संघ (वर्ल्डस्टील) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पिछले साल नवंबर में कच्चे इस्पात का उत्पादन 91.92 लाख टन था। वैश्विक संगठन के अनुसार भारत में अक्टूबर 2019 में कच्चे इस्पात का उत्पादन 3.4 प्रतिशत घटकर 90.89 करोड़ टन था।

एक साल पहले इसी महीने में उत्पादन 94.08 करोड़ टन था। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर इस्पात उत्पादन भी नवंबर महीने में एक प्रतिशत कम होकर 14.78 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले इसी महीने में यह 14.94 करोड़ टन था। हालांकि दुनिया के सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश चीन का उत्पादन बढ़ा है।

सार्वजनिक सूचना

खबर संक्षेप



लुवांग ने जीता दूसरा बीडब्लूएफ खिताब

ढाका। भारत के मेइराबा लुवांग ने अपनी शीर्ष वरीयता के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां बांग्लादेश जूनियर इंटरनेशनल सीरीज 2019 खिताब अपने नाम किया। इस तरह उन्होंने दो महीने में दूसरी ट्राफी जीती। उन्होंने पिछले महीने वोनचियोन योनेक्स कोरिया जूनियर ओपन इंटरनेशलन चैलेंज में लड़कों का एकल अंडर-19 खिताब जीता था। शीर्ष वरीय मेइराबा ने 38 मिनट में जीत हासिल की। मणिपुर के इस खिलाड़ी ने केन योंग ओंग को 21-14 21-18 से शिकस्त दी। मेइराबा ने सेमीफाइनल में एक और मलेशियाई एम फाजरिक मोहम्मद रिजवी को हराया था। वह मुख्य ड्रा में पांच में से एक भारतीय थे।

भविष्य में मिलेंगे भारत को ओलंपिक पदक

गुवाहाटी। विश्व चैंपियनशिप में दो बार कांस्य पदक जीतने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा कि खेलो इंडिया युवा खेलों से भविष्य में ओलंपिक पदकधारी

निकलेंगे। बोरगोहेन ने कहा कि खेलो इंडिया युवा खेल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा मंच है जिनका आयोजन यहां 10 से 22 जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'असम के लिए खेलो इंडिया युवा खेलों की मेजबानी करना बहुत बड़ा मौका है। यह राज्य के लिए सम्मान की बात है। ऐसे काफी एथलीट होंगे जो इन खेलो इंडिया युवा खेलों की वजह से 2024 ओलंपिक में पदक जीतेंगे।'

टीआरएयू ने आई लीग में पहला अंक हासिल किया

इम्फाल। पदार्पण कर रहे टिडिम रोड एथलेटिक यूनियन (टीआरएयू) एफसी ने रविवार को यहां रीयल कश्मीर एफसी से 2-2 से ड्रा खेलकर आई लीग फुटबाल प्रतियोगिता में अपना पहला अंक



हासिल किया। रीयल कश्मीर की टीम हाफ टाइम तक 1-0 से बढ़त बनाए थी लेकिन घरेलू टीम ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए श्रीनगर की टीम को अंक बांटने पर मजबूर कर दिया। घरेलू टीम के लिए नाईजीरिया के एमेका प्रिंसविल और पैट्रिक उचे ने एक एक गोल किये जबकि मेहमान टीम के लिए मेसन रोबर्टसन ने दो गोल दागे।

रियल कश्मीर करेगा बड़े खेल मुकाबले की मेजबानी

नई दिल्ली। रियल कश्मीर गत चैंपियन चेन्नई सिटी एफसी के खिलाफ 26 दिसंबर को सत्र का पहला घरेलू आईलीग मैच खेलेगा।

कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद घाटी में यह पहला बड़ा खेल मुकाबला है। धारा 370 को रद्द करने और इसके बाद घाटी में बंद जैसे हालात के कारण सुरक्षा चिंताएं थी लेकिन रियल कश्मीर ने तब से विस्तृत इंतजाम किए हैं जिससे मेहमान टीमों का डर दूर हुआ है। आरकेएफसी के उपाध्यक्ष समर्थ चट्टू ने कहा, 'हम घरेलू दर्शकों के सामने गत चैंपियन टीम की मेजबानी को लेकर उत्सुक हैं। मुझे यकीन है कि यह मैच घाटी के फुटबाल प्रशंसकों के लिए शानदार होगा।'

विश्व कप विजेता फुटबालर इंग्लैंड के पीटर्स का निधन

लंदन। विश्व कप 1966 के फाइनल में पश्चिम जर्मनी के खिलाफ इंग्लैंड की तरफ से दूसरा गोल दागने वाले अपने जमाने के दिग्गज फुटबालर मार्टिन पीटर्स का लंबे समय तक अलजाइमर की बीमारी से जूझने के बाद शनिवार को निधन हो गया। वह 76 साल के थे। वेस्ट हैम ने पीटर्स के निधन की घोषणा की। वह इस क्लब के तीन दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल थे।

वनडे : कोहली ने 85, लोकेश ने 77 और रोहित ने 33 रन बनाए

भारत ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराकर श्रृंखला जीती

एजेंसी ▶▶| कटक

कप्तान विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने विषम परिस्थितियों से उबरते हुए तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत ने लगातार 10वीं द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीती। वेस्टइंडीज के 316 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कोहली (85) के अलावा सलामी बल्लेबाजों लोकेश राहुल (77) और रोहित शर्मा (33) के अर्धशतकों से 48.4 ओवर में छह विकेट पर 316 रन बनाकर जीत दर्ज की।

कोहली ने रविंद्र जडेजा (नाबाद 39) के साथ छठे विकेट के लिए 58 रन जोड़े जबकि राहुल और रोहित ने पहले विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने छह गेंद में नाबाद 17 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वेस्टइंडीज ने निकोलस पूरन (89) और कप्तान कीरोन पोलार्ड (नाबाद 74) के तूफानी अर्धशतक और दोनों के बीच पांचवें विकेट की 16 . 2 ओवर में 135 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 315 रन बनाए। पूरन ने 64 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के मारे जबकि पोलार्ड ने 51 गेंद का सामना करते हुए सात छक्के और तीन चौके जड़े। शाई होप (42) और रोस्टन चेज (38) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को राहुल और रोहित की सलामी जोड़ी ने एक बार फिर शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने शेल्डन कोटरेल का पहला ओवर मेडन खेला लेकिन इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में दो चौके मारे। राहुल ने जेसन होल्डर पर चौके से खाता खोला जबकि रोहित ने भी इस तेज गेंदबाज के ओवर में चौका और छक्का जड़ा। राहुल ने कीमो पाल पर चौके के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया और फिर 16वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

होप 3000 रन सबसे तेज पूरे करने वाले दूनिया के दूसरे बल्लेबाज

वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शाई होप ने अपने 3000 वनडे इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए हैं। वह सबसे तेज 3000 वनडे रन पूरे करने वाले वेस्टइंडीज के पहले व दूनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इस रिकॉर्ड को बनाते हुए उन्होंने विंडीज के विवियन रिचर्ड्स समेत कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। बता दें कि वनडे में सबसे तेज 3000 वनडे रन दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला ने बनाए हैं। यह कमाल करने के लिए उन्होंने 57 पारियों का सहारा लिया था। वहीं, शाई होप ने यह कमाल 67 पारियों में कर दिया। इस मामले में पाकिस्तान के बाबर आजम (68 पारी) तीसरे नंबर पर हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की तरफ से पूर्व महान खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स ने 69 पारियों में, जबिक ब्रायन लारा ने 79 पारियों में अपने 3000 वनडे रन हजार रन पूरे किए थे।

पाकिस्तान का वर्ल्ड रिकॉर्ड चार बल्लेबाजों के शतक

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में विश्व कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है। कराची में चल रहे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में पाकिस्तान के शुरुआत के चारों बल्लेबाजों ने शतक जड़ दिए।

- मसूद (135), आबिद (174), अजहर (118) और आजम (100*)ने ठोके शतक

इसी के साथ उन्होंने भारत के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली, साथ ही पारी के आधार पर नया इतिहास भी रच दिया। पाकिस्तान की तरफ से दूसरी पारी में शान मसूद ने (135), आबिद अली (174), अजहर अली (118) और बाबर आजम ने नाबाद 100 रन बनाए। पाकिस्तान अब पहली ऐसी टीम बन गई है जिसके शुरुआती चार बल्लेबाजों ने टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शतक जड़े हैं। वहीं पकिस्तान ने भारत के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है जिसमें भारत के शुरुआती चार बल्लेबाजों ने शतक जड़े थे। भारत ने यह विश्व कीर्तिमान साल 2007 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में बनाया था।

पाकिस्तान श्रृंखला जीतने से तीन विकेट दूर

श्रीलंकाई सलामी बल्लेबाज ओशादा फर्नांडो के पहले शतक ने पाकिस्तान का रविवार को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत का इंतजार बढ़ा दिया जिसके लिए उसे अब केवल तीन विकेट की दरकार है। पाकिस्तान ने श्रीलंका को जीत के लिए 476 रन का लक्ष्य दिया और श्रीलंका ने इसके जवाब में 97 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। लेकिन इसके बाद ओशादा और डिकवेला ने छठे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाई। नसीम ने 31 रन देकर तीन विकेट चटकाए। स्टंप तक श्रीलंका ने सात विकेट पर 212 रन बना लिए थे। ओशादा 102 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे और उन्हें जीत के लिए 264 रन चाहिए जो असंभव है।

मार्शल की याद दिलाते हैं शमी: गावस्कर

कटक। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रविवार को कहा कि मोहम्मद शमी कई बार उन्हें वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज मैलकम मार्शल की याद दिलाते हैं। वेस्टइंडीज के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक मार्शल के साथ तुलना से निश्चित तौर पर भारत के इस सीनियर तेज गेंदबाज का मनोबल बढ़ेगा जिसने पूरे सत्र के दौरान अपनी तेजी, स्विंग और उछाल से विरोधी बल्लेबाजों को परेशान किया। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं कि शमी 2019 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 42 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे और गावस्कर भी इस 28 वर्षीय तेज गेंदबाज की तारीफ करने से पीछे नहीं हटे। गावस्कर से जब यह पूछा गया कि उनका पसंदीदा भारतीय तेज गेंदबाज कौन है तो उन्होंने शमी का नाम लिया।

ला लिगा : बार्सिलोना ने अलवेस को दी 4-1 से करारी शिकस्त

50 गोल के साथ मेस्सी ने किया साल का अंत, नौंवी बार किया यह कारनामा

एजेंसी : मैड्रिड

लियोनेल मेस्सी के शानदार प्रदर्शन से बार्सिलोना ने अलवेस को 4-1 से करारी शिकस्त देकर क्रिसमस की छुट्टियों से पहले ला लिगा फुटबॉल टूर्नमेंट में शीर्ष पर काबीज हो गई है। लियोनेल मेस्सी ने लगातार छह साल 50 गोल किए हैं और नौवीं एक साल में 50 गोल दागे हैं।

सेविले ने रियल मालोरका पर 2-0 की जीत से 34 अंकों के साथ अपना तीसरा स्थान सुरक्षित किया। फ्रांस के विश्व कप विजेता एंटोनी ग्रीजमैन ने 14वें मिनट में मेस्सी की मदद से गोल किया। चिली के फॉरवर्ड अर्तुरो विडाल ने 45वें मिनट में

दूसरा गोल करके बार्सिलोना को 2-0 से आगे रखा। पियरे पोन्स ने 56वें मिनट में अलवेस की तरफ से गोल दागा। मेस्सी ने इसके बाद 69वें मिनट में चार रक्षकों को छकाकर खूबसूरत गोल किया जबकि लुई ने 75वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला।

मेस्सी के गोल

वर्ष	गोल
2010	60
2011	59
2012	91
2013	45
2014	58
2015	52
2016	59
2017	54
2018	51
2019	50

नडाल चैंपियन...

अबुधाबी। स्पेन के राफेल नडाल (दाएं) ने अबु धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में शनिवार को मुबाडाला विश्व टेनिस चैंपियनशिप का फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाए।

गांगुली और तेंदुलकर ने बेहतर गेंदबाजों का सामना किया: चैपल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विराट कोहली और रोहित शर्मा एक जोड़ी के रूप में रनों का अंबार लगा रहे हैं लेकिन जब उच्चस्तर के तेज गेंदबाजों का सामना करने की बात आती है तो पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल का मानना है कि सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली की जोड़ी के सामने चुनौती अधिक कड़ी थी।

चैपल ने अपने कालम में लिखा, 'यह तर्क दिया जा सकता है कि कोहली और शर्मा भारत के सर्वश्रेष्ठ एकिदवसीय बल्लेबाज हैं। उन्हें चुनौती देने वालों में सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली की जोड़ी होगी जिन्होंने 15 वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों को परेशानी में रखा।' चैपल ने इसके बाद उदाहरण देकर समझाया है कि गांगुली-तेंदुलकर के समय में कैसे प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय टीम के पास दो अच्छे तेज गेंदबाज थे। उन्होंने लिखा, 'उन्होंने (तेंदुलकर-गांगुली) ने अपना अधिकतर समय सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी जोड़ियों के सामने पारी का आगाज करते हुए बिताया। पाकिस्तान के वसीम अकरम और वकार यूनिस, वेस्टइंडीज के कर्टली एंब्रोस और कर्टनी वाल्श, आस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा और ब्रेट ली, दक्षिण अफ्रीका के एलन डोनाल्ड ओर शॉन पोलाक, श्रीलंका के लेसिथ मलिंगा और चमिंडा वास का सामना करते हुए किसी भी बल्लेबाज के कौशल की असली परीक्षा होती है।'

धोनी अपनी धीमी बल्लेबाजी की वजह से रहे आलोचकों के निशाने पर

सबसे बड़ा सस्पेंस : धोनी की संन्यास या वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को दो-दो वर्ल्ड कप जिताने वाले पूर्व कप्तान और अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करेंगे या फिर संन्यास लेंगे, यह इस साल का सबसे बड़ा चर्चा का विषय रहा है।

- कोच रवि शास्त्री ने महेंद्र सिंह धोनी की वापसी के संकेत दिए

वर्ल्ड कप-2019 के दौरान धोनी अपनी धीमी बल्लेबाजी की वजह से आलोचकों के निशाने पर रहे। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में रन आउट हो गए थे, जिसके बाद ही भारत की उम्मीदों पर पानी फिर गया था। टीम इंडिया के वर्ल्ड कप से बाहर हो जाने के बाद धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक

ले लिया। वह वर्ल्ड कप के बाद से किसी भी इंटरनेशनल क्रिकेट सीरीज का हिस्सा नहीं रहे। माना जा रहा था कि महेंद्र सिंह धोनी 2019 क्रिकेट वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यहां तक की टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री ने महेंद्र सिंह धोनी की वापसी के संकेत दिए हैं। हाल ही में शास्त्री ने कहा था कि धोनी का ब्रेक लेना समझदारी भरा है। मुझे उस समय का इंतजार है जब वह दोबारा खेलना शुरू करेगा (आईपीएल के आसपास)। मुझे नहीं लगता कि वह वनडे क्रिकेट में खेलने को लेकर अधिक उत्सुक है। वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुका है. टी-20 विकल्प है. यह प्रारूप पूरी तरह से उसके अनुकूल है। लेकिन क्या उसका शरीर कड़ी चुनौतियों का सामना करना पाएगा, इसका जवाब वही दे सकता है।

धोनी की 2019 में बेहद खराब रहा फार्म

बता दें कि वर्ल्ड कप 2019 में महेंद्र सिंह धोनी का फॉर्म बेहद खराब रहा। 38 वर्षीय धोनी ने वर्ल्ड कप 2019 में खेले 9 मैचों की 8 पारियों में 45.50 की औसत से 273 रन बनाए, जिसमें 2 अर्धशतक शामिल रहे। इस दौरान धोनी को अपनी धीमी बल्लेबाजी के लिए भी आलोचना झेलनी पड़ी थी। वर्ल्ड क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी इकलौते ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने आईसीसी की तीन बड़ी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। धोनी की कप्तानी में भारत आईसीसी वर्ल्ड टी-20 (2007), क्रिकेट वर्ल्ड कप (2011) और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी (2013) का खिताब जीत चुका है। इसके अलावा भारत 2009 में पहली बार टेस्ट में नंबर एक बना था।

ट्राफी नहीं, स्थाई विरासत कायम करना है मेरी प्रेरणा

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

नोवाक जोकोविच ने कहा कि अपने करियर के इस दौर में उनकी प्रेरणा का मुख्य स्त्रोत मैच या ट्राफी जीतने की कोशिश करने के बजाय स्थाई विरासत कायम करना है। सर्बिया के इस दिग्गज ने एक साथ चार ग्रैंडस्लैम जीतने का कारनामा करने के बाद स्वीकार किया था कि 2016 के मध्य से लेकर 2018 के शुरुआती महीनों के बीच उनमें उत्साह की कमी थी। जोकोविच ने हालांकि अपनी खोई ऊर्जा फिर से हासिल की और फिर चार ग्रैंडस्लैम जीते।

वह अभी तक 16 ग्रैंडस्लैम जीत चुके हैं। जोकोविच ने कहा, 'आपको किसी भी स्त्रोत से लगातार ऊर्जावान बने रहने की जरूरत होती

है। यह स्त्रोत कुछ भी हो सकता है। मेरा मानना है कि यह हमेशा ही उस उद्देश्य और कारण का पता करने से जुड़ा है जिसके लिए आप वास्तव में खेल रहे हो। मेरे लिए विशेषकर पिछले दो वर्षों से यह टेनिस मैच या ट्राफी जीतने से नहीं जुड़ा है।

खबर संक्षेप



शिकागो में फायरिंग, 13 लोग घायल

शिकागो। अमेरिका के शिकागो में अंधाधुंध फायरिंग की खबर आ रहा है। गोलीबारी की इस घटना में 13 लोगों को गोली लगी है। जिसमें चाल लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने एसोसिएटेड प्रेस का हवाला देते हुए कहा है कि वहां की पुलिस ने बताया है कि एक हाउस पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई जिसमें 13 लोगों को गोली लगी है, चार की हालत गंभीर है। हालांकि इस संबंध में अभी तक पूरी जानकारी सामने नहीं आई है।

बांग्लादेश में संक्रमण से 16 लोगों की मौत

ढाका। बांग्लादेश में सांस लेने संबंधी संक्रमण की वजह से बीते दो महीने में 16 लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चटगांव में इस संक्रमण की वजह से अब तक 11 लोगों की मौतें हुई है, जो बांग्लादेश के अन्य जिलों की तुलना में सबसे ज्यादा है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) ने एक बयान में कहा कि इस रोग की वजह से एक नवंबर से 20 दिसंबर के बीच समूचे बांग्लादेश में 16 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस संक्रमण के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कदम उठाए हैं।

अमेरिका में आग से छह लोगों की मौत

लास वेगास। अमेरिका के लास वेगास में तीन मंजिले अपार्टमेंट में शनिवार को आग लग जाने से छह लोगों की जान चली गई जबकि कई लोग धुंए से बचने के लिए ऊपर से कूद गए। जांचकर्ताओं ने बताया कि लास वेगास के टूरिस्टी फ्रीमोंट स्ट्रीट जिले से कुछ ही दूरी पर इस अपार्टमेंट के प्रथम तल के स्टोव से आग लग गई। लोग उष्मा के लिए स्टोव का उपयोग करते हैं। अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता टिम जीमांस्की ने बताया कि मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया और खिड़कियां से पहले से ही कूद रहे या लटके हुए लोगों को बचाना शुरू किया। उन्होंने कहा कि पहली चीज जो आप सोचते हैं: हमें लोगों को बचाना है। 16 फुट ऊंचा या उससे अधिक ऊंचा घातक हो सकता है। उन्होंने बताया कि 13 लोग घायल हो गये। उनमें से ज्यादातर धुंए की वजह से अस्वस्थ हैं। कई घायलों को फ्रैक्चर हो गया है।

अमेरिका में मालगाड़ी के सात डिब्बे बेपटरी, दो डिब्बे नदी में गिरे

हार्पर्स फेरी। पश्चिमी वर्जीनिया में हार्पर्स फेरी के पास पोटोमेक नदी पार करते वक्त एक मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए और दो डिब्बे नदी में गिर गए। सीएसएक्स ट्रांसपोर्टेशन ने एक बयान में कहा कि शनिवार सुबह ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। बयान में कहा गया है कि सभी डिब्बे खाली थे।

फ्रांस, स्पेन और पुर्तगाल में तूफान का कहर

एल्सा और फैबियन तूफान से आठ लोगों की मौत, 18 हजार घरों में बिजली आपूर्ति ठप

फ्रांस में रेल नेटवर्क ने बोर्डेक्स, टाउलिज और हेन्डेय के बीच ट्रेन सर्विस रद्द कीं

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

स्पेन, फ्रांस और पुर्तगाल में एल्सा और फैबियन तूफान के कारण भारी क्षति हुई है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक,रविवार तक आठ लोगों की मौत हो चुकी थी। इनमें छह लोगों की स्पेन में और दो की मौत पुर्तगाल में हुई। तूफान पिछले दो दिनों में ज्यादा तेज हुआ, जिसके असर से तेज हवाएं चलीं और मूसलाधार बारिश हो रही है। कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए।

■ कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए

कई रुट पर ट्रेनें रद्द कर दी गईं और 18 हजार घरों की बिजली प्रभावित हुई। एल्सा तूफान ने दक्षिण यूरोपीय देशों में इस सप्ताह के शुरुआत में दस्तक दी थी। जब एल्सा का असर कम हुआ और यह ब्रिटेन की ओर बढ़ गया, तभी दूसरा तूफान फैबियन आया। फैबियन के कारण उत्तर पश्चिम स्पेन में हवा की रफ्तार 170 किमी. प्रति घंटे तक पहुंच गई। फ्रांस में इसके असर से 120 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। इसके बाद वहां 12 विमानों की उड़ानें रद्द करनी पड़ी और 13 फ्लाइट के रुट में बदलाव किया गया।

पिछले दो दिनों में और तेज हुआ तूफान

रेड अलर्ट जारी, कई सड़कों पर जलजमाव

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेन के गैलिशिया में पावर लाइनें क्षतिग्रस्त होने से 8,000 घरों में बिजली नहीं पहुंच रही है। राष्ट्रीय मौसम कार्यालय ने तेज समुद्री लहरों और थपेड़ों के कारण गैलिशिया और ऑस्ट्रियाज के तटवर्ती क्षेत्रों में रेड अलर्ट जारी किया है। पेड़ गिरने के कारण मैड्रिड के पांच सिटी पार्क भी बंद कर दिए गए। यहां पर कई सड़कों पर जलजमाव हो गया। स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए। पिछले एक हफ्ते में इमर्जेंसी की करीब 1000 घटनाएं दर्ज की गईं।

फ्रेंच मेडिटेरैनियन आईलैंड के अधिकारियों ने सभी एयरपोर्ट से विमान सेवाएं रोक दी



सड़कों पर वाहनों को जाने की अनुमति नहीं

फ्रांस के मौसम कार्यालय ने देश के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में 14 स्थानों पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बोर्डेक्स के पार्क और कब्रिस्तान बंद कर दिए गए हैं। यहां के एसएनसीएफ रेल नेटवर्क ने बोर्डेक्स, टाउलिज और हेन्डेय के बीच ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया है। फ्रेंच मेडिटेरैनियन आईलैंड के अधिकारियों ने सभी एयरपोर्ट से विमान सेवाएं रोक दी है। यहां के रॉन-आल्पस क्षेत्र के करीब 10,000 घरों में बिजली आपूर्ति रोक दी गई है। द्वीपों तक जाने वाली सड़कों पर भी वाहनों को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है

फ्रांस में परिवहन हड़ताल के चलते यात्री परेशान

18 दिन से चल रही परिवहन हड़ताल

पेरिस। फ्रांस में पेंशन सुधारों को लेकर 18 दिन से चल रही परिवहन हड़ताल की वजह से रविवार को छुट्टियां मनाने जा रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को छुट्टियों को लेकर एक अपील जारी की, लेकिन सरकार और श्रमिक संघों के बीच इस सप्ताह हुई वार्ता गतिरोध को कम करने में विफल रही है और श्रमिक संघों के नेताओं ने फिर से हड़ताल का आह्वान किया है। एसएनसीएफ और आरएटीपी सार्वजनिक रेल कंपनियों के श्रमिकों ने एकल अंक-आधारित पेंशन योजना बनाने की सरकार की योजना के विरोध में हड़ताल शुरू की है। फिलहाल आइवरी कोस्ट की यात्रा पर गये मैक्रों ने हड़ताली श्रमिकों से जिम्मेदारी की भावना प्रदर्शित करने की अपील की है।

अपनी किताब के जरिए भारतीय-अमेरिकियों से जुड़ेंगे जूनियर ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर अपनी किताब का प्रचार करने के लिए अगले साल कई शहरों में जाकर भारतीय-अमेरिकी समुदाय से मुलाकात करेंगे। नवंबर की शुरुआत में आई 'ट्रिगर्ड' नाम की यह किताब न्यूयॉर्क टाइम्स की सबसे अधिक बिकने वाली किताबों की सूची में शुमार है। आयोजकों ने कहा कि ट्रंप जूनियर सितंबर में ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में अपने पिता को मिली शानदार प्रतिक्रिया से काफी प्रभावित हैं और किताब का प्रचार करने की यह यात्रा उस साल में शुरू हो रही है, जब अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं।



अभी इस यात्रा का कार्यक्रम तय नहीं हुआ है लेकिन वैश्विक रियल एस्टेट निवेशों और शैक्षिक संस्थान अल मैसन पर न्यूयॉर्क स्थित सलाहकार ने बताया कि अगले कई महीनों में उनकी योजना ऐसे लगभग सभी प्रमुख शहरों और राज्यों में जाने की है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने की पेलोसी की निंदा

वेस्ट पाम बीच। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिनिधि सभा की प्रमुख नैन्सी पेलोसी पर आरोप लगाया है कि वह महाभियोग के लिए उन पर लगाए गए आरोपों को सीनेट को भेजने में देरी कर रही हैं, जिससे रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत वाले सदन में इसकी सुनवाई में देरी होने की आशंका है। 'टर्निंग प्वाइंट यूएसए' द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में ट्रंप ने कहा कि यह उचित नहीं है। वे संविधान का उल्लंघन कर रहे हैं। पेलोसी ने अभी तक महाभियोग के आरोपों संबंधी जानकारी सीनेट को नहीं भेजी है।

हांगकांग प्रदर्शनकारियों ने उइगर अल्पसंख्यकों के साथ दिखाई एकजुटता

हांगकांग। हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों ने रविवार को चीन के उइगर अल्पसंख्यकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए रैली की। उन्होंने अपनी दशा को वहां दमन का सामना करने वाले मुस्लिम अल्पसंख्यकों की स्थिति जैसा बताया।

रैली के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने एक सरकारी भवन के पास से एक चीनी ध्वज उतार दिया, जिसके बाद दंगा नियंत्रण पुलिस हरकत में आ गई और भीड़ को तितर-बितर कर दिया। उल्लेखनीय है कि चीन अपने करीब 10 लाख उइगर और ज्यादातर मुस्लिम जातीय अल्पसंख्यकों को उत्तर-पश्चिमी प्रांत शिंजियांग में हिरासत केंद्रों में रखने को लेकर अंतरराष्ट्रीय निंदा का सामना कर रहा है।

हालांकि, बीजिंग ने शुरूआत में शिंजियांग शिविरों के अस्तित्व को खारिज कर दिया था लेकिन अब उसका कहना है कि ये व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र हैं जो आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए जरूरी हैं। शिंजियांग के ज्यादातर हिस्से में कड़ी निगरानी और हिरासत केंद्रों की व्यवस्था पर हांगकांग करीबी नजर रखे हुए है।

फ्रांस के राष्ट्रपति बोले

उपनिवेशवाद एक 'गंभीर गलती' थी

अबिदजान। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने पश्चिमी अफ्रीका में पूर्व फ्रांसीसी उपनिवेश आइवरी कोस्ट की यात्रा के दौरान 'उपनिवेशवाद को एक गंभीर गलती ' बताते हुए 'अतीत के पन्ने पलटने' की अपील की। आइवरी कोस्ट के मुख्य शहर अबिदजान में मैक्रों ने कहा कि फ्रांस को अक्सर एक 'आधिपत्यवादी दृष्टिकोण और उपनिवेशवाद के जाल के रूप में देखा जाता था जो एक गंभीर गलती थी।' उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसी पीढ़ी से आता हूं जो औपनिवेशिक युग का हिस्सा नहीं है। मैक्रों ने कहा कि अफ्रीकी महाद्वीप एक नया महाद्वीप है। राष्ट्रपति ने अफ्रीकी युवाओं से फ्रांस के साथ दोस्ती की नई साझेदारी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे तीन-चौथाई देश को उपनिवेशवाद के बारे में कुछ नहीं पता।

दो दिन में सीरिया से तुर्की पहुंचे 25 हजार लोग

एजेंसी ▶▶| दमिश्क

सीरिया के इदलिब प्रांत में हवाई हमले तेज होने के बाद पिछले दो दिनों में 25 हजार लोग भागकर पड़ोसी मुल्क तुर्की पहुंचे हैं। सीरिया की असद सरकार और उसकी सहयोगी रूसी सेना के हवाई हमलों से भयभीत लोग अपना घर-बार छोड़कर पलायन करने को मजबूर हैं। तुर्की में पहले से ही युद्धग्रस्त सीरिया से भागे 37 लाख लोगों ने शरण ले रखी है, जो दुनिया के किसी देश में शरणार्थियों की सबसे बड़ी संख्या है। तुर्की की सरकारी न्यूज एजेंसी के अनुसार, बीते दो माह में इदलिब से पलायन करने वालों की संख्या दो लाख का आंकड़ा पार कर चुकी है।

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस पर चिंता जताते हुए बीते गुरुवार को कहा था कि युद्ध के कारण 50 हजार सीरियाई नागरिक उनके देश की तरफ बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, सीरिया में विद्रोही गुटों के कब्जे वाले इलाके में रूस समर्थित सेना के हमले में इस साल सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है।

सीरिया के चालीस लाख लोगों को मानवीय सहायता एक वर्ष के लिए बढ़ाने के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को रूस और चीन ने वीटो का इस्तेमाल करके रोक दिया है।

फिलहाल सीरिया में मानवीय सहायता संयुक्त राष्ट्र के जांच केंद्रों से होकर पहुंचाई जाती है और इसके लिए बशर अल असद सरकार की अनुमति नहीं लेनी होती है। मौजूदा सुविधा की समय-सीमा अगले वर्ष 10 जनवरी को समाप्त हो रही है।

रिपोर्ट में हुआ खुलासा

पादरियों ने किया 175 बच्चों का यौन शोषण

मैक्सिको सिटी। रोमन कैथोलिक चर्च की अति रूढ़िवादी मैक्सिकन शाखा से जुड़े पादरियों ने करीब 175 बच्चों का यौन शोषण किया।

शनिवार को प्रकाशित एक आंतरिक रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, लीगनरीज ऑफ क्राइस्ट के संस्थापक मार्शियल मैसिएल ने करीब 60 बच्चों का यौन शोषण किया। वर्ष 1941 के बाद से कुल 33 पादरियों या छोटे पादरियों ने किशोर उम्र के बच्चों का यौन शोषण किया है। रिपोर्ट में 1941 से लेकर 16 दिसंबर 2019 तक के मामलों की जानकारी दी गई है। इस संबंध में एक बयान में कहा गया है कि अधिकतर पीड़ितों में से 11 से 16 वर्ष की आयु के किशोर लड़के हैं। इसमें कहा गया है कि यौन शोषण करने वाले 33 में से 18 पादरी अब भी संगठन का हिस्सा हैं।

एक शोध संस्थान की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

महाराष्ट्र के समुद्र तटों पर कर्नाटक और गोवा के मुकाबले अधिक प्लास्टिक प्रदूषण

शोधकर्ताओं ने भारत के पश्चिमी तट पर 10 समुद्र तटों पर दो साल तक वृहद एवं सूक्ष्म प्लास्टिक संदूषित पदार्थों पर शोध किया

एजेंसी ▶▶| पणजी

महाराष्ट्र के समुद्र तटों पर गोवा और कर्नाटक के समुद्र तटों के मुकाबले अधिक प्लास्टिक प्रदूषण है। यहां एक शोध संस्थान द्वारा किए अध्ययन में कहा गया कि महाराष्ट्र के समुद्र तट सूक्ष्म प्लास्टिक और वृहद प्लास्टिक से अधिक प्रदूषित हैं। इसमें समुद्र किनारे स्थित प्लास्टिक उद्योगों और पर्यटन की बढ़ती गतिविधियों को प्रदूषण के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। गोवा स्थित राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान

(एनआईओ) द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया है कि कर्नाटक और गोवा के मुकाबले महाराष्ट्र के समुद्र तटों पर आने वाली सबसे ऊंची लहर में वृहद और सूक्ष्म प्लास्टिक संदूषित पदार्थ अधिक पाए गए। उसने कहा कि यह दिखाता है कि प्लास्टिक का यह कचरा समुद्री किनारों के समीप स्थित प्लास्टिक उद्योग, बंदरगाह इलाकों, पेट्रोलियम उद्योगों और अधिक संख्या में पर्यटक आने से होता है। यह अध्ययन पिछले सप्ताह नीदरलैंड की पत्रिका 'केमोस्फेयर' में प्रकाशित हुआ।

शोधकर्ताओं ने भारत के पश्चिमी तट पर 10 समुद्र तटों पर दो साल तक वृहद एवं सूक्ष्म प्लास्टिक संदूषित पदार्थों तथा समुद्री जीवों पर उनके जहरीले असर का आकलन किया। एनआईओ के वैज्ञानिक डॉ. महुआ साहा और डॉ. दुष्मंत महाराणा के नेतृत्व वाले अध्ययन में समुद्री पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने के लिए सुझाव दिया गया है कि सरकार एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करने तथा इसे फिर से इस्तेमाल योग्य बनाने के लिए नीतियां बनाए। इसके अलावा निरंतर रूप से सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम चलाए। गौरतलब है कि लंबाई में पांच मिलीमीटर से कम के प्लास्टिक के कणों को 'सूक्ष्म प्लास्टिक' और पांच मिलीमीटर से अधिक के कणों को 'वृहद प्लास्टिक' कहा जाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109